CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :23°C
न्यूनतम: 10°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 25 नवम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 314 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 3 जमादिउलअव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी के 75 जिलों में थाना स्तर पर घुसपैठियों की पहचान के निर्देश
पेज 2



प्रांजलि धूमल ने डेफलंपिक्स में 25 मी. पिस्टल में जीता गोल्ड
खेल टाइम्स



पंचायत चुनाव की सरगर्मी के बीच एसआईआर
सम्पादकीय



परमाणु हथियारों की तस्करी कर रहे थे अब्दुल कादिर
पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### फर्जीवाड़े की शिकायत पर ट्राई ने बंद किए 21 लाख मोबाइल नंबर

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने फर्जीवाड़े की शिकायत पर एक साल में 21 लाख मोबाइल नंबरों और एक लाख इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई की है। ट्राई ने सोमवार को बताया कि स्पैम और फर्जीवाड़े से जुड़े मैसेज भेजने के कारण उसने 21 लाख मोबाइल नंबरों और करीब एक लाख इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए या तो उन नंबरों को बंद या ब्लैकलिस्ट कर दिया है। नियामक ने आम लोगों से फर्जीवाड़े वाले नंबरों की शिकायत ट्राई डीएनडी एप पर करने की अपील की है। उसने कहा है कि स्पैम कॉल या मैसेज वाले नंबरों को फोन में ब्लॉक करने भर से दूसरे लोग उससे सुरक्षित नहीं होते हैं, जबकि एप पर शिकायत करने से उस नंबर पर कार्रवाई कर उसके बंद या ब्लैकलिस्ट कर देने से पूरे समाज की सुरक्षा होती है।

### श्रीनगर में सीजन का सबसे ठंडा दिन, पारा -3.2 डिग्री पहुंचा

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई है। रविवार को पूरी कश्मीर घाटी में न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान -3.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस सीजन का अब तक का सबसे कम था। दक्षिण कश्मीर का शोपियां सबसे ठंडा रहा, जहां पारा -5.1 डिग्री तक गिर गया। दूसरी तरफ, उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम में रविवार को पारा माइनस 16 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इंद्र धारा झरने का पानी जम गया। ठंडी हवाओं के चलते तापमान में गिरावट हुई है। वहीं राज्य के मैदानी इलाकों में कोहरा छाने लगा है। इधर मध्य प्रदेश और राजस्थान में लोगों को सर्दी से राहत मिली है। दोनों राज्यों के ज्यादातर शहरों में रविवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने मप्र-राजस्थान में अगले चार से पांच दिनों तक शीतलहर का अलर्ट जारी नहीं किया है। उधर हरियाणा में रविवार को हिसार सबसे ठंडा रहा, यहां 7.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। यहां रात का पारा सामान्य से 3.4 डिग्री तक नीचे आ गया है।

### इंडिया गेट पर नक्सली हिड़मा के पोस्टर लहराए गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली में इंडिया गेट पर रविवार देर शाम वायु प्रदूषण के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल लोगों ने देश के मोस्ट वांटेड नक्सली कमांडर माड़वी हिड़मा (44) के पोस्टर लहराए। पोस्टरों में हिड़मा की तुलना आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा से की गई। हिड़मा को जल, जंगल और जमीन का रखवाला बताया गया। प्रदर्शनकारियों ने माड़वी हिड़मा अमर रहे, जैसे नारे लगाए। उन्होंने पोस्टरों पर भी माड़वी हिड़मा को लाल सलाम जैसे नारे लिखे थे। एक प्रदर्शनकारी के पोस्टर पर लिखा था कि बिरसा मुंडा से लेकर माड़वी हिड़मा तक, हमारे जंगलों और पर्यावरण का संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान भीड़ की पुलिस से हाथापाई भी हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर मिर्च स्प्रे कर दिया, जिससे तीन-चार पुलिसकर्मी घायल हो गए।



# बॉलीवुड के ही-मैन धर्मेंद्र का निधन

## विले पार्ले श्मशान घाट में हुआ अंतिम संस्कार, पत्नी हेमा और बेटी ईशा थीं मौजूद

**मुंबई।** बॉलीवुड के 'ही-मैन' धर्मेंद्र का सोमवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। धर्मेंद्र ने सोमवार दोपहर अपने घर पर अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे।

उन्होंने 12 नवम्बर को ही ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल से परिवार के कहने पर डिस्चार्ज किया गया था। इसके बाद से घर पर ही उनका इलाज चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार विले पार्ले श्मशान भूमि में हुआ, जिसमें सलमान खान, संजय दत्त, अमिताभ बच्चन, आमिर खान समेत कई



■ अमिताभ, सलमान, शाहरुख खान व संजय दत्त भी पहुंचे

धर्मेंद्र का निधन एक युग का अंत: पीएम मोदी

सेलेब्स पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन को एक युग के अंत का संकेत कहा है। दोपहर में उनके घर के बाहर एम्बुलेंस पहुंची थी और विले पार्ले श्मशान भूमि में सिक्योरिटी बढ़ा दी गई थी। इसके बाद उनका पार्थिव शरीर एम्बुलेंस से श्मशान घाट पहुंचाया गया। दोपहर करीब एक बजे धर्मेंद्र के घर के बाहर एम्बुलेंस पहुंची। घर के बाहर बैरिकेडिंग, सिक्योरिटी बढ़ाई गई। विले पार्ले श्मशान घाट की सिक्योरिटी बढ़ाई गई। धर्मेंद्र कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। 10 नवम्बर को उन्हें सांस लेने में दिक्कत आई थी, जिसके बाद उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती किया गया। इस दौरान उन्हें वैंटिलेटर पर रखा गया। मीडिया में उनके निधन की खबर भी आई, जिसे परिवार ने नकार दिया। 12 नवम्बर को धर्मेंद्र को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया था और डाक्टरों ने घर पर ही उनके आगे के इलाज की बात कही थी। दिवंगत धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि देने के लिए अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनकी बहन शमिता शेट्टी उनके घर पर पहुंचीं। संजय दत्त, धर्मेंद्र के अंतिम संस्कार में शामिल हुए थे। अब उन्होंने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट -**शेष पृष्ठ दो पर**

# 53वें CJI बने जस्टिस सूर्यकांत

## शपथ के बाद भाई-बहन के पैर छुए, पूर्व सीजेआई गवई से गले मिले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जस्टिस सूर्यकांत ने सोमवार को देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में हुए समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने वहां मौजूद बहन और बड़े भाई के पैर छुए। इस कार्यक्रम में उनके परिवार के लोग भी शामिल हुए।

शपथ के बाद सीजेआई सूर्यकांत ने पीएम मोदी समेत अन्य लोगों से मुलाकात की। वे पूर्व सीजेआई बीआर गवई से गले मिले। इस समारोह में ब्राजील समेत सात देशों के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के जज भी राष्ट्रपति भवन पहुंचे। भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में पहली बार किसी सीजेआई के शपथ ग्रहण में इतने बड़े अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी रही। समारोह में भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरिशस, नेपाल और श्रीलंका के मुख्य न्यायाधीश और उनके परिवार के सदस्य भी पहुंचे। इस दौरान पूर्व सीजेआई गवई ने एक नई मिसाल कायम की। शपथ ग्रहण समारोह के बाद उन्होंने अपनी आधिकारिक गाड़ी राष्ट्रपति भवन में ही अपने उत्तराधिकारी जस्टिस सूर्यकांत के लिए छोड़ दी। शपथ के बाद





मोदी-शाह से मिलने पहुंचे, पहली बार सीजेआई के शपथ ग्रहण में इतने बड़े अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी रही

सीजेआई सूर्यकांत राष्ट्रपति मुर्मू के पास पहुंचे और उनका अभिवादन किया। सीजेआई सूर्यकांत ने भाई ऋषिकांत और बहन राजबाला के भी पैर छुए। सीजेआई सूर्यकांत पीएम मोदी, राजनाथ और अमित शाह से मिलने भी पहुंचे। पूर्व वाइस प्रेसिडेंट जगदीप धनखड़ और पूर्व सीजेआई भूषण रामकृष्ण गवई सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में नजर आए। वर्तमान सीजेआई बीआर गवई का कार्यकाल रविवार 23 नवम्बर को खत्म हो गया। उनके बाद अब जस्टिस सूर्यकांत यह जिम्मेदारी संभालेंगे। जस्टिस सूर्यकांत 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे और उनका कार्यकाल लगभग 14 महीने का होगा। सीजेआई सूर्यकांत ने बेंच जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर के साथ कोर्ट रूम नंबर 1 में आधिकारिक कार्यवाही शुरू की। जस्टिस सूर्यकांत अब पांच मेंबर वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के हेड भी होंगे। पांच मेंबर वाला कॉलेजियम जो सुप्रीम कोर्ट के जजों को चुनता है और हाईकोर्ट के जजों के ट्रांसफर पर फैसला करता है, उसमें अब सीजेआई कांत और जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एमएम सुंदरेश शामिल होंगे। तीन सदस्यों वाले कॉलेजियम में, जो हाईकोर्ट के जजों को चुनता है, सीजेआई और जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस बीवी नागरत्ना -**शेष पृष्ठ दो पर**

### दिल्ली दंगा केस: सुप्रीम कोर्ट में दो दिसम्बर तक सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में 2020 के दिल्ली दंगे केस की सुनवाई 2 दिसम्बर तक टल गई है। सोमवार को अदालत का समय खत्म होने की वजह से शरजील इमाम, उमर खालिद समेत मामले में सात आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई नहीं हो पाई। इससे पहले 21 नवम्बर को हुई सुनवाई के दौरान पुलिस ने कहा था कि दिल्ली दंगे अचानक नहीं भड़के थे, बल्कि इन्हें पहले से पूरी योजना बनाकर कराया गया था। पुलिस ने दावा किया था कि दंगों के लिए टेरर फंडिंग की गई और प्रदर्शन को जानबूझकर हिंसक मोड़ दिया गया। दंगों से पहले हुई मीटिंग्स में नॉर्थ ईस्ट को भारत से अलग करने की बात की गई। इस पर कोर्ट ने कहा था कि पुलिस जिन दस्तावेजों और चैट्स का हवाला दे रही है, उन्हें पहले रिकॉर्ड पर रखा जाए, ताकि कोर्ट उन्हें देखकर आगे सुनवाई आगे बढ़ा सके। दरअसल, दिल्ली में फरवरी 2020 में सीएए के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान 23 से 26 फरवरी तक हिंसा भड़क गई थी। जिसमें 53 लोगों की मौत हुई और सैकड़ों घायल हुए थे।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर टला बड़ा विमान हादसा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को बड़ा हादसा होने से बच गया, जब काबुल से आ रही एरियाना अफगान एयरलाइंस की एक फ्लाइट गलती से उस रनवे पर उतर गई, जहां से उसी समय एक अन्य विमान टेक ऑफ कर रहा था। घटना रविवार दोपहर 12:06 बजे की है, लेकिन सोमवार सुबह मीडिया में आई। एक वरिष्ठ डीजीसीए अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, घटना की जांच शुरू कर दी है। दरअसल, एरियाना अफगान एयरलाइंस की ए310 विमान, फ्लाइट एफजी 311 (काबुल से दिल्ली), को रनवे 29एल पर लैंडिंग की अनुमति दी गई थी, लेकिन विमान रनवे 29आर पर उतर गया। फ्लाइट के पायलट इन कमांड ने बताया कि 4 नाटिकल माइल की दूरी पर उनका आईएलएस (इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम) सिग्नल खो गया और विमान दाईं ओर मुड़ गया, जिसके बाद कैप्टन ने विजुअल अप्रोच के आधार पर रनवे 29आर पर लैंडिंग कर दी। आईएलएस एक प्रिसिजन रेडियो नेविगेशन सिस्टम है, जो विमान को रात, खराब मौसम और कम दृश्यता की स्थिति में भी रनवे तक सुरक्षित तरीके से पहुंचाने में मदद करता है। पायलट ने कहा कि 4 एनएम पर आईएलएस सिग्नल खो गया था और विमान दाईं ओर मुड़ा, जबकि एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने पुष्टि की कि एफजी 311 को रनवे 29एल पर लैंडिंग की अनुमति दी गई थी और पायलट ने भी यही पुष्टि की थी।

# भविष्य के युद्ध एक साथ तीनों रणक्षेत्रों में लड़े जाएंगे: जनरल द्विवेदी

**मुंबई।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने जल, थल और वायु सेनाओं में बेहतर तालमेल को सशस्त्र बलों की असली ताकत करार देते हुए कहा है कि भविष्य के युद्ध एक साथ तीनों रणक्षेत्रों में लड़े जाएंगे और ऑपरेशन सिंदूर सेनाओं के बीच एकीकरण का शानदार उदाहरण है।



■ देश में ही विकसित और डिजाइन पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आईएनएस माहे नौसेना के बेड़े में शामिल

जनरल द्विवेदी ने सोमवार को मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में देश में ही विकसित और डिजाइन पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आईएनएस माहे को नौसेना के बेड़े में शामिल किए जाने के अवसर पर आयोजित समारोह में कहा कि आईएनएस माहे का नौसेना के बेड़े में शामिल होना न सिर्फ नौसेना की ताकत को बढ़ाता है, बल्कि यह स्वदेशी प्रौद्योगिकी के बल पर जटिल युद्धपोत को डिज़ाइन करने, बनाने और फील्ड में उतारने की भारत की बढ़ती क्षमता को भी दिखाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस जहाज़ के शामिल होने से भारतीय नौसेना की समुद्र में दबदबा बढ़ाने, तटीय सुरक्षा ग्रिड को मज़बूत करने और तटीय इलाकों में भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने की क्षमता में काफ़ी बढ़ोतरी होगी। तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों की ताकत ज़मीन, समुद्र और हवा में तालमेल में है।

# कर्नाटक सीएम बदलने की अटकलें, गृह मंत्री भी दावेदार

## कांग्रेस अध्यक्ष बोले- हाईकमान करेगा फैसला, भाजपा ने पूछा: कांग्रेस का अध्यक्ष हाईकमान नहीं, तो कौन

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इस मामले में निर्णय पार्टी हाईकमान ही करेगा और इस पर वह कुछ नहीं कहना चाहते। उन्होंने यह टिप्पणी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से शनिवार को हुई उनकी एक घंटे से अधिक की बैठक के बाद की।

खड़गे ने मीडिया के सवालों पर कहा कि जो भी होगा, हाईकमान करेगा। आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। वहीं, खड़गे के बयान पर बीजेपी विधायक सुरेश कुमार ने एक्स पर लिखा कि अगर कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष हाईकमान नहीं है, तो कौन है? इधर, राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने संकेत दिया कि अगर राज्य में नेतृत्व परिवर्तन होता है, तो वे भी सीएम पद की रेस में हैं। हालांकि हाईकमान से सीएम बदलने पर चर्चा नहीं हुई, न ही कांग्रेस विधायक दल में इस पर विचार हुआ। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने सोमवार को चिक्काबल्लापुर



फाइल फोटो

■ डीके शिवकुमार और मुझे, पार्टी हाईकमान के फैसले का पालन करना चाहिए: सिद्धारमैया

में सीएम पद को लेकर चल रही अटकलों पर कहा कि डीके शिवकुमार और मुझे, पार्टी हाईकमान के फैसले का पालन करना चाहिए। हाईकमान जो भी फैसला करेगा, उससे हमें सहमत होना चाहिए। हम पार्टी हाईकमान के फैसले के अनुसार काम करेंगे। सिद्धारमैया ने कहा कि जब हाईकमान ने पांच महीने पहले बैठक की थी, तो उन्होंने कैबिनेट में फेरबदल का निर्देश दिया था। मैंने उनसे कहा था कि हम ढाई साल पूरे होने के बाद ऐसा करेंगे। अब, हम जो भी निर्देश दिए जाएंगे, उसके अनुसार काम करेंगे। सिद्धारमैया के करीबी माने जाने वाले मंत्रियों एच सी महादेवप्पा और के. वेंकटेश ने भी खड़गे से मुलाकात की। महादेवप्पा ने कहा कि कर्नाटक में इस समय सीएम बदलने की कोई स्थिति नहीं है और यदि कभी ऐसा हुआ तो हाईकमान ही फैसला करेगा। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार का 20 नवम्बर को 2.5 साल का कार्यकाल पूरा हुआ है। अब सत्ता संतुलन को लेकर बयानबाजी जारी है। कुछ विधायक जो डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के समर्थक माने जाते हैं, वे दिल्ली जाकर खड़गे से मिले थे। हालांकि शिवकुमार ने ऐसे किसी कार्यक्रम की जानकारी होने से इन्कार किया। सूत्रों के मुताबिक सिद्धारमैया कैबिनेट फेरबदल के पक्ष में हैं। जबकि शिवकुमार चाहते हैं कि पार्टी पहले नेतृत्व परिवर्तन पर फैसला करे। पार्टी के अंदरूनी हलको में यह भी माना जा रहा है कि यदि हाई कमान कैबिनेट विस्तार को मंजूरी देता है, तो इससे सिद्धारमैया के पूरे कार्यकाल (5 साल) तक टिके रहने का संकेत मिल सकता है, जो शिवकुमार की सीएम बनने की संभावनाओं को कम कर देगा। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने 21 नवम्बर को सीएम पद को लेकर चल रही अटकलों को खारिज किया था। शिवकुमार ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया था कि सीएम सिद्धारमैया अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### रंगाई संयंत्र के टैंक में दम घुटने से तीन श्रमिकों की मौत

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिला में औराई थाना क्षेत्र के उगापुर स्थित एक रंगाई संयंत्र के टैंक में जहरीली गैस रिसाव के कारण सोमवार को अपराह्न में तीन श्रमिकों की दम घुटने से मौत हो गई। एक श्रमिकों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के उगापुर स्थित सूर्या कारपेट कंपनी के डाइंग प्लांट के टैंक में सोमवार को दम घुटने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक श्रमिकों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामसूरत यादव (55), शीतला प्रसाद (58), शिवम दुबे (35) और मध्य प्रदेश के सीधी निवासी राजकिशोर तिवारी (50) एक कालीन कंपनी का रंगाई अनुभाग में काम करते थे। चारों सोमवार को टैंक के अंदर रसायन भरने वाली मशीन को ठीक कर रहे थे। इसी दौरान टैंक से निकल रही जहरीली गैस से उनका दम घुटने लगा। गैस रिसाव की जानकारी होते ही कंपनी में हड़कंप मच गया।

### नेहा सिंह राठौड़ की जमानत याचिका खारिज

**लखनऊ।** भोजपुरी लोक गायिका और सोशल मीडिया पर सियासी व्यंग्य के लिए मशहूर नेहा सिंह राठौड़ पर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उनके एक पोस्ट को लेकर देश की संप्रभुता और राष्ट्रीय अखंडता को नुकसान पहुंचाने और पाकिस्तान की तरफ से भारत विरोधी प्रोपेगैंडा में इस्तेमाल किए जाने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। अब हाईकोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अब हजरतगंज पुलिस ने शासकीय अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में रिपोर्ट पेश कर दी है और नेहा की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की है।

# एसआईआर के विवाद पर भाजपा का पलटवार

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ घुसपैठियों के सहारे सत्ता पाने का सपना देखने वालों को मुंह की खानी पड़ेगी: सुधांशु

भारतीय जनता पार्टी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करने वालों को करारा जवाब देते हुए सोमवार को कहा कि घुसपैठियों के सहारे सत्ता पाने का सपना देखने वालों को मुंह की खानी पड़ेगी।

पार्टी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एसआईआर का विरोध करने वाले लोकतंत्र को बंधक बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन देश की जनता उनके मंसूबों को सफल नहीं होने देगी। इस अवसर पर श्री त्रिवेदी ने भाजपा के पूर्व सांसद एवं प्रसिद्ध अभिनेता धर्मेंद्र को भारतीय कला और सिने जगत में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की। भाजपा प्रवक्ता ने झारखंड सरकार के मंत्री इरफान अंसारी के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने कहा था, अगर कोई बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) मतदाता सूची पर कोई जानकारी लेने आए तो उसे बंधक बना लो। त्रिवेदी ने अंसारी के बयान को लोकतंत्र को बंधक बनाने की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि इसी तरह पश्चिम बंगाल में बीएलओ को धमकाने का मामला सामने आया है। त्रिवेदी ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी एसआईआर को लेकर इसी तरह का नजरिया और बयान देकर इसका विरोध कर रही हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव को पारदर्शी बनाने में अगर कोई सबसे बड़ी बाधा है, तो इंडिया गठबंधन और उसके सहयोगी दल के नेता हैं। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद में तृणमूल कांग्रेस के नेता हुमांयू कबीर ने कहा कि वह बाबरी मस्जिद बनवाएंगे, इस पर इंडिया गठंधन की तरफ से किसी तरह की आपत्ति नहीं आई है। त्रिवेदी ने कहा कि एसआईआर पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने भी हर छह माह में मतदाता सूची के संशोधन की बात पर बल दिया था। त्रिवेदी ने कहा कि देश में बंगलादेशी घुसपैठियों का मामला ममता बनर्जी ने 2005 में संसद में उठाया था और उस समय पश्चिम बंगाल में बढ़ते घुसपैठ को लेकर आक्रोश जाहिर किया था। उन्होंने सवाल उठाया कि अब एसआईआर का विरोध करने वाली ममता बनर्जी उस समय सही थीं या अब सही हैं। त्रिवेदी ने कहा कि एसआईआर इसलिए जरूरी है, ताकि कोई घुसपैठिआ भारत की सत्ता को प्रभावित न कर सकें।

# जो मुल्क का दुश्मन, वो हमारा भी दुश्मन: ओवैसी

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ दिल्ली धमाके की घटना के बाद बोले असदुद्दीन

दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुई धमाके की घटना के बाद अब एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि कुछ लोग इतने जालिम हैं कि मदरसे और स्कूल का एक कमरा नहीं बना सकते, फिर भी अमोनियम नाइट्रेट लेकर बैठे हैं।जब हम वतन की मोहब्बत की बात करते हैं, तो मुसलमानों ने जो तालीम और इरादे कायम किए हैं, अगर कोई उसी तालीम के नाम पर बैठकर बम बनाने की साजिश करता है, तो हम उसकी भी मजम्मत करते हैं। जो मुल्क का दुश्मन है, वह हमारा भी दुश्मन है।

ओवैसी ने कहा कि अगर ऐसी हरकतें जारी रहीं, तो हालात और खराब होंगे, लेकिन कुछ लोग यह सोच रहे हैं कि मुसलमानों को दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया जाएगा, यह उनकी भूल है।

उन्होंने कहा कि न तो मुसलमान खत्म होंगे और न ही उनकी पहचान मिटाई जा सकती है। ओवैसी ने कहा कि दिल्ली के हमले में हिंदू भी मारा गया, मुस्लिम भी मारा गया है। जो मुल्क का दुश्मन वो हमारा दुश्मन है। ओवैसी ने कहा कि हम अपनी मस्जिदों को बचाएंगे, तुम एक मस्जिद को शहीद करोगे, तो हम लाखों मस्जिदों को आबाद करेंगे। तुम शरियत पर हमला नहीं कर सकते हो। एक बात लोग नहीं समझते हमारी मस्जिद को शहीद कर दिया गया। ओवैसी ने कहा कि कोर्ट ने कहा कि आस्था के नाम पर आपको मस्जिद नही दी जा सकती है। हमने आज भी कहा कल भी कहेंगे। हम वतन से नफरत नहीं करते हैं। इस वतन को बचाने के लिए हमारे बुजुर्गों ने जो अजीम कुर्बानियां दी, उन्हें याद रखते हुए हमें इस वतन को और मजबूत बनाना है। अगर तुम मुसलमान को दबा रहे, तो तुम भारत को कमजोर कर रहे हो। मस्जिद के खिलाफ फैसला आया, तो हमने क्या कोर्ट में जज पर जूता फेंका था?

# जयंत चौधरी ने वर्ल्डस्किल्स एशिया टीम को रवाना किया

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने वर्ल्ड स्किल्स एशिया प्रतियोगिता 2025 में भाग लेने जा रहे भारतीय टीम को आज रवाना किया। यह प्रतियोगिता 27 से 29 नवम्बर तक चीन के ताइपे में आयोजित की जाएगी।

चौधरी ने कहा कि वर्ल्डस्किल्स एशिया में भाग लेने वाले युवा भारत के 'ग्लोबल स्किल लीडर' बनने की दिशा में एक मजबूत कदम हैं। उन्होंने कहा कि कठोर प्रशिक्षण, विशेषज्ञ मार्गदर्शन एवं मंत्रालय के सहयोग ने प्रतियोगियों को उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया है। वर्ल्डस्किल्स एशिया 2025 में 40 से अधिक देशों के 500 से अधिक प्रतियोगी 38 कौशल श्रेणियों में हिस्सा लेंगे। भारत की ओर से 23 प्रतियोगी और 21 विशेषज्ञों का दल 21 स्किल कैटेगरी में



■ प्रतियोगिता 27 से 29 तक ताइपे में आयोजित की जाएगी

प्रतिस्पर्धा करेगा। यह दल राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के नेतृत्व में तैयार किया गया है। भारतीय प्रतिभागी डिजिटल एवं आईटी टेक्नोलॉजी, मोबाइल रोबोटिक्स, मेकाट्रॉनिक्स, सीएनसी मिलिंग, वेब डेवलपमेंट, ऑटोमोटिव रिपेयर, फैशन टेक्नोलॉजी, ग्राफिक डिजाइन, ब्यूटी थेरेपी सहित कई प्रमुख और उभरती कौशल श्रेणी में अपनी दक्षता दिखाएंगे।

## डीजीपी ने यूपी के सभी 75 जिलों के कप्तानों को जारी किए निर्देश

# थाना स्तर पर अफसर करें घुसपैठियों की पहचान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



अगले 15 दिनों में घुसपैठियों की पहचान और वेरिफिकेशन की रिपोर्ट डीजीपी ऑफिस को सौंपी जाएगी

**लखनऊ।** यूपी के सभी 75 जिलों में बांग्लादेशी, रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान, वेरिफिकेशन के लिए पुलिस महा. निदेशक की तरफ से निर्देश जारी कर दिया गया है। हर जिले में थाना स्तर पर यह काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। निर्देश के मुताबिक अगले 15 दिनों में घुसपैठियों की पहचान और वेरिफिकेशन की रिपोर्ट डीजीपी ऑफिस को सौंपी जाएगी।

पुलिस मुख्यालय से जारी आदेश में प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्त और जिले के कप्तानों को निर्देश दिए हैं कि थाना प्रभारी अपने स्तर से सफाईकर्मियों में से बांग्लादेशी और रोहिंग्या की पहचान करें, जो अरसे से सफाई के काम कर रहे हैं। आदेश में कहा गया है कि दो सप्ताह भर में यह रिपोर्ट मुख्यालय को भेजें, ताकि घुसपैठियों की शिनाख्त की जा सके। पुलिस महानिदेशक के आदेश में बताया गया है कि प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्त और जिला कप्तान अपने-अपने जिलों में थाना स्तर पर नगर निगम, निकाय और नगर पालिका में संविदा, ठेके पर काम कर रहे सभी सफाईकर्मियों का सत्यापन कराएं। उनके सारे दस्तावेजों की जांच करने के साथ ही दो सप्ताह के अंदर रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेजें। इस आदेश के बाद प्रदेश के सभी थानों पर वेरिफिकेशन का काम तेजी से शुरू कर दिया गया है। डीजीपी कार्यालय की तरफ से जारी जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर तंत्र से कुछ गंभीर जानक. ारियां हासिल हुई हैं। इसमें यह बात सामने आई है कि नगर निगम नगरपालिका, निकाय में जो स्फाईकर्मी संविदा पर कार्यरत हैं, उसमें से कुछ बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं, वह अपनी आईडी छुपाकर काम कर रहे हैं। यदि वेरिफिकेशन के दौरान घुसपैठिए मिलेंगे, तो उनके साथ संबंधित अफसरों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

एडीजी लॉ एंड आर्डर अमिताभ यश ने बताया कि सभी जिलों को यह आदेश जारी किया गया है। बांग्लादेशी, रोहिंग्या सभी घुसपैठियों की पहचान और वेरिफिकेशन कराया जा रहा है। हर थाने और हर पुलिस चौकियों पर रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है। पुलिस अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि नगर निगम, नगर निकाय के अधिकारियों से संपर्क करके यह प्रक्रिया पूरी की जाए, ताकि अवैध रूप से सफाईकर्मी बने घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। इसे लेकर इन घुसपैठियों को संरक्षण देने वाले अफसरों व स्थानीय नेताओं की धड़कनें तेज हो गई हैं।

### एलजी ने कमांडो ट्रेनिंग सेंटर का दौरा किया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को यहां सुंजवान स्थित राज्य पुलिस के कमांडो ट्रेनिंग सेंटर (सीटीसी) का दौरा कर विभिन्न विशेषीकृत मॉड्यूल्स पर चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा पाठ्यक्रमों के दौरान आयोजित गतिविधियों की समीक्षा की। उन्हें प्रशिक्षुओं को दी जा रही परिचालन तैयारियों, विशेष रूप से आतंकवाद-विरोधी और सामरिक प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उपराज्यपाल ने सीटीसी में प्रशिक्षण ले रहे जम्मू- कश्मीर पुलिस के जवानों से भी बातचीत की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षण एवं विशेष अभियान) ने प्रशिक्षण के विभिन्न घटकों तथा केंद्र के प्रस्तावित उन्नयन और बुनियादी ढांचे के विस्तार पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उपराज्यपाल के साथ पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात, विशेष महानिदेशक (समन्वय) एसजेएम गिलानी, पुलिस मुख्यालय जम्मू-कश्मीरद्ध गृह विभाग के प्रधान सचिव चंद्राकर भारती और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे।



| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 84900.71 | सोना रु. 122744 | प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) |
| निफ्टी | 25959.50 | चांदी रु. 152971 | प्रति किलो |

## अर्थ व्यापार




# शेयर बाजार: दूसरी बार सेंसेक्स 331 अंक टूटा

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी दिवस पर गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 331.21 अंक (0.39 प्रतिशत) लुढ़ककर 84,900.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 108.65 अंक यानी 0.42 प्रतिशत टूटकर 25,959.50 अंक पर आ गया।

दोनों प्रमुख सूचकांकों की शुरुआत आज बढ़त में हुई थी, लेकिन दोपहर बाद बिकवाली बढ़ने से वे लाल निशान में चले गए और फिर उबर नहीं सके। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में गिरावट ज्यादा रही। एनएसई में रियलिटी, धातु, रसायन और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों पर सबसे अधिक दबाव रहा। बड़ी कंपनियों की तुलना में मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने



■ शुरुआत में बढ़त के साथ दोपहर में लाल निशान पर पहुंचे

ज्यादा बिकवाली की। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.76 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.93 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में जिन 3,214 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 2,316 के शेयर गिरावट में और 810 के बढ़त में रहे, जबकि अन्य 88 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार.चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयर लाल निशान में और आठ के हरे निशान में बंद हुए। बीईएल में सबसे अधिक 2.98 फीसदी की गिरावट रही। टाटा स्टील का शेयर 1. 61 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1. 59, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.18, ट्रेंट का 1.16, बजाज फिनसर्व का 1.14, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1. 10, बजाज फाइनेंस का 1.09 और आईटीसी का 1.03 प्रतिशत टूट गया। एनटीपीसी, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, हिदुस्तान यूनीलिवर, पावरग्रिड और इटरनल के शेयरों में भी गिरावट रही। एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, अडानी पोर्ट्स और एचडीएफसी बैंक के शेयर बढ़त में रहे। विदेशों में हांगकांग का हैंगसेंग 1. 97 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.05 प्रतिशत चढ़ा जबकि जापान का निक्केई 2.40 प्रतिशत लुढ़क गया। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.54 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0. 14 प्रतिशत ऊपर था।

# सोने में रही गिरावट चांदी भी फिसली

**नई दिल्ली।** सोमवार को सुबह 10 बजे के आसपास एमसीएक्स में 10 ग्राम सोना 1400 रुपये से ज्यादा गिर चुका है। चांदी में भी आज ताबड़तोड़ गिरावट देखी जा रही है। इसमें अभी 1100 रुपये प्रति किलो से ज्यादा गिरावट दर्ज की गई है। सुबह 10.30 बजे के आसपास एमसीएक्स में सोने की कीमत 122,740 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रही है। इसमें 1400 रुपये से ज्यादा का उछाल है। सुबह 10.30 बजे के आसपास 1 किलो चांदी की कीमत 152,971 रुपये चल रही है।

इसमें 1180 रुपये प्रति किलो की गिरावट है। देश के महानगरों पटना में 123,090 कैरेट सोना प्रति 10 ग्राम चल रही थी, जबकि जयपुर में 123,140, कानपुर में 123,200 , लखनऊ में 123,200, भोपाल में 123,300, इंदौर में 123,300 और चंडीगढ़ में 123,170 रुपये थी। आज पटना में सोने का भाव सबसे कम है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 123,090 रुपये चल रही है। वही चांदी भी यहां सबसे कम भाव में मिल रही है। 1 किलो चांदी की कीमत यहां 153,550 रुपये है। इसके साथ ही भोपाल और इंदौर में सोने का भाव सबसे ज्यादा है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 123,300 रुपये में मिल रही है। वही चांदी भी सबसे महंगी यही है। 1 किलो चांदी की कीमत 153,860 रुपये है।

# कनाडा का नवाचार और भारत की क्षमता के मिलने से खुलेंगे नए अवसर: गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि कनाडा का नवाचार और भारत की क्षमता मिलकर दोनों के लिए नए अवसर पेश करेगी।

गोयल ने यहां भारत-कनाडा व्यापार चैंबर को संबोधित करते हुए कहा कि जरूरी खनिज, खनिज प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने के भारत के प्रयास में कनाडा के साथ सहयोग की काफी गुंजाइश है। भारत के पास कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग और अगली पीढ़ी के डाटा सेंटर जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए सबसे तेजी से बढ़ रही मानव क्षमता है। कनाडा और भारत को नैसर्गिक सहयोगी बताते हुए गोयल ने कहा कि दोनों देशों को 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत जरूरी खनिज, हरित ऊर्जा, वैमानिकी, रक्षा और विनिर्माण सहित सहयोग के विशेष क्षेत्रों की पहचान करनी चाहिए। कनाडा का नवाचार और भारतीय क्षमता मिलकर दोनों देशों के लिए बड़े अवसर पैदा कर सकती है। केंद्रीय मंत्री ने



बिज़नेस-टू- बिज़नेस (बी-2-बी) सहयोग को बढ़ाने के लिए सीईओ फोरम (मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के फोरम) को फिर से शुरू करने और भारत के आने वाले एआई सम्मेलन में कनाडा के हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने संयुक्त नवाचार पर जोर देते हुए बताया कि हाल ही में केंद्र सरकार ने अनुसंधान एवं विकास के लिए 12 अरब डॉलर के फंड की घोषणा की है। उन्होंने जी-20 सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच हुई बैठक का जिक्र करते हुए बताया कि दोनों नेता एक बड़े वृहद आर्थिक सहयोग समझौते के लिए बातचीत शुरू करने और 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने पर सहमत हुए।

# अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में शुक्रवार से तीन दिन का बौद्ध वैश्विक सम्मेलन

**नई दिल्ली।** देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बौद्ध विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से राजधानी के डा. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में शुक्रवार से तीन दिन के वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भूटान, श्रीलंका, नेपाल , कोरिया, अमेरिका और इंग्लैंड से बौद्ध धर्म अनुयाई हिस्सा लेंगे। आगामी 28 नवम्बर से शुरू होकर 30 नवम्बर तक चलने वाले इस सम्मेलना का आयोजन भारतीय ग्रामीण विरासत एवं विकास न्यास की ओर से किया जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बॉलीवुड के...**

से एक भावुक पोस्ट शेयर की है। संजय दत्त ने लिखा कुछ लोग सिर्फ आपके जीवन में काम नहीं करते, वे आपके दिल में बस जाते हैं। धरम जी भी उन्हीं में से एक थे। यह एक ऐसा खालीपन है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। शाहरुख खान विले पार्ले श्मशान घाट पहुंचे, उनके साथ मैनेजर पूजा ददलानी भी पहुंचीं।

एक्टर गोविंदा अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे। करण जौहर ने धर्मेंद्र के निधन की पुष्टि करते हुए आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से उन्हें श्रद्धांजलि दी है। करण जौहर ने लिखा,यह एक युग का अंत है, एक विशाल मेगास्टार, मुख्यधारा के सिनेमा में एक सच्चे हीरो की पहचान, अविश्वसनीय रूप से हैंडसम और रहस्यमयी स्क्रीन प्रेजेंस वाले। वह हैं और हमेशा रहेंगे भारतीय सिनेमा के एक सच्चे दिग्गज। सिनेमा के इतिहास के पन्नों में उनका नाम सदैव चमकता रहेगा। पर सबसे बढ़कर, वह एक बेहतरीन इंसान थे। हमारी इंडस्ट्री में हर कोई उनसे बेहिसाब प्यार करता था। उनके दिल में हर किसी के लिए सिर्फ प्यार और सकारात्मकता थी। उनका आशीर्वाद, अद्भुत स्नेह, इन सबकी कमी को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। आज हमारी इंडस्ट्री में एक ऐसा खालीपन है। जिसे कोई भी कभी भर नहीं सकेगा। वह हमेशा के लिए एक और एकमात्र धरमजी रहेंगे। धर्मेन्द्र का जन्म पंजाब के फगवारा में आठ दिसम्बर 1935 को हुआ था। उन्होंने वर्ष 1960 में प्रदर्शित फिल्म दिल भी तेरा हम भी तेरे से अपने सिने करियर की शुरूआत की थी। धर्मेन्द्र ने अपने छह दशक लंबे सिने करियर में 250 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया था।

**53वें सीजेआई...**

सदस्य होंगे। भले ही जस्टिस कांत का सीजेआई के तौर पर लगभग 14 महीने का कार्यकाल है, कॉलेजियम में सिर्फ एक बदलाव होगा, जब जस्टिस माहेश्वरी 28 जून, 2026 को रिटायर होंगे। जस्टिस पीएस नरसिम्हा कॉलेजियम के सदस्य बनेंगे। सीजेआई कांत के रिटायर होने के बाद, जस्टिस जेबी पारदीवाला कॉलेजियम में शामिल होंगे।

# धर्मेंद्र के निधन पर योगी, अखिलेश और मायावती ने जताया दुख

**लखनऊ।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा दिया है।धर्मेंद्र की मौत की खबर सुनते ही सिनेमा प्रेमियो में शोक कि लहर है। सीएम योगी से लेकर बड़े नेता प्रशसंक धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि अर्पित की है। मथुरा लोकसभा सीट से लगातार दूसरी बार भाजपा की सीट से धर्मेंद्र की पत्नी और अभिनेत्री हेमा मालिनी सांसद हैं।

सीएम योगी ने एक्स पर लिखा कि लोकप्रिय फिल्म अभिनेता श्री धर्मेंद्र जी का निधन अत्यंत दु:खद एवं कला व फिल्म जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति तथा शोकाकुल परिजनों एवं उनके प्रशंसकों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। अखिलेश यादव ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि सालों साल देश के चित्रपट के आकाश पर चमचमाए धर्मेंद्र जी का ज़मीन से जुड़ा सादगी भरा आकर्षक व्यक्तित्व और उनका सहज अभिनय हमेशा याद किया जाएगा। बसपा सुप्रीमो ने लिखा कि भारतीय फिल्म इण्डस्ट्री की जानी-मानी हस्तियों में से एक दिग्गज अभिनेता श्री धर्मेन्द्र का आज निधन हो जाने की ख़बर अति-दुखद। उनके परिवार वालों के साथ-साथ उनके तमाम चाहने वालों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। कुदरत उन सभी को इस दुख को सहने की शक्ति दे, यही कामना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि हिंदी सिनेमा जगत के सुप्रसिद्ध अभिनेता एवं भारतीय जनता पार्टी से सांसद रहे श्री धर्मेंद्र जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। धर्मेंद्र जी का निधन सिनेमा जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति । ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों एवं उनके समर्थकों को विपदा की इस घड़ी में शक्ति प्रदान करें।

### पंचायती राज मंत्रालय 26 नवम्बर को मनाएगा राष्ट्रव्यापी संविधान दिवस

**नई दिल्ली।** पंचायती राज मंत्रालय ने घोषणा की है कि वह 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर पूरे देश में भव्य और व्यापक कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। पंचायती राज मंत्रालय ने आज बताया कि यह राष्ट्रीय अभियान त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं और ग्रामीण स्थानीय निकायों में आयोजित किया जाएगा।













वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# तावली में सिलेंडर लिकीज होने से लगी भंयकर आग

## ग्रामीणों ने महिला व तीन बच्चों की आग में कूदकर बचाई जान, दमकल विभाग व ग्रामीणों ने आग पर पाया काबू, हजारों की नकदी व कीमती सामान जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार की सवेरे शाहपुर थाना क्षेत्र के निकटवर्ती गांव तावली में खाना बनाते समय अचानक लिकिज सिलेण्डर में लगी आग ने कुछ ही देर में पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। चीख पुकार हुई तो आस पास के ग्रामीण मौके की ओर दौडे और कुछ लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए घर में लगी आग में कूदकर मकान स्वामी, उसकी पत्नी व तीन बच्चों को बचाया। ग्रामीणों ने आनन-फानन में ही नीचे खडे वाहनों को भी बाहर निकाल लिया था, लेकिन इस आग ने हजारों की नगदी व घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया, गनीमत यह रह है कि समय रहते ग्रामीणों ने स्प्रे मशीन व बाल्टियों से पानी छिड़क कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। कुछ देर बाद ही दमकल विभाग की गाडी भी मौके पर पहुंच चुकी थी इस घटना से आज पूरे दिन आस-पास के मकानो में रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल बना रहा।





गांव तावली निवासी फारूख पुत्र हासम ट्रक चलाने का काम करता है। बीती रात वह बाहर से अपने घर लौटा था आज सवेरे सिलेण्डर खत्म होने पर फारूख ने सिलेण्डर नया खरीदा। यह मामला सवेरे दस बजे का है जैसे ही फारूख की पत्नी गैस पर खाना बनाने के लिए आग जलाने लगी तो कुछ ही देर में चारो ओर आग फैल गई। आनन-फानन मे ही आग की लपटे ने पूरे मकान को अपनी चपेट में लिया जिससे पूरे परिवार में शोर गुल शुरू हो गया। रोने और चिल्लाने की आवाज सुनकर पास के ही कब्रिस्तान में बैठे ग्रामीण फारूख के मकान की ओर दौड पडे और जलती आग में कूदकर फारूख की पत्नी व उसके तीन बच्चों को बाहर निकाला। इसी के चलते ग्रामीणों ने अपने-अपने समरसेबिल चलाकर व स्प्रे मशीन से पानी छिडकने का काम शुरू किया। काफी संख्या में लोग घर में लगी आग पर बाल्टियों से पानी डालने लगे। इस दौरान आस-पास के रहने वाले लोगों में भी दहशत का माहौल बना रहा। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाडी मौके पर पहुंची व स्थानीय पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच चुकी थी। काफी देर बाद दमकल विभाग व ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। इस समय यहां पर कोई जानी नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन फारूक का सभी सामान जलकर खाक हो गया। यदि ग्रामीण व दमकल विभाग समय रहते भागदौड न करता तो आसपास के मकानों को भी बडा नुकसान हो सकता था। घटना पर गौर किया जाए तो इसमें सिलेण्डर बेचने वाली लापरवाही उजागर हो रही है।

## नकाबपोश बाइक गैंग, लाठी-डंडों के साथ सड़कों पर निकले युवक

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन क्षेत्र के साकेत नकाबपोश बाइकर्स गैंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में बीस से ज्यादा बाइकों पर सवार कई युवक नकाब पहनकर लाठी-डंडो के साथ सड़कों पर घुमते दिखाई दे रहे है। पुलिस हरकत में आई और जांच शुरू की। सीओ सिटी ने बताया कि सभी इलाकों की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है और बाइकों के नम्बर ट्रेस किए जा रहे है। उन्होने बताया कि शहर में भय का वातावरण पैदा करने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में अवैध गतिविधियों या स्टंटबाजी करने वालों पर भी पुलिस की नजर है।



मुजफ्फरनगर: किसान दिवस में समस्याए रखते किसान प्रतिनिधि।

## एसआईआर अभियान व मतदाता पुनरीक्षण को संपर्क केंद्र स्थापित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को दक्षता और पारदर्शिता के साथ पूरा करने के लिए में डिस्ट्रिक्ट फॉन्टैक्ट सेंटर की स्थापना को गई है। यह केंद्र कलक्ट्रेट स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में कार्यरत रहेगा। इस दौरान मतदाता निर्वाचक नामावली (वोटर लिस्ट) से संबाधत शिकायतों व सूचनाओं के लिए टोल फी नंबर 1950, तथा संपर्क नंबर 0131-2436918, 0131-2433023 जारी किए गए हैं।जिससे लोग इन नंबरों पर कॉल कर हा प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उप जिला निनांचन अधिकारी ने बताया कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया 4 नवंबर से प्रारंभ हो चुकी है, जो 7 फरवरी तक विभिन्न चरणों में पूरी होगी। इस दौरान नाम जोडने, संशोधन, स्थानातरण व विलोपन के आवेदन भी स्वीकार किए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला. धिकारी उमेश मिश्रा ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी पात्रनागरिक अपने-अपने नाम मतदाता सूची में अवश्य जांचें। जिन नागरिकों का नाम सूची में दर्ज नहीं है, वे निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन कर जल्द से जल्द अपना नाम शमिल कराएं, ताकि आगामी निर्वाचन में अपने नता. धिकार का उपयोग सुनिश्चित कर सकें। एसआईआर अभिनय का उद्देश्य है हर पात्र मतदाता का नाम सूची में और अपात्र का नाम सूची से बाहर करना, जिससे निर्वाचक नामावली को पूर्ण व शुद्ध बनाया जा सके।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बीएलओ संग की समीक्षा

**मुजफ्फरनगर।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतपाल कटारियों ने कार्यकर्ताओं की टीम के साथ पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर गणना प्रपत्र भरवाने में लोगों की मदद की।

सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतपाल कटारिया शहर के साथ ही पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण करने निकले जहां उन्होने एसआईआर फार्म भरने के लिए लोगों की मदद की। साथ ही उन्होने दोनो क्षेत्रों में अभियान के लिए लगाए गए बीएलओ से भी जानकारी ली और इस अभियान में अभी तक भरे गए फार्मो को लेकर समीक्षा की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि राहुल गांधी के आहवान पर कांग्रेस कार्यकर्ता एसआईआर अभियान में निगरानी बरते हुए है।



## कोयला सप्लाई के नाम पर 5.13 लाख की ठगी

**■ पीड़ित ने की कार्रवाई की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नगर के इस्लामाबाद भूड़ निवासी जावेद एक संगठित ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए। उनका आरोप है कि राजस्थान के सोजात निवासी कालूराम ने कोयला सप्लाई कराने का झांसा देकर 5,13,000 रुपये हड़प लिए।जावेद के अनुसार, कालूराम ने पहले 10,000 रुपये एडवांस लेकर माल भेजने की बात कही और इसके बाद आईसीआईसीआई बैंक के दो खातों की जानकारी देकर शेष रकम जमा कराने को कहा। जावेद ने भरोसा करते हुए अपने परिजनों और परिचितों के खातों से कुल 5.13 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। रकम भेजने के बाद भी जब माल नहीं पहुंचा और कालूराम ने फोन उठाना बंद कर दिया, तो जावेद को ठगी का शक हुआ।

मामले की सच्चाई जानने जब उनके दो साथी मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने भी वहां मारपीट और धोखाधड़ी की पुष्टि की। इसके बाद पीड़ित ने घटना की शिकायत साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर दर्ज कराई। स्थानीय पुलिस को भी तहरीर सौंपी गई, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पीड़ित जावेद ने पुलिस प्रशासन से आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## सीएमओ की हिमायत में आए भाकियू अध्यक्ष

### बोले - परिवार से मिलने जाने पर अपमानित किया जाना निराशाजनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि मुजफ्फरनगर जनपद के वर्तमान सीएमओ सुनील तेवतिया भले कर्मठ और अनुशासन प्रिय व्यक्ति व्यक्ति हैं पिछले जब से जनपद मुजफ्फरनगर का कार्यभार सुनील तेवतिया को मिला है तब से जनपद की स्वास्थ्य सेवा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अगर एक व्यक्ति अपने परिवार अपनी पत्नी से मिलने के लिए छुट्टी के दिन दूसरे जिले में जाता है तो उसे इस तरह से अपमानित किया जाना बेहद निराशाजनक है।

अगर डॉक्टर सुनील तेवतिया रोजाना शाम को 2 - 3 घंटे बिजनौर स्थित अपनी पत्नी के नर्सिंग होम पर बैठते तो अनुशासनहीनता का मामला बनता था।



अगर एक व्यक्ति जो विकास भवन में बाबू है और वह छुट्टी के दिन अपने में गांव में आकर अपने खेत में अपने माता-पिता के साथ बैठकर उनकी कुछ मदद कर रहा है तो क्या यह उसकी अनुशासनहीनता है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं किसान चिंतक कमल मित्तल ने भी इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि आजकल अच्छे लोगों का जमाना नहीं रहा है ।चाटुकार और मौकापरस्त लोगों को आंखों पर बिठाकर रखते हैं और जो व्यक्ति जन भावना से अपने कार्य को प्रमुखता देता है उसे प्रताड़ित किया जाता है। डॉ सुनील तेवतिया ने मुजफ्फरनगर में आने के बाद मुजफ्फरनगर की स्वास्थ्य सेवाओं को नए आयाम दिए हैं। इस मामले में किसान नेता विकास बालियान ने भी अपनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर जारी करते हुए कहा कि इस मामले में जांच होने देनी चाहिए। किसी एक आरोपी के सजातीय होने पर भावुकता में नहीं आना चाहिए। उनका कहना था कि भावुकता से नहीं बल्कि निष्पक्षकता से काम लेना चाहिए।

## कमिश्नर के कार्यालय में एमडीए की बैठक में पास हुए महत्वपूर्ण प्रस्ताव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विकास प्राधिकरण बोर्ड बैठक में शामली प्राधिकरण का अलग से गठन किए जाने के प्रस्ताव को चर्चा के साथ ही भारत सरकार की अमृत-2.0 योजनान्तर्गत कांधला, बुढ़ाना, एवं खतौली की महायोजना बनाये जाने और जनपद में 800 सीट वाले ऑडिटोरियम के निर्माण, रेनवाटर हार्वेस्टिंग की एफडीआर में वृद्धि, प्राधिकरण के पुनरीक्षित बजट एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों संबंधी प्रस्तावों पर मा. बोर्ड द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

सोमवार को सहारनपुर मण्डालयुक्त के कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में मण्डलायुक्त ने की। उक्त बैठक में जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर उमेश मिश्रा, जिलाधिकारी, शामली, उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर सचिव, विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर, सहयुक्त नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, मेरठ के प्रतिनिधि, अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद मीनाक्षी स्वरूप, अपर निदेशक कोषागार एवं पेशन, सहारनपुर, अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, एवं प्राधिकरण के मा. बोर्ड सदस्य, शरद शर्मा, गजे सिंह, श्रीमोहन तायल तथा प्राधिकरण कार्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

उक्त बैठक में 57वीं बोर्ड बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि करते हुए, बोर्ड की 58वीं बैठक में भारत सरकार की अमृत-2.0 योजनान्तर्गत कांधला, बुढ़ाना, एवं खतौली की महायोजना बनाये जाने, शामली प्राधिकरण का पृथक से गठन किये जाने, जनपद मुजफ्फरनगर में 800 सीट वाले ऑडिटोरियम के निर्माण, रेनवाटर हार्वेस्टिंग की एफ0डी0आर0 में वृद्धि, प्राधिकरण के पुनरीक्षित बजट एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों संबंधी प्रस्तावों पर मा. बोर्ड द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

## अफसरों के सामने किसान प्रतिनिधियों ने आवाज उठाई

**■ किसान दिवस में समस्याओं के निराकरण का दिया आश्वासन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** किसान दिवस में किसानों ने सक्रिय रूप से अपनी बात रखी और अधिकारियों ने सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित किसान दिवस में मुख्य रूप से एडीएम प्रशासन संजय कुमार वर्मा, एसडीएम कृष्णकांत, जिला कृषि अधिाकारी राहुल तेवतिया, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र गुप्ता सहित अलग-अलग विभागों के अधिकारियों ने एक-एक कर किसानों की शिकायतों व सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना तथा संबंधित विभागों को शीघ्र समाधशान हेतु निर्देशित किया। किसानों ने सिंचाई, खाद-बीज उपलब्धता, फसल क्षति मुआवजा, पशु उपचार व अन्य समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। किसान संगठनों से जुडे प्रतिनिधियों ने अलग-अलग क्षेत्र व किसानों की समस्याओं को रखा। अधिकारियों ने किसानों को सरकारी योजनाओं, तकनीकी उन्नयन और कृषि क्षेत्र में उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की।

साथ ही भरोसा दिलाया कि किसानों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण किया जाएगा।




## देर रात छात्रों के दो गुटों में भिड़ंत

**■ कोतवाली के बाहर मचा हंगामा, पुलिस देखते ही छात्रों व भीड़ में भगदड़**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रविवार की देर रात कोतवाली सैनी के सामने उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब किसी बात को लेकर दो गुटों में शामिल स्कूली छात्रों के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के छात्र एक-दूसरे पर बेल्ट, लात-घूँसों से हमला करने लगे। अचानक हुई इस झड़प से राहगिरों में अफरातफरी मच गई और मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस को आता देख मारपीट कर रहे छात्र और भीड़ में भगदड़ मच गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर किया तथा दोनों गुटों के कई छात्रों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले जाया गया।

कोतवाली में पूछताछ के दौरान सूचना पाकर दोनों पक्षों के परिजन भी पहुँचे। पुलिस की मौजूदगी में बातचीत कर दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया। देर रात तक चले इस घटनाक्रम के कारण इलाके में अफरातफरी का माहौल बना रहा।

## पैठ लगाने वालों पर लाठी चार्ज, हिन्दू युवा वाहिनी ने किया विरोध

**मुजफ्फरनगर।** सप्ताहिक पैठ लगाने वाले व्यापारियों पर कथित पुलिस लाठी चार्ज के विरोध में हिन्दू युवा वाहिनी के क्षेत्र संगठन मंत्री प्रहलाद पाहूजा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन भेजकर नगर मजिस्ट्रेट के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठाई है। बताया जाता है कि मंगलवार को नुमाईश मैदान में लगने वाली सप्ताहिक पैठ बंद कर नुमाईश का ठेका जारी कर दिया गया था।

इसके बाद व्यापारियों को नुमाईश ग्राउंड के बाहर फुटपाथ पर बैठकर व्यापार करना पड रहा था। आरोप है कि नगर मजिस्ट्रेट के आदेश पर पुलिस ने यहां बैठे व्यापारियों पर लाठिया फटकारी।

## ब्लैकमेलर के फोन में छिपे कई मुखबिरों के राज

### निर्माण कार्यों की गलत सूचना देकर करते थे वसूली

**■ व्यापारियों में दहशत का माहौल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नगर में लंबे समय से व्यापारियों और आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बने ब्लैकमेलर के फोन में कई ऐसे राज दफन हैं, जो उसके मुखबिरों की पूरी नेटवर्किंग का खुलासा कर सकते हैं। यही मुखबिर नगर में घूम-घूमकर निर्माणाधीन मकानों व दुकानों की वीडियोग्राफी कर ब्लैकमेलर तक सूचना पहुंचाते थे, जिसके आधार पर वह लोगों को अपना शिकार बनाता था। आरोप है कि ब्लैकमेलर ने एमडीए और जीएसटी विभाग में फजह्ल शिकायतें भेजकर सैकड़ों लोगों को भारी नुकसान पहुंचाया है। जैसे ही किसी निर्माण या दुकान के विस्तार की उसे भनक लगती, वह विभागीय टीमों को शिकायत भेज देता। इसके बाद दुकान या निर्माण स्थल पर छापेमारी होती, और भारी हानि झेल रहे पीड़ित से आरोपी व्हाट्सऐप कॉल कर लाखों रुपये की रंगदारी मांगता था। कई पीड़ितों का कहना है कि आरोपी के नगरभर में फैले मुखबिर उसकी आंख-कान बने हुए हैं, जो दिनभर इधरख्रउधर घूमकर निर्माण से जुड़ी सूचना और वीडियोग्राफी उसे भेजते हैं। सूत्रों के अनुसार ये मुखबिर बाद में ब्लैकमेलर के साथ बैठकर वसूली की रकम का बंदरबांट करते थे। पिछले दिनों बुढ़ाना तिराहे के पास एक स्पेयर पार्ट्स व्यापारी को लाखों की मांग कर डराने का मामला सामने आया था, जिसके बाद व्यापारी ने तत्काल पुलिस की शरण ली। इसी प्रकार, विकास प्राधिकरण के अवर अभियंता की शिकायत पर राजीव कोहली मामले में ब्लैकमेलर विनय उर्फ किक्की जैन के खिलाफ कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। पीड़ितों का कहना है कि यदि पुलिस ब्लैकमेलर को गिरफ्तार कर उसके मोबाइल की जांच करती है, तो मुखबिरों की कॉल डिटेल से पूरा गिरोह बेनकाब हो सकता है। नगर के व्यापारियों ने खतौली पुलिस से आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और उसके मुखबिरों पर भी कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## किराएदार का सामान फेंकने पर मालिक पर मुकदमा दर्ज

**■ पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर की रिपोर्ट दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक मकान मालिक को जबरदस्ती अपना मकान खाली कराने के लिए एक वृद्ध महिला किराएदार का सामान घर से बाहर उठाकर फैंकना महंगा पड़ गया। बुढाना पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अमीर अफसरा उर्फ महक पुत्री मरहूम अमीर आलम निवासी कस्बा चौसाना थाना झिंझाना जिला शामली की रहने वाली है। वह वर्तमान में पढ़ाई करने के उद्देश्य से अपनी माता समसी के साथ कस्बा बुढाना में रह रही है। वह एसडी गर्ल्स डिग्री कालेज बुढ़ाना की छात्रा भी है। वह अपनी मां के साथ किसी आबिद शिया के मकान में किराए पर रहती है। बीती 18 नवम्बर वह कैराना गई हुई थी। उसी समय उसकी मां मकान पर अकेली थी। उसकी मां को अकेला पाकर मकान मालिक आबिद, सादिक पुत्र कासिम, हुसैन पुत्र आबिद, शहरबानो पत्री आबिद, फैजिया पत्नी हुसैन ने उसकी मां के साथ गाली गलौज कर बहुत मारपीट की। जिससे उसकी मां की टांग में गंभीर चोट आई। आरोपी जाते हुए उसे व उसकी मां को हत्या की धमकी भी दी। सभी आरोपियों ने जबरदस्ती मकान खाली कराने के उद्देश्य से घर के अंदर रखा घरेलू सामान भी बाहर फैंक दिया था। जिसका जिक्र दर्ज रिपोर्ट में नहीं है। पुलिस ने सब आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरु कर दी है।

## चरथावल में अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़

### भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद, एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** नगर में पुलिस ने एक अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है।पावटी रोड स्थित एक गोदाम से भारी मात्रा में निर्मित और अर्द्ध-निर्मित पटाखे तथा विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

बताते चले की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी सदर डॉक्टर रविशंकर के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

चरथावल थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया के नेतृत्व में कस्बा चौकी प्रभारी तेजवीर सिंह और उनकी टीम ने पावटी रोड पर टंकी के पास स्थित गोदाम में छापा मारा। पुलिस ने मौके से अरशद पुत्र रियासत निवासी मोहल्ला तीरगरान कस्बा चरथावल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उस पर विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और इस मामले में रियासत पुत्र शब्बीर के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि छापे के दौरान गोदाम में भारी



मात्रा में अनार दाने व पटाखे बनाने के उपकरण व सामाग्री बरामद की गई है। इस दौरान कच्चा सामान भी बरामद किया गया और तैयार माल के सील पैकेट भी पुलिस को मिले है। पुलिस ने पटाखों पर लगने वाले ब्राडिड स्टीकर और तीन फायर सेफ्टी सिलेण्डर भी जब्त किए है।

# चरथावल थाने के सामने से बेखौफ दौड़ रहे खाईखेड़ी चीनी मिल के ओवरलोड ट्रक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** खाईखेड़ी चीनी मिल के ओवरलोड गन्ना ट्रक प्रशासन के तमाम दावों को फेल करते हुए हुए चरथावल थाना क्षेत्र में खुलेआम दौड़ रहे हैं। हालत ये है कि थाने और चौकियों के सामने से ही ओवरलोड वाहन बिना किसी रोक-टोक के धडल्ले से गुजर रहे हैं,और प्रशासन आँखे मुदकर खाईखेड़ी चीनी मिल के अवरलोड वाहनों को दोड़ते हुए खुलेआम देख रहा हे

प्रशासन के सारे दावे 'हवा-हवाई' ख्रआखि़रकार क्यों क्यों नहीं लगती अवरलोड गन्ने ट्रको पर रोक?

अधिकारियों द्वारा बार-बार ओवरलोडिंग पर रोक लगाने की बात कही जाती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि गन्ने के ओवरलोड ट्रकों से कई हादसे हो चुके हैं, उसके बावजूद कार्रवाई केवल कागज़ों तक सीमित है।और किसी भी समय खाईखेड़ी चीनी मिल के अवरलोड गन्ना ट्रको से बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।

बुढ़ाना क्षेत्र में हुई अवरलोड गन्ना ट्रक पर एफआईआर, चरथावल में कोई कानूनी कार्यवाही न होना बना चर्चा का विषय गत दिवस जहाँ बुढ़ाना थाना क्षेत्र में ओवरलोड गन्ना ट्रकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है, लेकिन चरथावल थाना क्षेत्र में मानो किसी भी प्रकार का नियम-कानून लागू ही नहीं होता। यहाँ ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई लगभग नगण्य है।और यह घनी बस्तीयो से होकर खुलेआम गन्ने के अवरलोड ट्रक सड़को पर यमदूत बने घूम रहे हे जोकि किसी भी समय बड़े हादसे का सबब बन सकते हे

**घनी बस्तियों, मार्किट से होकर गुजर रहे अवरलोड ट्रक कभी भी घट सकती हे दुर्घटना**

गन्ने से भरे अवैध ओवरलोड वाहन न केवल हाईवे बल्कि घनी आबादी और बस्तियों से होकर भी तेज़ रफ्तार में दौड़ते दिखाई दे रहे हैं। इससे राहगीरों, स्कूली बच्चों और स्थानीय निवासियों की जान पर लगातार खतरा मंडरा रहा है।और भरी मार्किट से होकर भी अवरलोड गन्ना वाहन गुजरते हुए देखे जा रहे हे जहाँ पर मार्किट होने के चलते भारी भीड़ मौजूद रहती हे

**किसकी शह पर दौड़ते हैं ओवरलोड ट्रक? बार बार गुहार लगाने पर भी नहीं लगती हे रोक**

स्थानीय क्षेत्रवासी यह भी सवाल उठा रहे हैं कि आखिर किसकी शह पर नियमों की इतनी खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं? जबकि कानून स्पष्ट रूप से ओवरलोडिंग को अपराध मानता है, फिर भी चरथावल में कार्रवाई न होना कई तरह की आशंकाएं पैदा करता है।और पूर्व मे अनेको हादसे भी इन अवरलोड गन्ना ट्रको से क्षेत्र मे घटित हो चुके हे और अनेको बार तो मरीजों को ले जाने वाले वाहन भी इन अवरलोड गन्ना ट्रको के खौफ से कई कई मिनट तक रास्ते पर रुके रहते हे और इन अवरलोड ट्रको से अपनी जान बचाते नजर आते हे

**चरथावल क्षेत्र मे आज तक किसी अवरलोड गन्ना ट्रक के खिलाफ कार्यवाही न होना बना चर्चा का विषय**

स्थानीय पुलिस और प्रशासन द्वारा औपचारिक चेकिंग तो दिखाई देती है, लेकिन हकीकत में कोई वास्तविक रोक या प्रभावी कार्रवाई आज तक नहीं की गयी हे आखि़रकार किसके सहारे दौड़ते हे अवरलोड गन्ना वाहन जोकि हर समय नियमों की धज्जिया उड़ाते हुए दौड़ते नजर आते हे जिसका रिजल्ट यह हे की ट्रक मालिक व चालक बेखौफ होकर नियमों को नजरअंदाज करते हुए सड़क पर दौड़ते हैं।और हाद. सों को दावत देते नजर आते हे

## एसडीएम बुढ़ाना ने कई बीएलओ को चेताया

**शाहपुर।** डीएम उमेश मिश्रा के निर्देशन पर एसडीएम बुढ़ाना अपूर्वा यादव ने क्षेत्र के गांव सोरम में पहुंचकर एसआईआर की परिक्रिया के बारे में ग्राम वासियों को समझाया, लगातार एसडीएम बुढ़ाना अपूर्वा यादव द्वारा अलग-अलग ग्रामों में कस्बे में व ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकरैप्ट प्रक्रिया के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देती नजर आ रही है। वही आगामी 4 दिसंबर तक का लास्ट समय बताया जा रहा है एसआईआर प्रक्रिया का, वही एसडीएम बुढ़ाना अपूर्वा यादव द्वारा सभी ग्रामीण वासियों व क्षेत्रवासियों से अपील की गई है कि जल्द से जल्दैप्ट परिक्रिया के चलते अपने फार्म भरकर उन्हें सममिट कराए और लगातार बुढाना तहसील क्षेत्र में भी बीएलओ द्वारा लगातार घर-घर जाकर सिर परीक्रिया के तहत सत्यापन कर नाम के फॉर्म भर रहे हैं। वहीं एसडीएम बुढ़ाना अपूर्वा यादव ने इस संदर्भ में बीएलओ को भी दिशा निर्देश दिए गए।

# 25 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज के कृषि संकाय एवं कृषि विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के तत्वाधान में ग्रामीण युवा कौशल विकास कार्यक्रम का 25 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन समारोह किया गया। इस समापन समारोह कार्यक्रम का शुभारम्भ वरिष्ठ तकनिकी सहायक सचिन कुमार एवं मीतू उत्तर प्रदेश सरकार, मुख्य अथिति देवेंदर चौधरी, प्राचार्या डॉ प्रेरणा मित्तल, निदेशक पफार्मेसी डॉ गिरेन्द्र गौतम रीसर्च निदेशक डॉ आर पी सिंह, निदेशक इंजीनियरिंग डॉ एस एन चौहान, विभागाध्यक्ष डॉ मौ0 नईम के द्वारा किया गया।

इस कारकर्म में मुख्य प्रवक्ता डॉ स्वेता राठी डीन गृह विज्ञानं, डॉ पूजा तोमर डीन बेसिक साइंस, डॉ अंजलि जाखड़ इकोनॉमिक्स, डॉ अक्षय कुमार पोस्ट हार्वेस्ट, डॉ रिया जखवाल हॉर्टिकल्चर डॉ उमारा रहमानी रोग एवं किट प्रबंधन रही। इस प्रोग्राम में 270 पार्टिसिपेट उपस्थित हुए जिसमे 110 पार्टिसिपेट प्रोग्राम का प्रशिक्षण का हिस्सा थे।

इस प्रशिक्षण के दौरान समय-समय पर प्रशिक्षणार्थियो के परीक्षा ली गयी। परीक्षा के आधार पर विवेक प्रथम पुरस्कार, विक्रांत भारद्वाज द्वितीय पुरस्कार एवं जोया राणा ने तीसरा पुरस्कार हासिल किया। सभी प्रशिक्षणार्थियो प्रमाण पत्रा वितरित किया गया।

प्रशिक्षणार्थियो ने बताया की रूरल यूथ एग्रीकल्चर स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम गांव के युवाओं को उनकी स्किल बढ़ाकर रोज़गार के मौके बनाकर गरीबी कम करके सस्टेनेबल खेती के तरीकों को बढ़ावा देकर उन्हें कॉन्पिफडेंस और लीडरशिप देकर शहरों से माइग्रेशन कम करके पफूड सिक्योरिटी में सुधार करके और कम्युनिटी डेवलपमेंट को बढ़ावा देकर पफ़ायदा पहुंचाता है। इसका मकसद ट्रेनिंगए कैपेसिटी बिल्डिंग और नई टेक्नोलॉजी अपनाकर गांव के युवाओं की खेती की स्किल बढ़ाकर उन्हें मज़बूत बनाना है। यह आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने बेरोज़गारी कम करने और गांव के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर सपोर्टए पफाइनेंशियल लिटरेसी और मार्केट लिंकेज देता है। रेगुलर मॉनिटरिंग से प्रोग्राम के असर में लगातार सुधार होता रहता है।

इस अवसर पर सचिन कुमार ने बताया की रूरल यूथ एग्रीकल्चर स्किल डेवलपमेंट एक ज़रूरी पहल है जिसका मकसद ग्रामीण इलाकों के युवाओं को उनकी खेती की जानक. ारी और प्रैक्टिकल स्किल्स को बढ़ाकर उन्हें मज़बूत बनाना है। यह प्रोग्राम युवाओं को खेती की मॉडर्न तकनीक सस्टेनेबल तरीकों और एंटरप्रेन्योरशिप की काबिलियत से लैस करने पर पफोकस करता है ताकि प्रोडक्टिविटी इनकम और पूरी रोज़ी.रोटी में सुधार हो सके। ग्रामीण युवाओं में इनोवेशन और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर यह पहल ग्रामीण विकास को बढ़ावा देनेए बेरोज़गारी कम करने और पफूड सिक्योरिटी पक्का करने में अहम भूमिका निभाती है। यह युवाओं को खेती में एक्टिव हिस्सा लेने के लिए बढ़ावा देता है जिससे पारंपरिक खेती एक पफ़ायदेमंद और सस्टेनेबल रोज़ी.रोटी का ऑप्शन बन जाती है।

श्रीमती मीतू ने बताया की रूरल यूथ एग्रीकल्चर स्किल डेवलपमेंट का मकसद गांव के युवाओं को खेती से जुड़ी ज़रूरी जानकारी स्किल और काबिलियत देकर उन्हें मज़बूत बनाना है। इस पहल का मकसद उनकी प्रोडक्टिविटी सस्टेनेबिलिटी और इनकम कमाने की काबिलियत को बढ़ाना है। जिससे गांव का विकास हो बेरोज़गारी कम हो और खेती के सस्टेनेबल तरीकों को बढ़ावा मिले। आखिर में इसका मकसद आत्मनिर्भर और स्किल्ड गांव के युवा बनाना है जो खेती की ग्रोथ और गांव की खुशहाली में असरदार तरीके से योगदान दे सकें।डॉ आर पी सिंह ने सभी अथितियो एवं प्रशिक्षणार्थियो का स्वागत किया। डॉ नईम ने बताया की रूरल स्किल डेवलपमेंट का मकसद गांव के इलाकों में रहने वाले लोगों को ज़रूरी वोकेशनल स्किल्स देकर उनकी नौकरी पाने की काबि. लियत और आत्मनिर्भरता को बढ़ाना है। इस पहल का मकसद लगातार रहने वाले रोज़ी.रोटी के मौकों को बढ़ावा देना गरीबी कम करना और गांव के समुदायों की पूरी सामाजिक आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाना है। मुख्य मकसदों में गांव के युवाओं और महिलाओं को मज़बूत बनाना एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देना खेती और उससे जुड़े सेक्टर में प्रोडक्टिविटी बढ़ाना और गांव की आबादी को बड़ी इकॉनमी से जोड़ना शामिल है। आखिर में रूरल स्किल डेवलपमेंट का मकसद एक संतुलित और सबको साथ लेकर चलने वाला विकास का माहौल बनाना है जिससे यह पक्का हो सके कि गांव के इलाके देश के विकास में असरदार तरीके से योगदान दे सकें। डॉ गिरेन्दर गौतम ने बताया गया की स्किल का मकसद खास काबिलियत और काबिलियत को डेवलप करना और बढ़ाना है जिससे कोई इंसान काम को असरदार और अच्छे से कर सके। डॉ आर पी सिंह ने अथितियो एवं प्रशिक्षणार्थियो का धन्यवाद किया आवर बताया की श्री राम कॉलेज इस प्रशिक्षण भविष्य में भी करता रहेगा जिससे युवाओ के लिए रोजगार के रस्ते मिलेंगे। ार्यक्रम के दौरान डॉ विनीत कुमार, डॉश्वेता राठी, डॉ गिरेंद्र गौतम, डॉ पूजा तोमर, डॉ विपिन कुमार, डॉ अंजलि जाखड़, डॉ प्रवीण मलिक, डॉ रिया, डॉ उमरा, डॉ सूरज सिंह, डॉ राजकुमार, डॉ सचिन कुमार, डॉ संतोष, डॉ रतना किरण मौजूद रहे।

## भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस की पूर्व बेला मनाई गई

**मुजफ्फरनगर।** भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस की पूर्व बेला श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आचार्या शालू मलिक ने गुरु तेग बहादुर जी के अद्वितीय त्याग, साहस एवं मानवता के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि गुरु जी का जीवन सभी को सत्य, निडरता एवं धर्म-रक्षा की राह पर चलने की प्रेरणा देता है।विद्यालय की छात्राओं ने गुरु तेग बहादुर जी की जीवन गाथा पर आधारित सुभाषित, कविताएं एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थितजन को भाव-विभोर कर दिया।कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्या डॉ. वंदना शर्मा ने गुरु तेग बहादुर से संबंधित प्रेरक कथाओं के माध्यम से छात्राओं को महत्वपूर्ण ऐतिहासिक तथ्यों से अवगत कराया। उन्होंने गुरु जी के अद्वितीय बलिदान को शत-शत नमन करते हुए कहा कि ऐसे महापुरुषों के आदर्श राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरक शक्ति हैं।अंत में विद्यालय परिवार ने गुरु तेग बहादुर को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



मुजफ्फरनगरः गुरू तेग बहादुर को स्मरण करती शिक्षिकाएं।

## दहेजलोभियों ने मायके में की बहु की पिटाई

**बुढ़ाना।** दहेजलोभियों ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नही होने की दशा में एक विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जाहरा जबी पुत्री मास्टर मौहम्मद ईसा निवासी मौहल्ला काजीवाडा ने पुलिस को बताया कि बीती 17 नवम्बर को उसके मायके में उसका पति, सास व ससुर बदनीयती से आ गए। सास बोली आज हम फाईनल बात करने आए हैं। जल्दी बताओ जो हमारी मांग है वो कब तक पूरी होगी। पूरी होगी या नही होगी अगर पूरी नहीं करते तो हम अपने लड़के की दूसरी शादी कर देंगे कहीं ओर रिश्ता तैयार है वहां से हमको 10 लाख रुपये व चोपहिया गाडी मिल रही है। वहां मैं उमर फारूख की शादी कराकर तुझे तीन तलाक दिलवा दूंगी।

# एमडीएस विद्या मन्दिर में तीन दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का समापन

**मुजफ्फरनगर।** एम.डी.एस. विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज, मन्सूरपुर में विद्यार्थियों में अनुशासन एवं सौहार्द की भावना विकसित करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड शिविर का सपफल आयोजन किया गया। शि. विर में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए देश के जिम्मेदार नागरिक बनने हेतु नियमों, उद्देश्यों एवं सिद्धांतों की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी, खतौली पंकज अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया, विद्यालय प्रबंधक संदीप कुमार एवं प्रधानाचार्य अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया अंतिम दिवस पर स्काउट्स एवं गाइड्स ने अपनी टोलियों के साथ आकर्षक ढंग से टेंट लगाकर उन्हें सजाया तथा भोजन, प्राथमिक उपचार, चूल्हा आदि की व्यवस्था की। प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को रस्सी गांठ, कैंप पफायर, खोज के संकेत, समाजस. ेवा, देशसेवा, पेट्रोलिंग सिस्टम, दिशाओं का ज्ञान, तंबू निर्माण, प्राथमिक चिकित्सा, स्ट्रेचर बनाना, आग से बचाव के उपाय आदि का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि पंकज अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि स्काउट एवं गाइड अनुशासित रहकर किसी भी परिस्थिति में दूसरों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहता है। वह मन, वचन और कर्म से शुद्ध रहकर सच्ची निष्ठा से कर्तव्य का पालन करता है।ह्व उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य विद्यार्थियों के शारी. रिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक विकास को प्रोत्साहित करना है।

विशिष्ट अतिथि प्रवेन्द्र दहिया ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ह्यह शिविर न केवल स्काउट-गाइड की शिक्षाओं से परिचित कराता है, बल्कि व्यक्तित्व एवं आत्मविश्वास को भी सुख्रढ़ करता है।विद्यालय प्रबंधक संदीप कुमार ने कहा कि स्काउट-गाइड प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रा-छात्राओं में अनुशासन, ईमानदारी और देशभक्ति की भावना





का संचार करना है। यह प्रशिक्षण विषम परिस्थितियों में कार्य करने की क्षमता विकसित करता है। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बताया कि इस शिविर का आयोजन विद्यार्थियों में अनुशासन एवं सौहार्द की भावना विकसित करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपनी दिनचर्या व्यवस्थित रखने तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।

## जमीयत नगर अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न

**बुढ़ाना।** जमीयत उलमा ए हिंद बुढ़ाना की स्थानीय इकाई का नगर अध्यक्ष पद का चुनाव सोमवार को अत्यंत शांतिपूर्ण, पारदर्शी व उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इस चुनावी बैठक में सर्व सम्मति से हाजी शराफत अली को नगराध्यक्ष चुना गया। मौजूद सदस्यों व पदाधिकारियों ने उनके चयन का स्वागत कर कहा कि हाजी शराफत अली हमेशा से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं और उनके नेतृत्व में बुढ़ाना इकाई नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगी। चुनावी सभा में जिलाध्यक्ष मौलाना मुकर्रम अली क़ासमी पर्यवेक्षक के रुप में मौजूद थे। उन्होंने पूरी चुनावी प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। मौलाना मुकर्रम अली क़ासमी ने कहा कि जमीयत का चुनाव हमेशा अनुशासन, परिपक्वता व एकता का प्रतीक रहा है। सब सदस्यों की सहमति से चुनाव सम्पन्न होना संगठन की मजबूती का प्रमाण है। उन्होंने हाजी शराफत अली को आधिकारिक रुप से विजेता घोषित करते हुए उन्हें संगठन के कार्यो को और तेज़ करने की सलाह दी। अगर मालूम हो कि चुनावी सभा में नगर उपाध्यक्ष के लिए मौलाना हफीउल्लाह मिफ़्तही व उप कोषाध्यक्ष के लिए डॉक्टर अब्दुल अजीम का प्रस्ताव हाफिज राशिद कुरैशी द्वारा रखा गया। चुनावी सभा में एक महत्वपूर्ण मुद्दा मतदाता एसआईआर का भी रहा। पदाधिका. रियों ने कहा कि मतदाता सूचियां लो. कतांत्रिाक व्यवस्था की नींव है इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की कमी, त्रुटि या नाम छूटना गंभीर समस्या पैदा करता है।

समन वास्ते करार वाद उमर तनकी तलब (आदेश 5 कायदा 1 ये 5)

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज सीनियर डिविजन मुजफ्फरनगर।**

मूलवाद सं0-506 सन् 2025

1. प्रीति पाल पत्नी श्री रविशंकर निवासी ग्राम भसाना परगना व तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर। **...वादी**

**बनाम**

1. अरविन्द कुमार पुत्र श्री ईलम सिंह निवासी ग्राम तिगरी डाकखाना भोपा परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। **.....प्रतिवादी**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त वाद वादी ने आपके विरूद्ध बाबत माननीय न्यायालय में योजित किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 25 नवम्बर सन् 2025 को प्रातः 10:00 बजे असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई से वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुत्ताल्लिका मुकदमा/वाद का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा कर और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शहादत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे। अगर तारीख आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा/वाद बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा।

बरवक्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज दिनांक 15 अक्टूबर सन् 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

नियत दिनांक- 25.11.2025

आज्ञा से

सिविल जज सीनियर डिविजन

मुजफ्फरनगर।

# जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में कला शिक्षा पर एक दिवसीय सीबीएसई कार्यशाला

**मुजफ्फरनगर।** जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में कला शिक्षा पर एक दिवसीय 'क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्या डॉ. स्वाति शर्मा ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और अतिथियों को स्मृति स्वरूप पौधे भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यशाला का संचालन सीबीएसई विशेषज्ञ संजया वालिया एवं अमिता चौधरी ने किया। उन्होंने कक्षा में कला आधारित शिक्षण को सृजनात्मक और प्रभावशाली ढंग से समाहित करने के व्यावहारिक प्रशिक्षण और रणनीतियाँ साझा कीं।

कार्यशाला में कुल 41





प्रतिभागियों ने भाग लिया और रचनात्मक शिक्षण को सुदृढ़ बनाने तथा कक्षा अनुभव को समृद्ध करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए। कार्यशाला का उद्देश्य सीबीएसई के दिशा-निर्देशों के अनुसार कला एकीकृत शिक्षा को प्रोत्साहित करना और शिक्षकों को रचनात्मक शिक्षण में दक्ष बनाना था। कार्यशाला के समापन अवसर पर उपप्रधानाचार्या अंजली आनंद ने विशेषज्ञों और प्रतिभागियों की प्रशंसा करते वे उनका आभार व्यक्त किया।

# सीएमओ ने सीएचसी गढ़ी नौआबाद का किया निरीक्षण

**बुढ़ाना।** जनपद मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया ने आज सोमवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव गढ़ी नौआबाद में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में पहुंचकर वहां पर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली, दवाओं की उपलब्धता, टीकाकरण व्यवस्था तथा मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार से अवलोकन किया। उन्होंने स्टाफ की उपस्थिति, रिकॉर्ड संधारण, दवा भंडारण, लैब सेवाओं, प्रसूति कक्ष, वार्डो की साफ-सफाई और चिकित्सा उपकरणों की कार्यशीलता की भी गहनता से जांच की। सीएमओ डॉक्टर सुनील तेवतिया ने निरीक्षण के उपरांत उक्त स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी तथा उपस्थित स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अस्पताल परिसर की स्वच्छता, मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन तथा सभी व्यवस्थाओं को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि जहां भी कमी दिखाई दे उसका तत्काल सुधार सुनिश्चित किया जाए ताकि जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं समय पर प्राप्त हो सके।



### खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025 संस्थागत की मेरी मार्कशीट ( प्रमाण पत्र सह अंक पत्र) आग में जलने से नष्ट हो गई है जिसका अनुक्रमांक 2255451734 था।

**Rozi D/O Mohd Nadeem**
**निवासी चरथावल,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

### सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स. 7323/05.08.14 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्र का नाम दर्ज नही कराया गया। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अंश सिंहवाल है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**सुशील सिंहवाल**
**421, शाकुंतलम कॉलोनी**
**मुज़फ्फरनगर।**
**मोबइल स० 9639249212**

## मुस्लिम क्षेत्रों में एसआईआर फार्म भरने के लिए भारी उत्साह

**बुढ़ाना।** सोमवार के दिन मुजफ्फरनगर जिला पंचायत के वार्ड नंबर 20 से जिला पंचायत के निर्दलीय उम्मीदवार मुरसलीन कस्सार हुसैनपुरी ने अपने मुजफ्फरनगर रोड पर स्थित कार्यालय बुढ़ाना में क्षेत्र के गणमान्य लोगों को बुलाकर कहा कि एसआईआर के जो फॉर्म अभी तक जमा नहीं कर पाए वह लोग जल्दी से जल्दी अपने फार्म जमा कर दें क्योंकि आगामी 4 दिसंबर आखिरी तारीख है और प्रशासन से भी अपील करते हुए कहा कि संबंधित बीएलओ जनता का सहयोग करते हुए नजर नहीं आ रहे हैं। कहीं कहीं तो एक एक ही फॉर्म जनता को दे दिया गया है जबकि दो फार्म देने के लिए सरकार ने कहा है। गर अधिक. ारी दो फॉर्म नहीं दे रहे हैं तो सभी को चाहिए कि अपने फार्म की फोटो कॉपी कराकर दोनों फॉर्म भरने के बाद एक फॉर्म जमा कर दें और एक फार्म पर साइन कराकर खुद रख ले। इस दौरान मीटिंग में मुख्य रूप से नौशाद सलमानी, हाजी सुल्तान कुरेशी, हाजी भूरा कुरैशी, सोहेल उर्फ पप्पू, छोटू प्रधान, हाजी भूरा कुरेशी, इदरीश रहमानी और नवाब कुरैशी आदि लोग उपस्थित रहे।



# पीएनबी में आउटरीच प्रोग्राम हुआ आयोजित

**बुढ़ाना।** सोमवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की बुढ़ाना शाखा में एक आउटरीच प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। जिसमें व्यापारियों को बैंक की व्यवसायिक ऋण के बारे मे जानकारी उपलब्ध करायी गयी तथा ग्राहकों को सेंक्शन लेटर भी दिये गये। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों, उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, छोटे व्यवसायों तथा विभिन्न ग्राहक वर्गो को सरल एवं त्वरित वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना था। बैंक अधिकारियों द्वारा सभी प्रतिभागियों को बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं आवास ऋण, शिक्षा ऋण, वाहन ऋण, व्यक्तिगत ऋण तथा अन्य प्राथमिकता क्षेत्र ऋणों के बारे में भी पूरी जानकारी दी गयी। डीजीएम प्रवीण कुमार गुप्ता ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक सदैव ग्राहक केंद्रित सेवाओं को प्राथमिकता देता है।यहां पर हैड आफिस से आए अधिकारियों में मुख्य रूप से प्रवीण कुमार गुप्ता डीजीएम के अलावा सर्किल हैड डीजीएम राजेंद्र सिंह पोल, एजीएम आरएल दास, एजीएम सुनीत अग्रवाल, पीएलपी प्रमुख संजीव सिंह और पंजाब नेशनल बैंक बुढ़ाना शाखा के प्रबंधक अंकुर कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।



### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा लड़का नितिन मेरे कहने सुनने में नहीं है, गलत संगत में पड़कर आये दिन मेरे साथ गाली गलौच लडाई झगडा व मारपीट करता है इसलिये मैने नितिन को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद कर लिए हैं मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का अब उससे किसी भी प्रकार का मतलब वास्ता नहीं रहा। मेरी किसी भी सम्पत्ति में नितिन का कोई हक नहीं होगा। नितिन द्वारा किये गये किसी भी क्रिया कलाप या लेनदेन या किसी भी कार्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नही होगी। नितिन स्वयं जिम्मेदार होगा।

**घसीटू पुत्र निनपत**
**निवासी- मौहल्ला तिरगारान**
**कस्बा व थाना चरथावल,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

## सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि सम्पत्ति म.नं0 45/4/1 क्षे. 139 1/2 वर्गगज व 45/4/2 क्षे. 139 1/2 वर्गगज मौ. रामबाग कम्बलवाला बाग मुजफ्फरनगर का पुराना मूल बैनामा क्रमांक 9259 दिनांक 13.12.1978 वास्तव में कहीं खोया हुआ है, वर्तमान स्वामी श्री अशोक कुमार पुत्र श्री बनवारी लाल व उनकी पत्नी श्रीमति रेखा रानी उक्त सम्पत्ति को मैसर्स अग्रवाल प्लाईवुड होम के द्वारा लिऐ जाने वाले ऋण के लिऐ पी.एन.बी. एम.सी.सी. मुजफ्फरनगर में बंधक करना चाहते हैं।

यदि उक्त मूल बैनामा किसी बैंक या वित्तीय संस्था में बंधक है या इस बाबत किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के अन्दर सूचित करें, अन्यथा सम्पत्ति पंजाब नैशनल बैंक में बंधक की जाऐगी, उस दशा में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**श्री सुमित कुमार अग्रवाल,**
**ए.जी.एम. एम.सी.सी.**
**मुजफ्फरनगर**
**मो. नं. 8126834834**

**प्रवीण कुमार शर्मा, एडवोकेट**
**डी1-26/27 कलैक्ट्रेट**
**कम्पाउण्ड मुजफ्फरनगर मो. नं०**
**9897661075**

# देर रात दो गुटों के स्कूली छात्रों में भिड़ंत, कोतवाली के बाहर मचा हंगामा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रविवार की देर रात कोतवाली के सामने सैनी नगर में उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब किसी बात को लेकर दो गुटों में शामिल स्कूली छात्रों के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के छात्रा एक-दूसरे पर बेल्ट, लात-घूँसों से हमला करने लगे।

अचानक हुई इस झड़प से राहगिरों में अफरा तफरी मच गई और मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस को आता देख मारपीट कर रहे छात्रा और भीड़ में भगदड़ मच गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर किया तथा दोनों गुटों के कई छात्रों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले जाया गया। कोतवाली में पूछताछ के दौरान सूचना पाकर दोनों पक्षों के परिजन भी पहुँचे। पुलिस की मौजूदगी में बातचीत कर दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया। देर रात तक चले इस घटनाक्रम के कारण इलाके में अफरातफरी का माहौल बना रहा।

## गंगनहर में डूबे युवक की पीएसी द्वारा की गयी तलाश

**भोपा।** रविवार को निरगाजनी झाल पर युवक आत्महत्या के इरादे से गंग नहर मे कूद गया था।सोमवार को पीएसी फल्ड सहायता टीम द्वारा युवक की तलाश की गयी।

छपार थाना क्षेत्र के गांव तेजलहेडा निवासी 24 वर्षीय शिवा पुत्र वीरसिंह शुगर मिल मे मजदूरी करता था रविवार की शाम वह भोपा थाना क्षेत्रा के निरगाजनी झाल पर साइकिल द्वारा पहुंचा और वहां मौजूद एक बुजुर्ग को अपनी साइकिल मोबाइल गले की चौन देते हुए कहा इसे मेरे घर पहुंचा देना और तुरंत ही गंगनहर मे छलांग लगा दी मोबाइल द्वारा युवक के परिजनो को सुचना दी गयी। वही सोमवार को क्षेत्राधिकारी देववृत वाजपेयी, थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने 44 वाहिनी पीएसी मेरठ के हेड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह, के हमराह कांस्टेबल प्रदीप कुमार, कांस्टेबल सुमित कुमार, कांस्टेबल वासु चौधरी, कांस्टेबल दीपाशु चौधरी एव कांस्टेबल मनजीत कुमार, की टीम ने मोटरबोट की सहायता से सर्च अभियान चलाकर डूबे युवक की तलाश की।शिवा के नहर मे गायब होने से पिता वीरसिंह, पत्नी जयदेवी,तीन वषह्णय पुत्राी अनन्या व भाई धनराज,रामशरण आदि का रोरोकर बुरा हाल है।शिवा की शादी चार वर्ष पूर्व हरिद्वार के गांव भिक्कनपूर मे हुई थी।शिवा द्वारा नहर मे छलांग लगाने का कारण स्पष्ट नही हो सका है।

# एसआईआर फीडिंग अभियान तेज, पालिका व ब्लॉक प्रशासन भी जुटा



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** तहसील क्षेत्र में एसआईआर फीडिंग कार्य को गति देने के लिए सोमवार को विशेष अभियान चलाया गया। एसडीएम निकिता शर्मा के नेतृत्व में तहसील प्रशासन, नगर पालिका और ब्लॉक कर्मियों की संयुक्त टीम ने फीडिंग प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। अभियान में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, लेखपाल, पटवारी, अमीन, लिपिक, पालिका व ब्लॉक के कर्मचारी शामिल रहे। एसडीएम ने बताया कि एसआईआर फीडिंग एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसे तय समय सीमा के भीतर पूर्ण करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से सभी विभागों को एकजुट कर अभियान को गति दी जा रही है। टीम दिनभर फीडिंग कार्य को सुचारू रूप से पूरा करने में जुटी रही। एसडीएम निकिता शर्मा ने कहा कि जिस तेजी से कार्य आगे बढ़ रहा है, उससे उम्मीद है कि एसआईआर फीडिंग निर्धारित समय से पहले ही पूर्ण हो जाएगी। उन्होंने बताया कि खतौली नगर व ग्रामीण क्षेत्र में करीब साढ़े तीन लाख मतदाता हैं, जिनमें से लगभग 27 प्रतिशत एसआईआर फीडिंग का कार्य पूरा किया जा चुका है। प्रशासन का कहना है कि अभियान के जारी रहने से जल्द ही पूरा क्षेत्र एसआईआर फीडिंग में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर लेगा। फीडिंग के दौरान कर्मचारियों को खराब नेटवर्क की समस्या का भी सामना करना पड़ा जिससे फीडिंग के कार्य मे कर्मचारियों को कापफी समय खराब करना पड़ा। कर्मचारियों ने एसडीएम से फीडिंग के कार्य करने में वाईफाई नेटवर्क की व्यवस्था करने की मांग की जिससे फीडिंग के कार्य को तेजी के साथ किया जा सके। फीडिंग के कार्य के समय एसडीएम बीच बीच मे निरीक्षण करती रही।

## संक्षिप्त समाचार

### बुढ़ाना व्यापार संगठन करेगा बड़े कार्यक्रम का आयोजन : गर्ग

**बुढ़ाना।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन से सम्बद्ध बुढ़ाना व्यापार संगठन के नव नियुक्त नगर अध्यक्ष प्रमोद गर्ग ने कहा कि संगठन जल्दी ही व्यापारियों से विचार विमर्श कर कस्बा बुढ़ाना में एक बहुत बड़ा कार्यक्रम आयोजित करेगा। जिसके लिए नगर कार्यकारिणी की एक बैठक जल्दी ही बुलाई जाएगी। यह बात नगर अध्यक्ष प्रमोद गर्ग ने आज सोमवार के दिन उस समय मीडिया में कहीं जब उनको मुबारकबाद देने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता यशपाल बालियान उनके प्रतिष्ठान पर आए। उनके साथ दिनेश कुमार मदीनपुर भी मौजूद रहे। यहां प्रमोद गर्ग ने बतलाया कि व्यापारियों के इस संगठन के संरक्षक यूपी सरकार के मंत्री नितिन अग्रवाल हैं। जिनको भी भव्य कार्यक्रम में न्यौता दिया जाएगा। उनके नगर बुढ़ाना के इस संगठन में कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, महामंत्री अमित गांधी, वरिष्ठ मंत्री डाक्टर सोनू कश्यप व प्रेस प्रवक्ता रोहित जैन हैं। जिनको पिछले हफ्ते जिम्मेदारी दी गयी थी। उनका संगठन व्यापारियों के सुख दुख के लिए बना है। किसी भी व्यापारी का उत्पीडन बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं होगा। इस संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव स्वरूप हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता यशपाल बालियान ने व्यापारियों के इस संगठन की सहारना करते हुए सभी व्यापारियों को तन मन धन से अपना सहयोग देने की बात कही और नगर अध्यक्ष प्रमोद गर्ग को अध्यक्ष पद की मुबारकबाद दी।

### जिला पंचायत सदस्य के नेतृत्व में रैली में पहुंचेगी भारी भीड़

**चरथावल।** 26 नवंबर को मुज़फ्फरनगर मे होने वाली चंद्रशेखर आजाद की रैली की तैयारीयों मे जहाँ पूरी पार्टी और संगठन जूटा हुआ हे वही चरथावल क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य अमरकांत मलिक उर्फ़ चीकू भी अपने नेता की रैली को सफल बनाने के लिए दिन रात जुटे हुए हे और क्षेत्र मे जनसम्पर्क कर रैली मे अधिक से अधिक भीड़ ले जाने की तैयारी मे जुटे हुए है। बताते चले की जहाँ अमरकांत मलिक अपने क्षेत्र मे तो जनता के चहेते हे ही हे वही अन्य क्षेत्रो मे भी अमरकांत की लोकप्रिय देखी जा सकती हेस और वह अपने नेता चंद्रशेखर आजाद रावण के भी बहुत चहेते हे जोकि अबकी बार भी रिकार्ड तोड़ वोटो से जितने के प्रबल दावेदार हे और अमरकांत द्वारा क्षेत्र मे किए जा रहे विकास कार्यों से क्षेत्रवासी बहुत ज्यादा खुश नजर आ रहे हे अमरकांत के साथ जहाँ अक्षय आढ़ती भी जनसम्पर्क मे जुटे हुए हे वही डा. नौशाद, मोईन त्यागी, सादिक त्यागी, रब्बन हकीमू सहित अनेको क्षेत्रवासी अमरकान मलिक के साथ डटे हुए हैं

### गुरू तेग बहादुर शहीद दिवस पर बच्चों ने दी श्रद्धांजलि

**मंसूरपुर।** वेदांता पब्लिक स्कूल सिखेड़ा में गुरु तेग बहादुर शहीद दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बच्चों ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन से जुड़ी अनेक घटनाओं को सभी के साथ साझा किया। व उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं पर प्रकाश डाला विद्यालय के प्रबंधक सुशील सिंह आर्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए गुरु तेग बहादुर के जीवन से संबंधित बातों को बताते हुए कहा की वे सिक्खों के नौवें गुरु थे इन्होंने हर परिस्थितियों का सामना पूरी शांति और ख्रढ़ता से मर्यादा के मार्ग से विचलित हुए बिना किया और न्याय समानता ,मानवता, सौहार्द पर आधारित सामाजिक व्यवस्था का निर्माण करना सिखाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक चौधरी ने गुरु तेग बहादुर जी तथा सिक्ख धर्म के विषय में बच्चों को अनेक जानकारियां दी । विद्यालय की शिक्षिका विश्वेश्वरी ने भी बच्चों के सम्मुख उनके जीवन की घटनाओं को उजागर किया। इस कार्यक्रम को स्फल बनाने में समस्त वेदांता परिवार का पूर्ण सहयोग रहा।

### समाजसेवी मनीष चौधरी की पहल से सऊदी अरब में फंसा युवक जल्द लौटेगा स्वदेश

**मुजफ्फरनगर।** सऊदी अरब में फंसे एक युवक की घर वापसी अब संभव हो पाई है। राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के अध्यक्ष मनीष चौधरी की पहल पर पुलिस और प्रशासन हरकत में आया और पीड़ित परिवार की आवाज अधिकारियों तक पहुंचने के बाद आखिरकार युवक को स्वदेश लाने की राह खुल गई है।उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व न्याजुपुरा निवासी रानी पत्नी फिरोज अपने परिजनों के साथ समाजसेवी मनीष चौधरी से मिली थीं। उन्होंने आरोप लगाया था कि थानाभवन निवासी आरिफ ने उनके पुत्रा रिजवान को नौकरी दिलाने के नाम पर सऊदी भेजा, जहां वह फंस गया। ठगी और धमकी के आरोप लगाते हुए रानी ने अपने बेटे को वापस लाने की गुहार लगाई थी। मनीष चौधरी ने 18 नवंबर को पीड़ित परिवार की शिकायत पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों के समक्ष रखकर कार्यवाही की मांग की थी। समाजसेवी मनीष चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित परिवार का मामला हमने मजबूती से उठाया। सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के साथ ही स्थानीय पुलिस प्रशासन से मिलकर परिवार की पीड़ा से अवगत कराया। विदेश में फंसे युवक को सुरक्षित वापस लाने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए गए।युवक की मां रानी ने बताया कि थानाभवन निवासी आरिपफ स्वयं सऊदी अरब पहुंचा है और उसने उनके बेटे को स्वदेश भेजने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस में की गई हमारी शिकायत को वापस लेने के लिए कहा गया है। हमने यह भरोसा दिया है कि यदि हमारा बेटा सही-सलामत लौट आता है, तो हम कोई कार्यवाही नहीं करेंगे। सऊदी अरब में फंसे युवक रिजवान खान ने एक वीडियो जारी करते हुए बताया कि वह आरिफ के माध्यम से ही सऊदी आया था।

# शुगर मिल कॉलोनी में ड्यूटी कर्मचारी पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** शुगर मील कॉलोनी में डयूटी के दौरान एक कर्मचारी पर हुए अचानक हमले से शुक्रवार की रात अफरा-तफरी मच गई।

पीड़ित मोहित नागर पुत्र राजवीर सिंह, निवासी शुगर मील कॉलोनी, ने थाना प्रभारी निरीक्षक खतौली को तहरीर देकर आरोपियों के खिलापफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।तहरीर के अनुसार, 21 अक्टूबर की रात करीब 10:30 बजे मोहित नागर यार्ड में अपनी डयूटी कर रहे थे। तभी अंकुर पुत्र निर्भय, लविश पुत्र राजेंद्र सहित 7-8 अज्ञात युवक, जो पिलहेड़ा क्षेत्र के बताए जा रहे हैं, वहां पहुंचे और बिना किसी कारण के उन पर टूट पड़े। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसे मारे और उसे गंभीर रूप से पीटा। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे अन्य कर्मचारियों ने किसी तरह मोहित को हमलावरों से बचाया। जाते-जाते आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर दोषियों के खिलापफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपियो के खिलापफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एसडी इंजीनियरिंग में बीटेक के टापर्स को किया सम्मानित



**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के सत्रा 2024-25 में घोषित प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणामों में विभिन्न शाखाओं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का गौरव बढ़ाया। परीक्षा परिणाम घोषित होने पर पूरे कॉलेज में हर्ष और उत्साह का माहौल बना रहा। प्रथम वर्ष में इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजी0 में सादिया, मयंक शर्मा व दुष्यंत ने टाप किया। इलेक्ट्रिकल इंजी0 में अमित कुमार, अंकुश, जतिन ने टाप किया।

द्वितीय वर्ष में इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजी0 में रोहिता, हनी व अभिषेक गर्ग ने टाप किया। इलेक्ट्रिकल इंजी0 में अनामिका, अनिकेत, हर्षित तथा मैकेनिकल इंजी0 में उत्तम शर्मा, आकाश व निशान्त तथा सिविल इंजी0 में अर्जुन, मौ0 फरहान व सिमरन ने टाप किया।

इस अवसर पर सचिव अनुभव कुमार ने छात्रा-छात्राओं को शुभाशीष देते हुये कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन और निरंतरता से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। यह उपलब्धि न केवल कॉलेज की प्रतिष्ठा को बढ़ाती है, बल्कि आगामी सत्रों के छात्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। हमारा संस्थान हमेशा विद्यार्थियों को श्रेष्ठ शैक्षणिक सुविधाएँ एवं सकारात्मक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी टॉपर्स को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने टापर्स का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम से जिस प्रकार उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं, वह अत्यंत सराहनीय है। तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं है, बल्कि नवाचार, शोध और कौशल का विकास करना भी है। मुझे गर्व है कि हमारे छात्रा इन सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं। मैं सभी टॉपर्स को शुभकामनाएँ देता हूँ और विश्वास दिलाता हूँ कि संस्थान उनके संपूर्ण विकास के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करता रहेगा।

### भाकियूअ राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक बोले.....

# लाभ उठाना है तो किसान गन्ना छुलाई कम करे

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक ने गन्ना किसानों को सलाह देते हुए कहा है कि अगर उन्हें अपने गन्ने का भाव 500 रुपये लेना है तो वे आज से ही अपने खेतों में खड़े गन्ने की छुलाई कम कर दे। गेंहू की बुआई का लालच बिल्कुल ना करे। भाकियूअ राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक आज सोमवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्रा के गांव माजरा में भाकियूअ जिलाध्यक्ष सुधीर पंवार की भतीजी तनु पंवार के विवाह समारोह में पत्राकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चीनी मिल हमें आंदोलन करने पर बाध्य ना करे। वह चुपचाप किसानों को उनके गन्ने का भुगतान कर दे। मिल के अधिकारियों ने किसानों के साथ एक और बखेड़ा खडा कर रखा है। गन्ने का सेंटर कितनी ही पास हो और कितनी ही दूर हो सभी का एक ही भाड़ा काटा जा रहा है। ढुलाई के 3 रुपये भी किसानों से ही काटे जा रहे हैं। जो कि गंभीर विषय है। सरकार को भी सोचना चाहिए। इस बार कम है इसलिए मिल मालिक पिछले रास्ते से गन्ना खरीदने को आतुर है। अगर वाकई में किसानों को 500 रुपये का भावघ चाहिए तो वह आज से ही गन्ने की छुलाई कम कर दे लेकिन किसान अगेते गेंहू की बुआई के चक्कर में अपना नुकसान कर मिल मालिक को ही फायदा पहुंचाने का काम करता आ रहा है। छात्रा उज्जवल प्रकरण में उन्होंने कहा कि दरअसल अभी पीड़ित परिवार ही ये तय नहीं कर पा रहा है कि उसे क्या करना है क्या नही। तभी तो प्रशासन हावी है और मुख्य आरोपी अरविंद को गिरफ्तार नहीं कर रहा। हमसे अधिका. रियों ने वादा किया था कि अरविंद के वारंट जारी हो जाएंगे लेकिन अब तक वारंट जारी नहीं हुए। उज्जवल के परिजन तय करके हमे बताए कि क्या करना है लेकिन वह अभी तक इस बात को तय नहीं कर पाया। वरना प्रशासन की औकात नहीं कि वो अरविंद की गिरफ्तारी ना करे। वे आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति को लेकर अधिकारियों से मिले थे और कहा था कि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जाए। इसका मतलब पुलिस ही पफेल है। जो लोग गुस्से में आकर अपना जीवन ही समाप्त करने लग रहे हैं। ऐसे मामलों में काउंसलिंग बहुत जरुरी है। यहां गठवाला खाप के बाबा चौधरी राजेंद्र सिंह, भाकियूअ जिलाध्यक्ष सुधीर पंवार, भाकियूअ बुढाना तहसील अध्यक्ष अमित ठाकुर, जाबिर राणा, मास्टर रगबीर सिंह, डाक्टर अशोक कुमार, भारत कुमार और सूबेदार मुकेश भार्गव आदि भाकियूअ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# लापरवाही की तो बीएलओ पर होगी कार्यवाही :एसडीएम

**बुढाना।** एसडीएम बुढ़ाना अपूर्वा यादव ने सोमवार के दिन उन सब नाक. ारा बीएलओ को कड़ी चेतावनी दे डाली जो एसआईआर प्रक्रिया के चलते खूब लापरवाही कर रहे हैं व ढिलाई बरत रहे हैं। दरअसल आज कुछ लोग बुढाना एसडीएम से मिले थे और उनसे अपने वार्ड के बीएलओ की शिकायत की थी। तब उन्होंनें एसआईआर फार्म भरने में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ को खुली चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उन्हें किसी भी बीएलओ की एसआईआर फार्म प्रक्रिया के दौरान शिकायत मिलती है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने इससे पूर्व एक बैठक करते हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की समीक्षा की। यह बैठक तहसील बुढाना परिसर में स्थित बार एसोसिएशन के सभागार में आयोजित की गई। जहां उन्होंने बीएलओ और सुपरवाइजरों से संवाद कर उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान किया। समीक्षा के दौरान कुछ बूथों पर अभियान की धीमी प्रगति सामने आई। एसडीएम ने इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कुछेक बीएलओ को कड़ी फटकार लगाई और उन्हें निर्धारित समय में शत प्रतिशत कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। एसडीएम अपूर्वा यादव ने अभियान की धीमी गति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि फील्ड में कार्यरत सुप. रवाइजरों व बीएलओ को मतदाताओं से लगातार संपर्क बनाए रखना चाहिए। उन्होंने अन्य राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए का सहयोग लेने का भी निर्देश दिया ।

# तेग बहादुर शहीदी दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ सम्पन्न



**मुजफ्फरनगर।** ग्रेन चौंबर पब्लिक स्कूल में गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ संपन्न। ग्रेन चौंबर पब्लिक स्कूल में गुरु तेग बहादुर जी शहीदी दिवस अत्यंत श्रद्धा, अनुशासन और आध्यात्मिक वातावरण के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र अरदास और शब्द कीर्तन से हुई, जिससे पूरे परिसर में शांति और भक्ति का माहौल बना। इसके बाद छात्रों ने गुरु तेग बहादुर जी के अद्वितीय त्याग, साहस, धर्म की रक्षा और मानवता के लिए किए गए अमूल्य बलिदान पर आधारित भाषण, कविताएँ और नाटड प्रस्तुति दी।गुरु तेग बहादुर जी ने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि सच्चाई और न्याय के मार्ग में आने वाली कठिनाइयों से डरना नहीं चाहिए। उनकी शहादत न केवल सिख धर्म बल्कि पूरे मानव समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान तथा शिक्षकों ने कहा कि हमें गुरु तेग बहादुर जी के आदर्शों,साहस, सद्भाव, धर्मनिष्ठा और मानव सेवा को अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान ने बच्चों को यह भी बताया कि गुरु तेग बहादुर जी ने दूसरों की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, जो विश्व इतिहास में अद्वितीय उदाहरण है।

# नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** समाजसेवी विशाल मित्तल के जन्मदिन पर लगे शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने किया। आज मुजफ्फरनगर के सुरेंद्र नगर बीबीपुर में अमूल्य जीवन सेवा ट्रस्ट द्वारा प्रमुख समाजसेवी विशाल मित्तल के 37 वे जन्मदिन के मौके पर विशाल नेत्र जांच चिकित्सा शिविर वे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने पफीता काटकर विशाल शिविर का शुभारंभ किया इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने कहा है कि समा. जसेवी विशाल मित्तल द्वारा जन्मदिन के मौके पर एक अच्छी पहल की गई हे जिससे सैकडो गरीब मजदूर वर्ग को लाभ मिलेगा और नर सेवा नारायण सेवा को आगे बढ़ाने का कार्य किया गया हे इस दौरान वरिष्ठ अतिथि राकेश वालिया रहे इस दौरान डा. राजवीर सिंह प्रजापति सिंह प्रजापति वे प्रमुख समाजसेवी विशाल मित्तल ने बताया हे कि शि. विर में अनुभवी डॉक्टरों द्वारा सैकडो मरीजों की नेत्रा जांच की गई वही जिन मरीज मोतियाबिंद के मरीज पाए गए हे उनको अस्पताल भेजकर नि:शुल्क आंखों का ऑपरेशन कराया जाएगा जिनको बस द्वारा हॉस्पिटल भेजा जाएगा जिनको दवाई चश्मे खाना लाना लेजाना नि:शुल्कु होगा इस दौरान अमित सिंघल, समाजसेवी शादाब कुरैश, डॉव सुशील प्रजापति, शैफाली जैन, हिमांशु वालिया जी, सुनील मोगा, दिगम जैन, यश सैनी, कर्मवीर बालियान, डॉव गुरमीत सिंह, डॉव फरदीन, डॉव शालनी, मौजूद रहे।

# विजय कौशल महाराज से कथा सुनने दिल्ली से आए सैकड़ों श्रद्धालु



**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी रामल. ीला भवन में कंसल परिवार द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्री राम अमृत कथा के तीसरे दिन संत श्री विजय कौशल महाराज ने श्री राम-सीता विवाह प्रसंग सुनाया तो श्रद्वालु आनंदित होकर झूम उठे।

कथा व्यास विजय कौशल महाराज ने वर्तमान हालात पर भी चिंता जाहिर कि और कहा कि भारत के संस्कृति को खत्म करने का वैश्विक षडडंत्र चल रहा है। किशोर अवस्था जीवन में सबसे मूल्यवान है,किसी भी देश की बर्बादी के लिए भोजन, भाषा, वेश की हानि कारण होती है और वह इसी मूल्यवान किशोर पीढ़ी को लक्ष्य बनाकर किया जा रहा है।भोजन में अब जो लोग खा रहे, फास्ट फूड, जंक फूड और क्या-क्या, वेश को देखिए आजकल फटे कपड़ों का फैशन आ गया है। भाषा हम अपनी छोड़ कर दूसरे देश की नकल कर रहे है। भाषा परिवार की अपनी हो, शिक्षा भले किसी भी भाषा में हो। भारत को बचाइए। भारत के भोजन, भाषा भेष को दुष्प्रभाव से बचाइए। महाराज श्री ने भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए श्रद्धालुओं को प्रेरणा दी कि वह है कम से कम तीन अवसरों पर बहन से तिलक करते हुए,पर्व मनाते हुए और परिवार में मांग. लिक अवसरों पर भारतीय वेशभूषा जरूर पहनें। जंक फूड और मांसाहार को घर से दूर रखे तथा आपसी संवाद अपनी भाषा में करे।हम बारिश को नहीं रोक सकते पर छाता से बारिश के पानी से बच सकते है। वैसे ही श्री राम कथा सुनकर हम बच सकते है। उन प्रभाव से जो हमारे देश को बिगाड़ रहा है, जिससे हमारा घर, परिवार और समाज प्रभावित हो रहा है।विजय कौशल महाराज ने राम-सीता विवाह प्रसंग में विदाई के समय, बेटी के पिता और माता के रिश्ते का वर्णन करते हुए कहा कि मायका मां के कारण नहीं पिता के कारण होता है, बेटी जितना पिता का ख्याल रखती है उतना बेटा नहीं रखता और विदाई की बेला पर बेटी की पीड़ा और मां-पिता पर क्या गुजरती है, अपनी बेटी को घर से विदा करते हुए पिता की तकलीफ को बताते-बताते श्री विजय कौशल जी महाराज स्वयं अपने आंसू नहीं रोक सके। कहा कि मनुष्य को अपनी वाणी हमेशा मधुर रखना चाहिए, जीभ को रसना कहा जाता है। जिससे रसीली बात कहनी चाहिए न कि जहरीली। कथा में दिल्ली विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राम. निवास गोयल, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान, पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, गोपाल मित्तल, सतीश गोयल, राकेश बिंदल, अनिल गर्ग, राजकुमार, डॉ सुभाष शर्मा, व्यापारी नेता संजय मित्तल, गिरधारी लाल गोयल, डॉ अशोक कुमार, अश्वनी कुमार, सुधीर गोयल, मनोज पुंडीर, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा ओमदेव सिंह, पूर्व चेयरमैन अनिल तायल, भाजपा नेता सुनील सिंघल, विशाल गर्ग, सुभाष गर्ग डॉ अशोक गुप्ता, नरेंद्र जिंदल श्याम सुंदर गुप्ता गणेश प्रसाद। सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे?

# श्रम विभाग की टीम ने बाल श्रमिक मुक्ति अभियान चलाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में डीएम उमेश मिश्रा के आदेश अनुसार एवं सहायक श्रम आयुक्त मुजफ्फरनगर के निर्देशन में श्रम प्रवर्तन अधिकारी बालेश्वर सिंह एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी शालू राणा थाना ए एच टी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चाइल्ड हेल्पलाइन जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन संस्था ग्रामीण समाज विकास केंद्र की संयुक्त टीम ने मिलकर जनपद के सर्कुलर रोड सुजुडू चुंगी आर्य समाज रोड पर बाल श्रम मुक्त अभियान चलाया जिसमें सर्कुलर रोड पर शिव कार वॉश एंड ड्राई क्लीन नियोजक संजय तोमर मेहताब चाय वाला सुजुडू चुंगी नियोजक मेहताब हाजी अनीश एंड संस आर्य समाज रोड नियोजक रशीद अहमद के यहां निरीक्षण कर चार बालकों को बाल श्रम मुक्त कराया श्रम परिवर्तन अधिकारी द्वारा उपरोक्त नियोजक को निरीक्षण टिप्पणी जारी कर सभी बालकों का चिकित्सा परीक्षण करा कर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया बाल कल्याण समिति के आदेश अनुसार बालकों को उनके माता-पिता के सुपूर्द कर आगामी विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी सहायक श्रम आयुक्त देवेश सिंह ने कहा जनपद मुजफ्फरनगर में मुख्यमंत्री आदेश अनुसार जनपद को 2026 तक बाल श्रम मुक्त करने के उद्देश्य से यह अभियान निरंतर चलता रहेगा बच्चों का सर्वप्रथम अधिकार शिक्षा पर है 14 वर्ष तक के आयु के बच्चे को सरकार द्वारा नि:शुल्क शिक्षा दी जाती है इसलिए सभी सेवायोजकों से आग्रह है कि अपने प्रतिष्ठान पर 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे से बाल श्रम न कराये बाल कल्याण समिति अध्यक्ष रीना पवार ने बच्चों की काउंसलिंग कर बच्चों को उनके माता-पिता के सुपूर्द किया एवं हिदायत दी अपने बच्चों से बाल श्रम न कराए एवं अपने बच्चों को विद्यालय भेजें जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन संस्था ग्रामीण समाज विकास केंद्र से प्रोजेक्ट मैनेजर गजेंद्र सिंह ने कहा संस्था सदैव इस अभियान में प्रशासन की सहयोगी रहेगी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के बाल श्रम मुक्त अभियान को सफल बनाने में सहयोग करेंगे अभियान को सफल बनाने में सब इंस्पेक्टर जगत सिंह सब इंस्पेक्टर छोटेलाल सब इंस्पेक्टर अमनेह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से गौरव मालिक चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) सुपरवाइजर भुवनेश्वर एवं सदस्य मोहन का सहयोग रहा।

# शाहपुर पुलिस ने नशीले पदार्थों के साथ तीन बदमाश दबोचे



**शाहपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष शाहपुर मोहित चौधरी के नेतृत्व में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही में जनपद में अवैध मादक पदार्थों का क्रय-विक्रय करने वाले अभियुक्तों के विरूद्ध चलाये जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के अन्तर्गत थाना शाहपुर पुलिस कुटबा नहर पटरी पर गश्त कर रही थी इसी दौरान सिंचाई विभाग के पुराने खण्डहर के पास एक संदिग्ध कार खडी हुई दिखाई दी।

पुलिस टीम द्वारा कार के आस-पास चौक किया गया तो तीन व्यक्ति खण्डहर के पास खडे हुए दिखाई दिये जिनके द्वारा पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण को भागने का अवसर दिये बिना गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तों के कब्जे से कार में छिपाकर रखा गया 21 किलो 100 ग्राम गांजा (अनुमानित कीमत करीब 06 लाख रूपये) बरामद किया गया। थाना शाहपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त गण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के नाम दिलशाद पुत्र बसीर निवासी मौ0 कस्सावान कस्बा व थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर, लिल्ला उर्फ लाड्डी पुत्र पन्ना निवासी क्योडक थाना कैथल सदर जनपद कैथल हरियाणा, जसमेर सिहं उर्फ गोल्डी पुत्र संतलाल निवासी क्योडक थाना कैथल सदर जनपद कैथल हरियाणा, प्रारम्भिक पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि वह लोग अवैध मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते हैं। हम लोग उडीसा से सस्तों दामों में यह गांजा खरीदकर लाये थे तथा हरियाणा में सप्लाई करने के लिये जा रहे थे। हम लोग सस्ते दामों पर अवैध मादक पदार्थ खरीदकर उसे महंगा बेचकर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करते हैं। थाना शाहपुर पुलिस द्वारा अभियुक्तगण के विस्तृत आपरा. धिक इतिहास के बारे में जानकारी की

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मिट्टी भराव बना लोगों की समस्या का कारण, सड़क पर जल भराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर बीते कई दिनों से सड़क पर जल भराव की स्थिति बनी हुई है। सड़क पर जल भराव होने से कई घरों की दीवारों में दरार आ गई है। आने जाने वाले राहगीरों को पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है जिस कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।कई लोगों ने प्रदर्शन कर जिला अधिकारी से समस्या के निस्तारण की मांग की है। विकासखंड क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर बीते कई माह से तालाब के बराबर में खाली पड़ी जमीन पर मिट्टी भराव का कार्य चल रहा है। मिट्टी भराव का कार्य होने से खाली पड़ी जमीन पानी से अवरफ्लो हो गई। नालों की सफाई नहीं होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो रही है जिस कारण पानी सड़क पर आ गया है। सड़क पर जल भराव होने से सड़क तालाब में तब्दील हो गई है। जल भराव से कई घरों की दीवारों में दरार आ गई और मकान गिरने का भी खतरा बना हुआ है। कब्रिस्तान में भी गंदा पानी घुस गया और आने जाने वाले राहगीर पानी से होकर गुजर रहे हैं जिस कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सोमवार को अब्दुल, इस्लाम, साकिब, जुबेर, वामिक इरफान सहित कई लोगों ने प्रदर्शन कर बताया कि रात दिन सड़क पर मिट्टी भराव का कार्य चल रहा है जिस कारण पानी की निकासी नहीं हो रही है। विकासखंड का कोई भी अधिकारी समस्या का निस्तारण नहीं कर रहा है। ग्राम प्रधान एवं विकासखंड के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया जा चुका है मगर समस्या का हल नहीं हो रहा है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने सोमवार को जिलाधिकारी से समस्या के निस्तारण की मांग की है। ग्राम प्रधान पति चमन सिद्दीकी का



कहना है कि किसान ने अपनी जमीन का मिट्टी भराव कर लिया,जिस कारण पानी सड़क पर आ गया है। जल्दी नालों की सफाई कर निस्तारण कराया जाएगा।

# खेतों में पत्ती व पराली के अवशेष जलाने पर होगी सख्त कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण व भूमि की उर्वरता शक्ति को बरकरार रखने के लिए बीडीओ ने किसानों से खेतों में पत्ती न जलाने की अपील की है। उन्होंने खेतों में पराली के अवशेष अथवा पत्ती आदि जलाने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी है।

सोमवार को खंड विकास अधिकारी बृजेश गुप्ता क्षेत्र में खेतों पर काम कर रहे किसानों के पास पहुंचे। जहां पर उन्होंने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनलद्धएनजीटीक्ष के निर्देशों का हवाला देते हुए किसानों से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए फसल अवशेषों को आग न लगाने की अपील की। उन्होंने बताया कि पराली अथवा पत्ती जलाने से मिट्टी की उर्वरता घटती है। साथ ही, वायु प्रदूषण बढ़ने से लोगों व पशुओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। धुएं के कारण अस्थमा व श्वास संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं। बीडीओ ने वैकल्पिक तरीकों की जानकारी देते हुए कहा कि फसल अवशेषों से कम्पोस्ट खाद बनाई जा सकती है। इन्हें पशु चारे के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, मल्चिंग की जा सकती है या हैप्पी सीडर, रोटावेटर जैसी आधुनिक कृषि मशीनों के जरिए इन्हें खेत में ही मिलाकर मिट्टी की सेहत सुधारी जा सकती है। इससे न सिर्फ उत्पादन लागत घटेगी, बल्कि उपज भी बढ़ेगी। ग्राम पंचायतों ने भी सभी किसानों व ग्रामीणों से अनुरोध किया है कि खेतों व आसपास स्वच्छता बनाए रखें और पराली व कूड़ा जलाने से पूरी तरह परहेज करें। बीडीओ ने चेतावनी दी है कि दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एडीओ पंचायत राहुल पंवार आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर गोगवान जलालपुर से ख्यावड़ी कट तक सर्विस रोड की मांग तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** किसान मजदूर संगठन ने दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर के अंतर्गत गोगवान जलालपुर से ख्यावड़ी कट तक ग्राम भैंसानी इस्लामपुर को होते हुए सर्विस रोड निर्मित कराने की मांग को लेकर प्रशाशन को ज्ञापन दिया। भारतीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष ठाकुर लाखन सिंह एवं युवा जिला अध्यक्ष शहजाद पुण्डीर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एडीएम शामली को ज्ञापन सौंपा और बताया कि कॉरिडोर निर्माण के बाद से भैंसानी इस्लामपुर होकर आने-जाने वाला पारंपरिक मार्ग बाधित हो गया है, जिससे किसानों और स्थानीय ग्रामीणों को भारी असुविधा हो रही है।

ग्रामीणों ने कहा कि इस हिस्से पर बने अंडरपास की ऊंचाई इतनी



कम है कि गन्ने से भरे ट्राले, भूसे की ट्रालियां, पुराली ले जाने वाले वाहन तथा बड़े कृषि परिवहन वाहन नीचे से गुजर ही नहीं पाते। इससे न केवल आवागमन रुकता है बल्कि ट्रालियों के फंसने से जाम, नुकसान और दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। किसानों का कहना है कि खेत. खलिहान तक आने-जाने में अधिक दूरी, अधिक डीजल खर्च और समय की बर्बादी हो रही है, जिसका सीधा असर कृषि कार्यों पर पड़ रहा है।

ठाकुर लाखन सिंह और शहजाद पुंडीर ने कहा कि दिल्ली.देहरादून कॉरिडोर पर स्थित होने के कारण इस क्षेत्र में सर्विस रोड का निर्माण और भी आवश्यक है, ताकि स्थानीय आबादी, किसानों, मजदूरों, आम जन को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने यह भी याद दिलाया कि पूर्व में प्रशासन ने समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।ज्ञापन देने वालों में ग्राम भैंसानी इस्लामपुर से राव साबिर, डॉक्टर आसिफ, शकील सिद्दीकी, कामिल प्रधान, गुलबहार, युनुस प्रधान, आजाद राणा, इकराम पुंडीर सहित अनेक ग्रामीण व संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

# छात्रों ने बैंक का किया शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** एक्सप्लोर शामली कार्यक्रम के तहत शहर के बीएसएम विद्यालय के छात्रों ने सोमवार को अपने शैक्षणिक भ्रमण के दूसरे पड़ाव के रूप में स्थानीय बैंक का दौरा किया। इस भ्रमण में छात्रों को बैंकिंग प्रणाली, वित्तीय सुरक्षा और बचत के महत्व से अवगत कराया गया। बैंक पहुंचने पर विद्यार्थियों ने विभिन्न विभागों का अवलोकन किया तथा बैंक कर्मियों से बैंक की कार्यप्रणाली, लेनदेन प्रणाली, डिजिटल बैंकिंग, खातों के प्रकार, पास. बुक अपडेट, एटीएम सेवाओं और शाखागत सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने सरल भाषा और उदाहरणों के माध्यम से बताया कि बैंक किस तरह धन की सुरक्षा करता है और नियमित बचत भविष्य को मजबूत आधार प्रदान करती है। भ्रमण के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक सवाल पूछे, जिनका बैंक कर्मियों ने धैर्यपूर्वक उत्तर दिया। कर्मचारियों ने बच्चों को बचत की आदत विकसित करने, वित्तीय साक्षरता बढ़ाने और नियमित बैंकिंग से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह और उप प्रधानाचार्या आशु पंडित उपस्थित रहे। स्कूल के चेयरमैन सूर्यवीर सिंह ने कहा कि आधुनिक युग में बैंकिंग ज्ञान अनिवार्य है। छोटी-छोटी बचतें बड़े सपनों का आधार बनती हैं।

## एक नजर

### डीजल चोरी मामले में दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** 16/17.11.2025 की रात्रि में अज्ञात चोरो द्वारा स्काईलार्क होटल के सामने खडे ट्रक से डीजल चोरी की घटना कारित की गई थी जिसके सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ट्रक सो डीजल चोरी की घटना में वांछित 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तगण के कब्जे से 20-20 लीटर की दो कैन डीजल से भरी हुई, एक प्लास्टिक का पाईप लम्बाई लगभग 08 फिट व 450 रूपये नगद बरामद हुए है । बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317 (2) बीएनएस की बढोत्तरी की गई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण शहजाद पुत्र इस्लाम निवासी गांव मन्ना माजरा थाना कैराना जनपद शामली, आसिफ पुत्र युनुस निवासी मौहल्ला आल खुर्द थाना कैराना जनपद शामली हैं।

### नाबालिग से दुष्कर्म प्रकरण में एक बाल अपचारी गिरफ्तार मोबाइल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** नौ नवंबर की शाम नाबालिग के साथ दो युवकों द्वारा दुष्कर्म कर घटना की वीडियो बनाने के मामला में पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। ग्राम अवदान नगर उलहेनी निवासी पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म व वीडियो बनाने के मामले में वांछित एक बाल अपचारी को केरटू पुल के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बाल अपचारी के कब्जे से मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस के पकड़े गए बाल अपचारी के खिलाफ चालानी कार्यवाही की है तथा दूसरे आरोपी की तलाश जारी है।

### युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता, परिजनों ने थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव भनेड़ा उद्धा निवासी एक युवक बीते कई दिनों से लापता है। परिजनों की तमाम तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग न लगने पर परिजनों ने पुलिस से उसकी बरामदगी की गुहार लगाई है। थाना भवन क्षेत्र के गांव भनेड़ा उद्घा निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र जयकरणसिंह ने अपने पुत्र विश्वजीत के लापता होने की सूचना पुलिस को देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।राजेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र विश्वजीत 22 अक्टूबर की प्रात:काल घर से बाहर निकला था। देर शाम तक वापस न आने पर परिजनों ने उसकी खोज शुरू की। रिश्तेदारी, परिचितों तथा आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश करने के बावजूद विश्वजीत का कोई सुराग नहीं मिला। युवक के अचानक गायब होने से परिजन बेहद चिंतित हैं। परिजनों ने पुलिस से गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक जांच शुरू कर दी है।

### रोजगार मेलों की तिथियों मे आंशिक बदलाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सीडीओ के निर्देश पर एसआईएस सिक्योरिटी कंपनी द्वारा आयोजित किए जा रहे रोजगार मेलों की तिथियों में आंशिक बदलाव किया गया है। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि 25 नवंबर को राजकीय अवकाश घोषित होने के कारण अब रोजगार मेले नई तिथियों पर आयोजित होंगे। नई संशोधित तिथियों के अनुसार 26 नवंबर को जनता इंटर कॉलेज, लिसाढ़ में और 27 नवंबर को आरके इंटर कॉलेज शामली में प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इन शिविरों में एसआईएस दिल्ली के कमांडेंट राहुल दीक्षित द्वारा भर्ती प्रक्रिया संचालित की जाएगी। सेवायोजन विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण कराने के बाद अभ्यर्थी रोजगार मेला में प्रतिभाग कर सकेंगे।

### किशोरी घर से हुई लापता, दो पर अभियोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव से एक व्यक्ति के नाबालिग पुत्री संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ित व्यक्ति ने दो भाइयों पर उसकी पुत्री को बहला, फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर अभियोग दर्ज कराया है पुलिस तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिक पुत्री विगत शनिवार को घर से गांव की ही दुकान पर सामान लेने के लिए गई थी। शाम तक भी उसकी पुत्री घर पर नहीं लौटी पीड़ित परिजनों ने अपने आसपास के स्थानों सहित रिश्तेदारियों में तलाश किया मगर उसकी नाबालिग पुत्री का कहीं भी सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने जनपद मुजफ्फरनगर के गांव हरसोली निवासी कादिर और गुलफाम पुत्र हाकम अली पर उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर दोनों आरोपी भाइयों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले में अभियोग दर्ज करते हुए किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया गया जल्दी किशोरी को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### थाने में खड़ी बाइक के महंगे पार्ट्स बदलने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के कच्चीगढी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसपी को शिकातई पत्र सौंपा है। पीड़ित का दावा है कि थाने में खड़ी उसकी बाइक के कई महंगे पार्ट्स बदल दिए गए हैं।

गढीपुख्ता क्षेत्र के कच्ची गढ़ी निवासी आमिल ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि गत 14 सितंबर को दरोगा सत्एंद्र और रक्षक सुनील कुमार ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर उसकी बाइक को आरा मशीन के पास से लावारिस दिखाकर थाने में दाखिल कर दिया था। आमिल ने बताया कि जब वह कोर्ट के आदेश पर अपनी बाइक लेने थाने पहुंचा, तो उसने पाया कि पुलिस की हिरासत में रहते हुए बाइक के कई पार्ट्स निकाल लिए गए थे। इन पार्ट्स की अनुमानित कीमत 12 से 13 हजार रूपए बताई जा रही है। इस मामले में एएसपी सुमित शुक्ला ने बताया कि पीड़ित की तहरीर एसपी कार्यालय को मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर लापरवाह पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही होगी।

# डांस वीडियो प्रकरण, स्थानांतरण के बाद भी ज्वाइनिंग नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर का एक युवती के साथ डांस करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला सुर्खियों में बना हुआ है। वायरल वीडियो में डॉक्टर बनियान और लोअर में नजर आ रहे थे, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया था।वीडियो सामने आने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ अनिल कुमार ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ। वीरेंद्र सिंह और डॉ। वकास सिद्दीकी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था। मामले के तूल पकड़ने पर उनके कमरे को सीएचसी की ऊपरी मंजिल से खाली भी करा दिया था।सीएमओ अनिल कुमार ने बताया कि डॉक्टर की रिपोर्ट कार्रवाई हेतु शासन को भेज दी गई है। साथ ही मामले के लंबित रहने तक डॉ। वकार सिद्दीकी का स्थानांतरण ऊन चिकित्सालय पर कर दिया गया है।वहीं ऊन के चिकित्सा अधीक्षक डॉ। तरुण चौधरी ने बताया कि कांधला से स्थानांतरण आदेश आने के बावजूद डॉ। वकास सिद्दीकी ने अभी तक वहां ज्वाइन नहीं किया है। संभवत: वे मेडिकल लीव पर गए हों, जिसकी जानकारी फिलहाल स्पष्ट नहीं है।प्रकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग में चर्चा जारी है और आगे की कार्रवाई शासन स्तर से तय की जाएगी।

# एसआईआर को सरल व सुरक्षित बनाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना एवं थानाभवन विधानसभा के कांग्रेस पार्टी के एसआईआर कोर्डिनेटर और पदा. धिकारियों ने सोमवार को देश के राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन को सौंपा। ज्ञापन में एसआईआर प्रक्रिया को सरल, सुरक्षित और निष्पक्ष बनाने की मांग की गई है।

कांग्रेसी पदाधिकारियों ने ज्ञापन में कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में चुनाव आयोग द्वारा लागू की जा रही एसआईआर प्रक्रिया जटिल, पक्षपाती तथा आम जनता के लिए चिंता का विषय बन गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर की वर्तमान व्यवस्था को लेकर लोगों में वोट चोरी और चुनावी अनियमितताओं को



लेकर निराशा तथा आक्रोश व्याप्त है। विशेषकर दलित, आदिवासी, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग अपने मता. धिकार से वंचित होने का खतरा महसूस कर रहे हैं।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि एसआईआर लागू होने के बाद कई राज्यों में बीएलओ कर्मचारियों द्वारा आत्महत्या जैसी घटनाएं सामने आई हैं, जो पूरी प्रक्रिया की गंभीरता और दबाव को दर्शाती हैं।

पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति से मांग करते हुए कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को आम जनता के हित में सरल बनाया जाए तथा बीएलओ कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार की रक्षा सर्वोपरि है, जिसे किसी भी कीमत पर सुरक्षित रखा जाना चाहिए। इस अवसर पर एसआईआर कोर्डिनेटर ओमप्रकाश शर्मा, पाल सिंह, रविन्द्र आर्य, विनोद अत्री, लाखन सिंह, नासिर आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति: सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का आह्वान






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशो के क्रम में मिशन शक्ति के अन्तर्गत ऑपरेशन मुक्ति अभियान चलाया गया जिसमें बाल विवाह व बाल श्रम के विरुद्ध अन्तर विभागीय टीम बनाकर जनपद की नगर पंचायत कांधला में ऑपरेशन मुक्ति के तहत रेस्क्यू अभियान चलाया गया। कांधला के विभिन्न अनुष्ठान जिसमें मिठाई की दुकान, मैकेनिक वर्कशॉप, होटल, ढाबे व दुकान इत्यादि पर संघन चे. कंग अभियान करते हुए ऐसे बालकों की तलाश की गई जो 18 वर्ष से कम आयु के हो तथा किसी भी कारणवश बाल श्रम कर रहे हो।नईम ऑटो पार्टस सेन्टर, बालाजी लेमिनेशन बाईक व कार वर्क्स, बजाज ऑटो सर्विस सेन्टर, गोल्डन शोकर रिपेयर वर्कस, अहसान फर्नीचर हाउस, स्टार ऑटो सर्विस सेन्टर, अंसारी स्टील फैबरीकेशन में बालकों की जांच की गई जिसमें पाया गया कि इन दुकानों पर काम करने वाले बालक 18 वर्ष से काम की आयु के 11बालक कार्य करते मिले।

श्रम विभाग से लेबर इंस्पेक्टर विद्यांचल शुक्ला ने चालान की कार्यवाही करते हुए नोटिस जारी किए व विधिक करवाई की गई। अंतर विभागीय गठित टीम में श्रम विभाग से लेबर इंस्पेक्टर विद्यांचल शुक्ला महिला कल्याण विभाग की चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की टीम से मति पारूल चौधरी, बाल संरक्षण इकाई से नीरज व थाना एएचटी से उप निरीक्षक उपेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार, हेड कांस्टेबल पंकज कुमार, हेड कांस्टेबल तिलकराज टीम में शामिल रहे।

**शामली।** जिला प्रोबेशन अधिकारी, शामली मौ. मुशफेकीन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत दिनांक 24.11.2025 को कस्बा बनत स्थित ट्रॉजिस्ट हॉस्टल वन स्टॉप सेन्टर में मिशन शक्ति के उप योजना सामर्थ्य के अन्तर्गत संचा. लित: हब फार इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के अन्तर्गत महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर वन स्टॉप सेन्टर के कार्यकताओं का क्षमता वृद्धि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थानिक) पारूल चौधरी, एच.ई. डब्लू. से जिला मिशन कोओर्डिनेटर सदफ खान, जेण्डर स्पेशलिस्टर कुलदीप शर्मा, चाईल्ड हेल्पलाईन की कोओर्डिनेटर सु अजरा खान, सुपरवाईजर सु भारती, केस वर्कर सु कोमल, वन स्टॉप सेन्टर की काउं. सलर सु प्रीती, केस वर्कर मती किरन देवी तथा सु शोभा, दत्तक ग्रहण इकाई से कोआर्डिनेटर आरिफ राणा, महिला थाना से महिला मुख्य आरक्षी मती अमरेश, मती सुनीता, रश्मि तथा महिला कल्याण विभाग के अन्य कर्मचारी रहे। महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न कानूनों यथा- दहेज प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधि. नियम, बाल विवाह निषेध अधि. नियम, किशोर न्याय अधिनियम इत्यादि के प्राविधानों एवं उनके अनुपालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के अन्तर्गत महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा महिला कल्याण विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। घरेलू हिंसा एवं दहेज उन्मूलन विषय के बारे में जागरूक किया गया। वन स्टॉप सेन्टर पर दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में, स्पॉनसरशिप योजना, बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हेल्प लाईन नम्बर जैसें 1098 चाईल्ड हेल्प लाईन, 1090 वूमेन पावर लाईन, 181 महिला हेल्प लाईन, 112 तत्काल सहायता, 102, 108 स्वास्थ्य सेवा व 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाईन आदि के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी दी गई।

# सेक्टर मजिस्ट्रेट ने जांची एसआईआर व्यवस्था, बीएलओ को 200 फार्म प्रतिदिन पूरा करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** प्राथमिक स्कूल गढी हसनपुर में सोमवार को सेक्टर मजिस्ट्रेट ने पहुँचकर एसआईआर के कार्य मे लगे बीएलओं के संग बैठक की और कार्य की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए बीएलओं को काम मे तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बताया गया है कि सेक्टर मजिस्ट्रेट ने ने प्रत्एक बीएलओं को हर दिन दो आवेदको के फॉर्म ऑनलाइन दर्ज करने को कहा गया है। साथ ही बीएलओ के कार्य मे मदद के लिए राशन डीलर व आशाओं को भी निर्देशित किया गया है। चौसाना क्षेत्र के गांव गढी हसनपुर में सोमवार को सेक्टर मजिस्ट्रेट कपिल देव ने एसआईआर की प्रगति पर बीएलओं के संग चर्चा की और कार्य मे तेजी लाते हुए जल्द से जल्द कार्य को निपटाने के लिए बीएलओं के पेंच टाइट किए। हालाकि बीएलओ लगातार एसआईआर के कार्य को तेजी के साथ निपटाने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन इसके बाद भी बीएलओ की बैठक करते हुए सेक्टर मजिस्ट्रेट ने प्रति दिन दो सौ फार्म सब्मिट करने लिए के निर्देश किया है। वही इसके साथ आशा व राशन डीलर को भी बीएलओं के साथ एसआईआर के कार्य मे सहयोग के लिए आदेशित किया गया है। ताकि कार्य समयबद्ध तरीके से निपटाया जा सके। सेक्टर मजिस्ट्रेट कपिल देव ने बताया कि रूटीन निरीक्षण किया गया और कार्य मे प्रगति के साथ बीएलओं की समस्या पर चर्चा की गई। बीएलओ को सहयोग करने के लिए आशाओं को व राशन डीलर लगाया गया है ताकि यह लोग जल्द से जल्द लोगो तक पहुंचे ओर एसआईआर के फार्म को सही तरीके से भरकर जमा किए जा सके।


## कार्यालय नगर पंचायत बनत जनपद-शामली।

पत्रांक: 273/न0पं0बनत/2025-26 दिनांक: 24.11.2025

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ई-निविदाऐं वैबसाईट https://etender.up.nic.in पर नगर पंचायत बनत द्वारा दिनांक 15.12.25 समय अपराह्व 1.00 बजे तक ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ई- प्रिक्योरमेन्ट की वैबसाईट पर दिनांक 24.11.25 समय अपराह्व 12.00 बजे से दिनांक 15.12.125 अपराह्व 1.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। निविदा मूल्य / धरोहर धनराशि (जी0एस0टी0) सम्मिलित करते हुए का ड्राफ्ट अधिशासी अधिकारी नगर पंचातय बनत (शामली) के पक्ष में जारी करते हुए निविदा के साथ संलग्न करते हुए जमा रसीद व अन्य सम्बन्धित साक्ष्य वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य है। शर्तों में वर्णित समस्त प्रमाणपत्रों की छायाप्रति स्वप्रमाणित कर दिनांक 15.12. 25 को अपराह्व 2.00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे कार्यालय में रखे टैण्डर बाक्स में डाले जाएंगे प्राप्त ई-निविदाऐं नगर पंचायत बनत कार्यालय में नियत तिथि 16.12.25 को समय अपराह्व 3.00 बजे खोली जाएगी। समस्त ई-निविदाताओं को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी / अध्यक्षा महोदय नगर पंचायत बनत में निहित है। अन्य विवरण एवं कार्यों की जानकारी कार्यदिवस में कार्यालय नगर पंचायत बनत से प्राप्त की जा सकती है यदि नियत तिथि के दिन कोई सार्वजनिक अवकाश होता है तो आगामी कार्यदिवस माना जाएगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बनत**
**जनपद शामली**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत बनत**
**जनपद शामली**

# अस्मिता एथेलेटिक्स में खूब दौड़ी बालिकाएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा बालिक.।ओं के लिए प्रायोजित अस्मिता खेल कार्यक्रम अंतर्गत आज सहारनपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम पर सहारनपुर जिला एथलेटिक्स संघ के द्वारा 16 वर्ष से कम और 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिकाओं की जिला अस्मिता एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई।

गांधी पार्क स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन गरिमामय माहौल में मुख्य अतिथि के रूप में मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर के वित्त अधिकारी सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा दीप प्रज्वलन कर किया और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी अतिथियों का आयोजकों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं सम्मान प्रतीक के साथ स्वागत किया गया। संघ की अध्यक्षा श्रीमती सुषमा बजाज ने सभी उपस्थित तिथियां का धन्यवाद ज्ञापन किया और उम्मीद जताई कि जो यह प्रतियोगिता बालि.काओं में आयोजित हो रही है। उससे हमारी बालिका वर्ग को काफी उत्साहजनक प्रदर्शन देखने को मिलेगा और आने वाले समय में खिलाड़ी और भी उत्साह से भाग लेंगे।

जिला एथलेटिक संघ की ओर से सचिव डॉ. ए.के. गुप्ता, अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बजाज, उपाध्यक्ष यशपाल सिंह पुंडीर, ईश्वर पाल सिंह, मनीष कुमार एवं अन्य वरिष्ठ सदस्य कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम जिले के एथलेटिक खिलाड़ियों को मंच प्रदान करते हैं तथा खेल संस्कृति को मजबूत बनाते हैं। प्रो. संदीप गुप्ता ने कहा कि शारीरिक फिटनेस और मान.सिक मजबूती एक खिलाड़ी की सबसे बड़ी पूंजी है।

उन्होंने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, उचित आहार व खेल अनुशासन का पालन करने की सलाह दी।आज प्रतियोगिता के 16 वर्ष से कम आयुर्वाग की बालिकाओं के समस्त इवेंट तथा 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिकाओं के इवेंट चल रहे हैं । 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के 60 मीटर दौड़ मेंप्रथम आराध्य कौशिक, द्वितीय श्रद्धा, तृतीय सिमरन, 600 मीटर दौड़में प्रथम गोरी प्रजापति, द्वितीय कनिका यादव, तृतीय सौहार्दिका गुप्ता, गोला फेंक प्रथम लक्षिता बिरला, द्वितीय तेजस्वी, तृतीय इशिका रावत, भाला फेंक में प्रथम यशस्वी कंबोज, द्वितीय हिमानी सैनी, तृतीय अवनी चौधरी, चक्का फेंक में प्रथम वैष्णवी, द्वितीय हिमांशी, तृतीय वंशिका महेंद्रू , लंबी कूद मेंप्रथम हिमानी, द्वितीय नंदनी त्यागी, तृतीय काजल, ऊंची कूद मेंप्रथम दीपा, द्वितीय तानिया देवी, तृतीय निशा, निर्णायकों ने अपने अनुभव, निष्पक्ष निर्णय और खेलों के प्रति समर्पण से आयोजन को सफल व पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के सफल संचालन आयोजन अध्यक्ष मुस्तकीम अंसारी, आयोजन सचिव लाल धर्मेंद्र प्रताप, आयोजन सह्सचिव श्रीमती जुली पुंडीर, भूपेंद्र सिंह, श्रीमती रुबिका नेगी, राकेश कुमार, श्रीमती निशु राणा, कुमारी स्नेहा सैनी, कुमारी उन्मनी, राजेंद्र सिंह, प्रवीण सैनी , रोहित पुंडीर, आदि द्वारा किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग खिलाड़ी एवं पार्षद गौरव कपिल की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।

उनके साथ ही अन्य सम्मानित अतिथियों में श्रीमती सुषमा बजाज, वरिष्ठ समाज सेवी डी.के. बंसल, प्रधानाचार्य अनिल भाटी, अशोक सक्सेना, श्रीमती रश्मि टेरेंस, सुरैया कौसर, प्रवीण चौधरी, महताब अली, विवेक कंबोज, डॉ. शैलजा चटर्जी, डॉ. शशांक शर्मा, पंकज गर्ग, सतीश कुमार, सक्षम भाटी, दीप राजा मित्तल, अरुण मित्तल, आदि अनेक गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में जिले के 52स्कूलों के 551 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

सभी अतिथियों का जिला संघ सचिव डॉ. अशोक कुमार गुप्ता ने उद्घाटन अवसर पर उपस्थित समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# सरकारी छूट का लाभ उठाए: एसडीओ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** सरकार की "बिजली बिल राहत योजना 2025" का उपभोक्ताओं को लाभ देने के को लेकर सोमवार को उपखंड अधिकारी बेहट कार्यालय पर एस डी ओ द्वारा क्षेत्र के दर्जनों ग्राम प्रधानों की एक मीटिंग ली गई है। मीटिंग में एस डी ओ ने ग्राम प्रधानों से सरकार द्वारा दी जा रही छूट का लाभ दिलवाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करने का आवाहन किया गया।

मीटिंग मे बोलते हुए एस डी ओ बृज मोहन ने कहा कहा कि आप सभी ग्राम प्रधान अपने अपने गांवों में विभाग द्वारा दी जा रही विद्युत उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ के लिए अपने स्तर से भी प्रचार प्रसार कराए और बिजली के बकाया बिलों मे छूट पाने के लिए उपभोक्ताओं को पहले5 रजिस्ट्रेशन कराले उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को राहत देना तथ विद्युत बिलों का समय से निस्तारण करना है।

उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे योजना की शर्तों को ध्यानपूर्वक समझें और इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। मीटिंग मे ग्राम प्रधानों ने विद्युत उपभोक्ताओं को बिलों मे छूट के बारे में जानकारी देने का आश्वासन विद्युत अधिकारियों को दिया है।

मीटिंग में जेई जितेंद्र भटनागर के अलावा मौहम्मद कामिल अकरम अहमद सतीश चौधरी बिलाल महावीर चौधरी तालिब हसन राजकुमार सहित ग्राम प्रधान मुख्य रूप से मौजूद रहे हैं।

# हजरत फातिमा ज़हरा थी सादगी की मिसाल: मौलाना जाफर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** हजरत फातिमा जहरा सलवातुल्लाह अलैहि की शहादत की याद में आयोजित की जा रही मजलिस में मौलाना ने बताया कि शहजादी फात्मा ने पूरी दुनिया को इंसानियत का पाठ पढ़ाया।

मोहल्ला हामिद हसन स्थित बड़ी इमाम बारगाह में चल रही पांच दिवसीय मजलिस के चौथे दिन मौलाना जाफर वहब मऊ ने बताया कि शहजादी फात्मा ने पूरी कायनात की औरतों को इन्सानियत का पाठ पढ़ाते हुए जिंदगी को सही तरीके से गुजारने का तरीका बताया। उन्होंने अपनी जिंदगी बड़ी सादगी के साथ गुजारी, सारी सारी रात चक्की चला चला कर उन्होंने अपने बच्चों का पालन पोषण किया लेकिन कभी उफ तक ना की। लेकिन यजीदियों ने उनको बड़ी बेदर्दी से शहीद कर दिया उनको जरा भी रहम नहीं आया।

मजलिस में मर्सिया जैनुल आब.ेदीन, तासीर हुसैन व हमनवा तथा नोहा मोहम्मद फैज बिलाल ने पढ़ा। सोगवार सदर अली इमाम, अलमदार, तहरीर अब्बास नकवी, शहबाज, तारीफ, मूसा इमाम, समर अब्बास, मेहदी, दानिश, अली सहित सैकड़ो सोगवार मौजूद रहे।

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने नाबालिग किशोरी को अपहृत करके उसके साथ दुष्कर्म करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान नाबालिग किशोरी को अपहृत किये जाने के मुकदमें की विवेचना से प्रकाश में आये आरोपी अब्दुल रज्जाक उर्फ राजा पुत्र मजाहिर हसन निवासी ग्राम बुडढाखेडा थाना चिल.काना को साईफन पुलिया से गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया है कि थाना पर पूर्व से दर्ज किये गए मुकदमे में पॉक्सो तथा दुष्कर्म सम्बन्धी धारा की बढोत्तरी करते हुए गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तारी टीम में एसआई नरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल अनुज राणा तथा सौरव पंवार शामिल रहे।

# विद्युत विभाग ने बांटे योजना के पम्पलेट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** विद्युत विभाग द्वारा बिजली बिल राहत योजना 2025 का जबरदस्त प्रचार किया जा रहा है। विद्युत विभाग के कर्मचारी तौफीक उमर आम जन सहित गणमान्य लोगों को भी योजना के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

सोमवार को विद्युत विभाग के कर्मचारी तौफीक उमर ने ईदगाह रोड बाईपास रोड आदि पर विभाग की योजना के पम्पलेट वितरित किए। उन्होंने नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सविता वर्मा,चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान सहित सभासदों व गणमान्य लोगों को विभाग की योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि बिजली बिल राहत योजना 2025 आगामी एक दिसम्बर से 28 फरवरी 2026 तक चलेगी इस योजना में बकाया बिलों में छूट दी जाएगी साथ ही व अन्य जुर्माने में भी भारी छूट दी जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य है।जिसने उपभोक्ता को दो हजार रुपये पंजीकरण के समय जमा कराने होंगे।

अधिशासी अधिकारी सविता वर्मा व चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान ने कहा कि यह विभाग की सराहनीय योजना है जिससे उन गरीब लोगों को भारी लाभ होगा जो किसी कारण समय पर अपना बिल जमा नहीं करा सके।उन्होंने कहा कि जनता को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए।

इस दौरान शहर काजी नदीमुल हक, जमील फोरमैन, सभासद नदीम अहमद, जोगेंद्र चौधरी, तय्यब एडवोकेट, प्रदीप बालियान, अकरम राय, आस मोहम्मद सैफी, गालिब हबीब आदि मौजूद रहे।

## प्रदर्शन में हुए शिक्षक शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** राष्ट्रीय संयुक्त शिक्षक मोर्चा के आह्वान पर 2011से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्यता के विरोध में गंगोह से भी काफी अध्यापक नई दिल्ली प्रदर्शनं में शामिल है।

शिक्षक संघ के ब्लाक गंगोह अध्यक्ष सुरेंद्र कर्णवाल ने बताया कि जंतर-मंतर पर महारैली कर ज्ञापन दिया गया। रैली में 11 से अधिक राज्यों से सक्रिय सहभागिता कर शिक्षकों ने रोष प्रकट कर सरकार से 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को 2017 के नियमावली संशोधन तथा 1 सितंबर 2025 के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से मुक्त रखे जायें। अध्यापक नियुक्ति की सभी शर्तों को पूर्ण कर नियुक्ति प्रदान की गयी है। उन्हें इस अव्यावहारिक आद.ेश से मुक्त रखा जायें। जसवंत चौधरी नीरज, वीरेंद्र कुमार, संजीव शर्मा, विकास, अनिल, विरेन्द्र कुमार, बालेश, प्रकाश, दीपेश मित्तल, अमित सैनी विजय नामदेव, कुलदीप कुमार व बलराम शर्मा आदि रहे।

# सरकारी नलकूप से चोरी करने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम द्वारा सरकारी नलकूप से चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से 1200 रूपये नकद तथा 01 छुरी भी बरामद की गई है।

थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने दौराने चैकिंग सरकारी नलकूप से गाटर चोरी करने के एक मामले में फरार आरोपी रिंकू पुत्र टीटू निवासी मोहल्ला खेड़े वाला कस्बा सुल्तानपुर थाना चिलकाना को पटनी पैट्रोल पम्प से पांज बांगर की ओर जाने वाले रास्ते पर गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 01 छुरी तथा सरकारी नलकूप से चोरी किये गये गाटर को बेचकर उसके द्वारा प्राप्त किये 1200 रूपये नकद बरामद किये गए है।

पुलिस पूछताछ पर आरोपी ने कुछ दिन पूर्व सरकारी ट्यूबवैल अलीपुरा से लोहे का छोटा गाटर उतारकर राह चलते कबाडियों को 02 हजार रुपये में बेंच देने की बात कबूली है तथा बताया है कि छुरी वह लोगो को डराने के लिए अपने पास रखता है, उक्त आरोपी के खिलाफ पूर्व से भी 02 मुकदमे दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसाई बलराम सिंह, हैड कांस्टेबल अरविन्द कुमार तथा कांस्टेबल पुनित कुमार शामिल रहे।

## अभियान का निरीक्षण

**गंगोह।** निर्वाचन विभाग भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान एसआईआर के अंतर्गत विभिन्न बूथों पर जाकर अभियान में जुटे है।

भाजपा के विधानसभा एसआईआर संयोजक ने बुथों पर जाकर मतदाता पुनरीक्षण अभियान में जुटे कार्यकर्ताओं से बात की और उनसे अभियान में और तेजी लाने का अनुरोध किया। जहां भाजपा कार्यकर्ता अभियान को लेकर गंभीर है। वही रालोद और कांग्रेस कार्यकर्ता भी एसआईआर अभियान में जुटे है।

# दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित चल रहे एक आरोपी गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार 15 नवम्बर को वादिया ने तहरीर देकर बताया था कि आरोपी वामिश पुत्र मेहताब निवासी सड़क दूधली थाना जनकपुरी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरा.ेपी के खिलाफ धारा-69 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। आज मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी व उपनिरीक्षक प्रताप दत्त शर्मा के नेतृत्व में मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए वांछित आरोपी वामिश पुत्र मेहताब निवासी ग्राम सड़क दूधली थाना जनकपुरी को पानी की टंकी के गेट के पास से दबोच लिया। पुलसि ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# शगुन में एक रुपया लेकर युवक ने शादी कर दिया समाज को संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** एक युवक ने शगुन में केवल एक रुपया लेकर मिसाल कायम की है।

नानौता थाना अंतर्गत ग्राम भारी दिनदारपुर निवासी रणजीत सिंह जो की एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं उन्होंने अपने बच्चों को पढ़ा लिखा कर इस प्रकार काबिल किया कि आज उनके बेटे रजनीश महाराष्ट्र में ई डी अधिकारी हैं तथा छोटे बेटे रजनीकांत न्यायिक विभाग में स्टेनो के पद पर सहारनपुर में ही कार्यरत हैं। रंजीत सिंह के बड़े बेटे रजनीश की शादी 22 नवंबर को एक होटल में गाजियाबाद के रहने वाले भंवर सिंह की पुत्री मनीषा के साथ शादी हुई। मनीषा भी रेलवे विभाग में इंजीनियर के पद पर तैनात हैं जिनका निवास स्थान सहारनपुर में भी है।

शगुन के तौर पर रजनीकांत ने मात्र 1 रुपया लेकर अपने समाज और पूरी दुनिया को एक संदेश देने का काम किया।

मजदूरी कर गुर्जर बसर करने वाले रंजीत के परिवार में आज दो बच्चे सरकारी कर्मचारी व अधिकारी के रूप में हैं।

## आसानी से खोजे 2003 की मतदाता सूची में नाम: डीएम

**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित किये गये पोर्टल के माध्यम से 2003 की मतदाता सूची में नाम आसानी से खोजा जा सकता है। इस सुविधा से एक क्लिक के माध्यम से जानकारी को प्राप्त किया जा सकता है। इस कदम से जंहा पारदर्शिता बढेगी वंही चुनाव प्रक्रिया में भाग लेना आसान होगा तथा एसआईआर की प्रक्रिया में भी आसानी आएगी। इसका मूल उद्देश्य आमजनों की समस्याओं को निस्तारित कर चुनाव में अधिक से अधिक भागीदारी को बढाना है।

इसके अतिरिक्त चुनाव संबंधी समस्त जानकारियां भी प्राप्त की जा सकती है। इसमें जनपद का नाम डालते ही विधानसभा को चयनित करना होगा।

# एक साथ खुले में रखे कई ट्रांसफार्मर दे रहे मौत को दावत



**गंगोह।** अतिव्यस्त चौराहे पर खुले में रखे एक साथ कई ट्रांसफार्मर मौत को बुलावा दे रहे है। नागरिकों की शिकायत के बाद विद्युत निगम कुंभकरण की नींद सोया हुआ है। शनिवार को एक बकरा नीचे रखे ट्रांसफार्मर के करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

मौहल्ला कुरैशियान चौंक पर विधुत विभाग द्वारा एक जगह पर एक साथ कई ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। जिनकी विधुत विभाग ने बाउंड्री नहीं कर रखी है। शनिवार की सुबह को शावेज कुरेशी का एक बकरा उछल कूद करते हुए ट्रांसफार्मर के पास पहुंच गया। बकरे के करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शावेज ने अपने बकरे की कीमत 20 हजार रुपए से अधिक बताई। मोहल्ला वासियों ने कि कई बार विधुत विभाग को यहां के बाउंड्री करने की मांग कर चुके हैं। मगर अभी तक विद्युत विभाग कुंभकरण की नींद सोया हुआ है। कुरैशियान चौक पर भारी भीड़ ही नही रहती हैं। नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग व स्कूली छात्र छात्राएं भी यही से गुजरते हैं। जिससे ये खुले में रखे ट्रांसफार्मर से दुर्घटनाओं का डर रहता है। पहले भी यहां पर कई पशुओं की मौत हो चुकी हैं। लोगों ने विभाग पर गुस्सा जाहिर करते हुए जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर की बाउंड्री कराने की मांग की है।

# आरआर पब्लिक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता




**नूरपुर।** स्योहारा रोड़ स्थित आरआर पब्लिक स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए एक दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल की डायरेक्टर प्राची गुप्ता व उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। खेल शिक्षक जीवन सिंह के अनुसार कक्षा नर्सरी में बालक वर्ग से 40 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रमित प्रथम, दिव्यांश द्वितीय, राजवर्धन तृतीय। जूनियर केजी सी में शौर्य कुमार प्रथम, कुशांक द्वितीय, जुलकरेन तृतीय। सीनियर केजी बी में आरव प्रथम, दैविक द्वितीय, देव तृतीय। बालिका वर्ग से नर्सरी में कीर्ति प्रथम, चैरी द्वितीय, सुखप्रीत तृतीय। सीनियर केजी बी में काव्या प्रथम, अफीफा द्वितीय व अनाया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नर्सरी ए में बालक वर्ग से मेंढक दौड़ प्रतियोगिता में राज्यवर्धन प्रथम, भविष्य द्वितीय, गिवांश तृतीय। नर्सरी बी में उन्नत प्रथम, रूद्र द्वितीय, सूर्यांश तृतीय। नर्सरी बालिका वर्ग से शंकु दौड़ प्रतियोगिता में आयजा प्रथम, मिशाका द्वितीय, कृतिका तृतीय। नर्सरी बी में युवांश प्रथम, सार्थक द्वितीय, लिवांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर केजी बी बालक वर्ग की नींबू चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में बासु प्रथम, रुद्र द्वितीय मलकित तृतीय। सीनियर केजी ए में दक्ष प्रथम, रूद्रजीत द्वितीय, आरुष तृतीय। बालि.का वर्ग से जूनियर केजी बी में ईशु प्रथम, पारकी द्वितीय, निकिता तृतीय। सीनियर केजी ए में शानवी प्रथम, विनिका द्वितीय, अनन्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# एसआईआर विशेष शिविर में मिला बड़ा लाभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका परिसर में मतदाता सूची से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को आसान बनाने के लिए एक विशेष शिविर लगाया गया। शिविर में लोगों को फॉर्म वितरण से लेकर फॉर्म भरवाने और जमा कराने तक सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं। सुबह से ही नागरिक बड़ी संख्या में शिविर पहुंचते रहे। बीएलओ ने मौके पर मौजूद रहकर लोगों के फॉर्म सावधानीपूर्वक भरवाए और आवश्यक दस्तावेजों को जांचते हुए प्रक्रिया पूरी कराई। अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला के अनुसार, शिविर में कुल 403 फॉर्म भरे गए, 306 ऑनलाइन दर्ज हुए, जबकि 1475 फॉर्म अगले दिन जमा किए गए। उन्होंने बताया कि ऐसे शिविरों के आयोजन से आम लोगों को काफी सुविधा मिलती है और अपडेट प्रक्रिया तेज होती है।

शिविर में पूर्व राज्य मंत्री मूलचंद चौहान के पुत्र और युवा सपा नेता अमित प्रताप सिंह भी पहुंचे और अपने समर्थकों के साथ कई लोगों की सहायता की। स्थानीय लोगों ने कहा कि शिविर में बीएलओ और पालिका स्टाफ का सहयोग संतोषजनक रहा, जिससे फॉर्म भरने में कोई कठिनाई नहीं हुई। अधिकारी उम्मीद कर रहे हैं कि आगामी दिनों में और अधिक लोग अपनी प्रविष्टियाँ सही कराएंगे।

अधिकारियों ने जनता से अपील करते हुए कहा कि जिसने अभी तक अपना वोट फॉर्म नहीं भरा है, वह जल्द से जल्द इसे पूरा करें। यह न केवल अधिकार है बल्कि जिम्मेदारी भी है। शिविर में अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला, रेवेन्यू इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह, बड़े बाबू पवन कुमार, अमित गुप्ता, विशाल अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, विकास गुप्ता, पुष्पेंद्र सक्सेना सहित पालिका स्टाफ सक्रिय रहा।

# महिला से बनाए अवैध संबंध, दूसरी युवती से रचा रहा शादी

**युवक 25 नवंबर को फतेहपुर जट्ट गांव निवासी एक युवती से रचा रहा शादी, महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला ने युवक पर अश्लील वीडियों बनाने का आरोप भी लगाया है।**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** महिला ने युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाने के साथ ही महिला का यह भी आरोप हैं कि दोनों से एक बच्चा भी है और अब युवक दूसरी जगह शादी करने की तैयारी कर रहा है। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वे शादीशुदा है और उसके चार बच्चे हैं। गांव के ही एक युवक ने उसे बहला फुसला लिया और शादी का झांसा देकर पिछले करीब सात साल से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता चला आ रहा है। महिला के मुताबिक दोनों के एक बच्चा भी है, लेकिन युवक अब उससे शादी करने से इंकार कर रहा है और पति व बच्चों की जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोप है कि उससे शादी करने के बजाए युवक 25 नवंबर को फतेहपुर जट्ट गांव निवासी एक युवती से शादी कर रहा है। महिला ने पुलिस से युवक के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर पर आरोपी युवक सोनू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी गई है।

# केरियर मेले में विद्यार्थियों को दी नए अवसरों की जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मेप्लस एकेडमी में आयोजित करियर मेले में विद्यार्थियों को चिकित्सा, इंजीनियरिंग, आर्ट, मैनेजमेंट, डिफेंस, मीडिया, आइटी कंपनी एवं कौशल उद्यमियो सहित अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में करियर और विकल्पो की जानकारी दी गई।

मुजफ्फरनगर स्टेट हाइवे स्थित मेप्लस एकेडमी प्रागण में आयोजित करियर मेले में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय सहित विभिन्न संस्थाओं द्वारा मार्ग दर्शन किया गया। करियर मेले का उद्घाटन प्रधानाचार्य डा. चित्रा जोशी ने किया। इस दौरान काउंसलिंग इंफर्मार संजय पवार सहित विशषज्ञों ने विद्यार्थियों को चिकित्सा, इंजीनियरिंग, आर्ट, मैनेजमेंट, डिफेंस, मीडिया, आइटी कंपनी और कौशल उद्यमियो सहित दूसरें क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों के बारे





में मार्ग दर्शन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भी विभिन्न करियर काउंसलिंग स्टाल पर पहुंच विशेषज्ञों से अपनी पसंद के करियर के प्रशन पूछ जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में चितकारा यूनिवर्सिटी के मनदीप सिंह और ग्राफिकएरा यूनिवर्सिटी के डा. विपिन कौशल विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। मेले में डीआईटी, क्वांटम और एमिटी सहित 30 से अधिक विश्वविद्यालयो और संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को करियर संबंधी जनक. ारी दी।

स्कूल की प्रधानाचार्य डा. चित्रा जोशी ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को सही दिशा दिखाते हैं बल्कि उनके उज्जवल भविष्य में योजना बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# सर्दी से बचाव के लिए मदरसा छात्रों को रजाई का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मदरसा छात्रों को सर्दी से बचाव के लिए रजाई वितरित की गई।

दारुल उलूम जकरिया में शफीक-उल-उम्मत वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से मदरसा छात्रों को सर्दी से बचाव के लिए रजाई का वितरण किया गया। संस्था प्रबंधक मुफ्ती शरीफ खान और उप प्रबंधक मुफ्ती शफीउल्लाह खान ने जानकारी देते हुए बताया कि समय-समय पर मदरसे में पढ़ने वाले छात्रों की हर संभाव सहायता की जाती है। इसके अलावा भी खाना और रहने की सुविधा छात्रों को दी गई है। बताया कि प्रत्येक वर्ष संस्था से करीब पांच सौ छात्र शिक्षा हासिल कर मौलवियत की उपाधि प्राप्त करते हैं।



**देवबन्द। मदरसा दारूल उलूम जकरिया में छात्रो को रजाई वितरित करता प्रबंधतंत्र।**

# एसआईआर अभियान के तहत भरवाए मतदाता गणना प्रपत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता गणना प्रपत्र भरने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मतदाताओं को एसआईआर के संबंध में जानकारी दी गई और उनके फार्म भरे गए।

मोहल्ला खानकाह में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत नजर फाउंडेशन द्वारा आयोजित शिविर में फाउंडेशन अध्यक्ष नजम उस्मानी ने मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को भरा और उन्हें एसआईआर के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एसआईआर के तहत समय से फार्म भरकर अपलोड़ कराया जाना बेहद जरुरी है, इसमें बरती गई लापरवाही मुश्किल में डाल सकती है।



उन्होंने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए प्रतिदिन गणना प्रपत्र फार्म भरने की व्यवस्था की गई है। ताकि सभी मतदाताओं के फार्म ठीक प्रकार से भरकर समय पर जमा हो सकें। इस मौके पर मो. इसरार, आजम, शाहनवाज उस्मानी, मोहम्मद इस्लाम, नबील उस्मानी आदि मौजूद रहे।

# श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया 350वां शहीदी पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** हिंद की चादर साहिब श्री गुरु तेग बहादुर महाराज व उनके शिष्यों भाई मतिदास, भाई सती दास व भाई दयाला का 350 वा शहीदी पर्व मंगलवार को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में गुरुद्वारा कमेटी द्वारा विशेष समागम आयोजित किए जाएंगे।

रेलवे रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब में आयोजित हुई बैठक में कमेटी प्रधान सेठ कुलदीप कुमार ने कहा कि गुरू तेग बहादुर जी व उनके शिष्यों भाई मतिदास जी, भाई सती दास जी व भाई दयाला जी ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए 350 वर्ष पूर्व दिल्ली के चांदनी चौक पर अपनी शहादत दी थी। सचिव गुरजोत सिंह सेठी ने बताया कि शहीदी पर्व पर 25 नवम्बर को प्रात: काल नगर में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। रात को कीर्तन दरबार व कथा विचार कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें विश्व प्रसिद्ध योगाचार्य डा.दयाशंकर विद्यालंकार व अमृतसर के रागी जत्थे भाई गुरज सिंह गुरवाणी गायन कर संगत को निहाल करेंगे। चंद्रदीप सिंह, श्याम लाल भारती, हेमंत गिरधर, सचिन छाबड़ा, राजेश अजमानी, हरविंदर सिंह बेदी, बलदीप सिंह, हर्ष भारती, मोहित मल्होत्रा, अर्पित सचदेवा, कुणाल गिरधर, प्रिंस कपूर, संदीप सिंह, राजपाल सिंह नारंग आदि शामिल रहे।

# परीक्षा परिणाम घोषित, विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जानसठ रोड स्थित एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के सत्र 2024-25 के घोषित प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणामों में विभिन्न शाखाओं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम घोषित होने पर कॉलेज में हर्ष व्यक्त करते हुए प्रर्थम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रथम वर्ष में इलेक्ट्रानिक्स एंड




कम्यूनिकेशन इंजी0 में सादिया, मयंक शर्मा व दुष्यंत ने टाप किया। इलेक्ट्रिकल इंजी0 में अमित कुमार, अंकुश, जतिन ने टाप किया। द्वितीय वर्ष में इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिक. ेशन इंजी0 में रोहिता, हनी व अभिषेक गर्ग ने टाप किया। इलेक्ट्रिकल इंजी0 में अनामिका, अनिकेत, हर्षित तथा मैकेनिकल इंजी0 में उत्तम शर्मा, आकाश व निशान्त तथा सिविल इंजी0 में अर्जुन, मौ0 फरहान व सिमरन ने टाप किया।

इस अवसर पर सचिव अनुभव कुमार ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन और निरंतरता से लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होने कहा कि उपलब्धि न केवल कॉलेज की प्रतिष्ठा को बढ़ाती है, बल्कि आगामी सत्रों के छात्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

हमारा संस्थान हमेशा विद्यार्थियों को श्रेष्ठ शैक्षणिक सुविधाएँ एवं सकारात्मक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने टापर्स का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम से जिस प्रकार उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं, वह अत्यंत सराहनीय है। तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं है, बल्कि नवाचार, शोध और कौशल का विकास करना भी है।

मुझे गर्व है कि हमारे छात्र इन सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं। मैं सभी टॉपर्स व उत्कृष्ट छात्रो को शुभकामनाएँ देता हूँ और विश्वास दिलाता हूँ कि संस्थान उनके संपूर्ण विकास के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करता रहेगा।

## एसआईआर हेल्प डेस्क कैंप

**नहटौर।** नगर कांग्रेस कमेटी नहटौर के तत्वावधान में कपड़ा बाजार में जिला अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह के नेतृत्व में एसआईआर हेल्प डेस्क कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सहयोग एवं मार्गदर्शन देने वालों में प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष जहाँगीर (सुईट), अमित त्यागी, नदीम अहमद, परवेज इकबाल, तस्लीम मंसूरी, मौहम्मद रब्बानी, आफताब अंसारी, अजमत हुसैन, खलील अहमद, लईक अहमद, आफताब अहमद कांग्रेसजन शामिल रहे। सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कैंप में क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनी गई। एसआईआर योजना से जुड़ी हर प्रकार की जानकारी एवं सहायता उपलब्ध कराई गई। नगर अध्यक्ष जहाँगीर सुईट ने सभी उपस्थित लोगों एवं आयोजन में सहयोग देने वाले सभी कांग्रेसजनों, विशेष रूप से सहयोग देने वालों का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया तथा कांग्रेस पार्टी की जनसेवा और जनकल्याण की प्रतिबद्धता को दोहराया।

## दर्शन सिंह रावत बने ब्लॉक उपाध्यक्ष

**अफजलगढ़।** भाकियू (टिकैत) की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए दर्शन सिंह रावत को ब्लॉक उपाध्यक्ष बनाया गया। वादीगढ़ चौराहा स्थित ब्लॉक मुख्य महासचिव रमेशचंद्र शेखावत के आवास पर ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान की अध्यक्षता में भाकियू (टिकैत) की अफजलगढ़ ब्लॉक इकाई की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्रीय किसानों से 25 नवंबर तक अपनी अपनी समस्याएं लिखित रूप में दिए जाने का आह्वान करते हुए 26 नवंबर को बिजनौर में आयोजित होने वाली संगठन की पंचायत में अधिकाधिक संख्या में पहुंचने पर विचार विमर्श किया गया।

## फायरिंग करने के आरोपियों का दूसरे दिन भी सुराग नहीं लगा सकी पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कार आमने सामने खड़ी करने को लेकर युवकों के बीच हुए विवाद में चली गोली से सड़क से गुजर रहा एक दूधिया छर्रे लगने से घायल हो गया था। जांच में जुटी पुलिस दूसरे दिन भी आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा पाई। मामले में अभी कोई तहरीर भी नहीं मिली है।

साखन नहर के समीप रविवार की रात एक होटल पर कार आमने सामने खड़ी करने को लेकर कुछ युवकों के बीच कहासुनी हो गई थी। विवाद इतना बढ़ा कि एक युवक ने गोली चला दी। इस दौरान वहां से गुजर रहा दूधिया उस्मान छर्रे लगने से घायल हो गया था। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। गोली चलाने वाले कौन थे जांच में जुटी पुलिस दूसरे दिन भी उनका कोई सुराग नहीं लगा पाई। पुलिस का कहना है कि किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। लेकिन पुलिस हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देख रही है। जल्द ही गोली चलाने वालों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## कैबिनेट मंत्री एके शर्मा से आशुतोष ब्रह्मचारी जी महाराज की भेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय कैबिनेट मंत्री नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग ए।के। शर्मा से उनके सरकारी आवास पर कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट मथुरा के अध्यक्ष एवं कृष्ण जन्मभूमि केस के मुख्यवादी माता शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने भेंट की। मुलाकात के दौरान पूज्य महाराज ने मंत्री एके शर्मा को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद प्रदान किया तथा उनके विभाग में चल रहे विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु मंगलकामनाएं दीं।बैठक में विशेष रूप से माघ मेला,2026 की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। कृष्ण जन्मभूमि के विशेष शि. विर की व्यवस्था,मेला क्षेत्र में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं,श्रद्धालुओं के सुगम प्रवास हेतु प्रस्तावित व्यवस्थाएं तथा मेला प्रशासन से समन्वय जैसे अहम बिंद. ुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश के समग्र विकास, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय प्रशासन से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी सकारात्मक एवं सारगर्भित संवाद हुआ।

## सहकारी समिति की बैठक

**नांगल सोती।** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति नांगल सोती की वार्षिक साधारण सभा की बैठक में किसानों से समिति से खेती के उपयोग के लिए ऋण लेने का आह्वान किया गया। बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति नांगल सोती, जीतपुर, खानपुर में भरत सिंह की अध्यक्षता में वार्षिक साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें समिति के एमडी वीरेंद्र सिंह ने किसानों को बताया कि समिति को 11 लाख 6 हजार 978 रुपए का वार्षिक लाभ हुआ है, इसके साथ ही समिति का सकल लाभ 83 लाख 93 हजार रुपए हो गया है। वर्तमान में समिति में 3580 सदस्य है। एमडी ने किसानों को समिति द्वारा दिए जा रहे ऋण योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी और किसानों से कम ब्याज दर पर ऋण लेने का आह्वान किया।

# बाइक सवार दो युवकों के साथ रंजिश में मारपीट पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक महिला ने गांव के कई युवकों पर उसके पुत्र व एक अन्य युवक के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी महिला प्रवीन पत्नी परवेज ने बताया कि गत रविवार को उसके पुत्र प्रवेज के साथ गांव के कई युवकों ने मारपीट कर दी थी। जिसका मामला गांव के लोगों ने बैठकर निफ्टा दिया था। आरोप है कि सोमवार को उसका



पुत्र प्रवेज गांव के अपने दोस्त नवा. जिश के साथ बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से कस्बे में आ रहा था। आरोप है कि उसी रंजिश को लेकर आधा दर्जन युवकों ने पीड़िता के पुत्र सहित उसके दोस्त को रोक लिया और उसके साथ लाठी डंडों सहित लात घुसों से जमकर मारपीट की। शोर शराबा होने पर मौके पर दर्जनों ग्रामीण आ गए आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित महिला ने आरोपी आधा दर्जन युवकों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## साइबर क्राइम की जानकारी दी

**कोतवाली देहात।** थाना पुलिस द्वारा के.एस. चिल्ड्रन एकेडमी में साइबर क्राइम के बारे में छात्र और छात्राओं को जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रोजेक्टर पर बच्चों को लघु फिल्म दिखाकर समझाया गया। थाना कोतवाली देहात के उप निरीक्षक विपिन कुमार के नेतृत्व में थाने की साइबर क्राइम टीम ने छात्र-छात्राओं को बताया कि साइबर क्राइम से बचने के लिए अपने सोशल मीडिया अकाउंट को बेहद सतर्कता के साथ चलाएं। किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी न बताएं।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में तेजी लाएं बीएलओ: विनय कुमार तिवारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य विकास अधिकारी शामली विनय कुमार तिवारी ने आज विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति के दृष्टिगत बंतीखेडा और बाबरी में स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिक. ारियों को निर्देश दिया कि पुनरीक्षण से संबंधित सभी कार्य तय समयसीमा के भीतर एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं। उन्होंने मतदाता सूची में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त करने में आ रही समस्याओं के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। सीडीओ ने संबंधित विभागों को सतर्क रहते हुए कार्य में तेजी लाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि लेखपाल, ग्राम सचिव आंगनवाड़ी, आशा, शिक्षामित्र, सफाई कर्मी समूह की महिलाएं आदि सभी इस अभियान में सहयोग करेंगे इस अवसर पर पीडी प्रेम चन्द डीपीआरओ संदीप अग्रवाल स्वीप कोऑर्डिनेटर नीरज विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।




# बीसीए के विद्यार्थियों का देहरादून भ्रमण

**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के बीसीए विभाग के विद्यार्थियों ने देहरादून का एक शैक्षिक-सांस्कृतिक दौरा किया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को शैक्षणिक जानकारी के साथ-साथ सांस्कृतिक जागरूकता प्रदान करना था। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने सबसे पहले एफआरआई (फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट), देहरादून का अवलोकन किया। विश्व-प्रसिद्ध एफआरआई की भव्य औपनिवेशिक शैली की इमारत, संग्रहालय दीर्घाएं और शोध विभागों ने सभी छात्रों को अत्यंत प्रभावित किया। यहां छात्रों ने वन अनुसंधान, संरक्षण तथा पारिस्थितिकी तंत्र प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

इसके पश्चात दल ने बुद्ध मंदिर (माइंडरोलिंग मॉनेस्ट्री) का दर्शन



किया। शांत वातावरण, तिब्बती स्थापत्य कला और मंदिर की आंत. रिक शिल्पकला ने सभी विद्यार्थियों को आकर्षित किया। छात्रों ने सांस्कृतिक विविधता एवं आध्यात्मिकता के विषय में गहरी समझ विकसित की। भ्रमण के उपरांत संस्थान की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने छात्रों से पूरे टूर के विषय में जानकारी प्राप्त की और उन्हें भविष्य में भी अन्य शैक्षिक-सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण करने के लिए प्रेरित किया। इस भ्रमण का सफल संचालन विभागाध्यक्ष अंकुश गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। उनके साथ सहायक प्रो. शिल्पी राजपूत, शबनम, करुणा धीमान, विभु चौहान, पियूष चौहान आदि स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। संस्थान के चेयरमैन मनोज राजपूत ने पूरे दल को सुरक्षित एवं ज्ञानवर्धक यात्रा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। दौरा छात्रों के लिए अत्यंत शिक्षण-संपन्न और यादगार सिद्ध हुआ।

## नेशनल फार्मेसी वीक-2025 मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीट्यूट बिजनौर में 64वां नेशनल फार्मेसी वीक-2025 मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, संस्थान की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा व फार्मेसी विभाग के प्राचार्य डा. दशरथ सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर फार्मेसी विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा क्रिकेट, बैडमिंटन, बॉलीवाल व पोस्टर प्रेजेंटेशन में टीम बनाकर इन प्रतियोगितओं का आयोजन किया गया।

# द. अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट पर शिकंजा कसा

**गुवाहाटी, वार्ता।** मार्को यानसन (छह विकेट) और साइमन हार्मर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन सोमवार को भोजनकाल के बाद भारतीय टीम को 201 रनों के स्कोर पर समेटकर 288 रनों की बढ़त के साथ मैच पर अपना शिकंजा कस लिया। भारत से पहली पारी में 288 रन से आगे रहने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने फॉलोऑन नहीं कराया और दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया। मेहमान टीम ने खराब रौशनी के कारण समय से पहले खेल रोके जाने तक बिना कोई विकेट खोए 26 रन बना लिए हैं और अपनी बढ़त 314 रन पहुंचा दी है। स्टंप्स के समय रायन रिकलटन 13 और एडन मारक्रम 12 रन बनाकर क्रीज पर थे। इससे पहले भोजनकाल के बाद 79वें ओवर में हार्मर ने वॉशिगटन सुंदर को एडम मारक्रम के हाथों कैच आउटकर दक्षिण अफ्रीका को आठवीं सफलता दिलाई। वॉशिगटन सुंदर और कुलदीप यादव के बीच आठवें विकेट के लिए 72 रनों की साझेदारी हुई। वॉशिगटन सुंदर ने 92 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 48 रनों की पारी खेली। भारत का आठवां विकेट 194 के स्कोर पर गिरा। इसी स्कोर पर यानसन ने एक छोर थामे जुझारू बल्लेबाजी कर रहे कुलदीप यादव को आउट कर भारत को नौवां झटका दिया। कुलदीप यादव ने 134 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए 19 रन बनाए। इसके बाद यानसन ने 84वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जसप्रीत बुमराह (पांच) को विकेटकीपर काइल वेरेन के हाथों कैच आउटकर कर 201 के स्कोर पर भारत की पहली पारी का अंत कर दिया। भारतीय टीम की शुरूआत तो अच्छी रही थी, जब राहुल और जायसवाल ने अर्द्धशतकीय साझेदारी की। लेकिन इसके बाद उनका कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर नहीं टिक सका। मार्को यानसन की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए भारतीय बल्लेबाजो को कोई भी मौका नहीं दिया। कुलदीप और वॉशिगटन के बीच अर्द्धशतकीय साझेदारी जरूर हुई, लेकिन वह नाकाफी रही।

इससे पहले झटकों से उबरते हुए वॉशिगटन सुंदर (नाबाद 33) और कुलदीप यादव (नाबाद 14) ने दक्षिण अफ्रीकी गें. दबाजों का डटकर सामना करते हुए भोजनकाल तक भारत का स्कोर सात विकेट पर 174 रन पहुंचा दिया था। चायकाल के बाद मार्को यानसन ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों पर जवाब हमले का प्रयास कर रहे कप्तान ऋषभ पंत (सात) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद यानसन ने नीतीश कुमार रेड्डी (10) और रवींद्र जडेजा (छह) को आउट कर भारत को संकट में डाल दिया। ऐसे संकट के समय वॉशिगटन सुंदर और कुलदीप यादव ने मोर्चा संभाला और जुझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए रन बटोरे। इससे पहले दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का पहला सत्र यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की अच्छी शुरुआत के बावजूद दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के नाम रहा। साइमन हार्मर (दो विकेट) की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने चायकाल तक भारत के 102 के स्कोर पर चार विकेट झटक कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली। भारत ने आज यहां कल के बिना कोई विकेट खोए नौ रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 65 रन जोड़े। इसी दौरान यशस्वी ने 85 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से अपना अर्द्धशतक पूरा किया। 22वें ओवर में केशव महाराज ने केएल राहुल को आउटकर भारत को पहला झटका दिया। केएल राहुल ने 63 गेंदों में दो चौकों की मदद से 22 रन बनाए। इसके बाद 33 वें

**● मार्को यानसन के छह विकेटों ने भारत को 201 रन पर समेटा**

ओवर में साइमन हार्मर ने यशस्वी जायसवाल को मार्को यानसन के हाथों कैच आउटकर दक्षिण अफ्रीका को दूसरी सफलता दिलाई। यशस्वी जायसवाल ने 97 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 58 रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेली। 35वें ओवर में हार्मर ने साई सुदर्शन (15) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में यानसन ने ध्रुव जुरेल (शून्य) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। बल्लेबाजी करने आए ऋषभ पंत ने जवाबी हमला किया, हार्मर के आते ही उन्हें सीधा छक्का जड़ दिया, लेकिन चाय के समय भारत पर बहुत दबाव था, पंत 6 रन पर थे और रवींद्र जडेजा अभी खाता नहीं खोल पाए थे, तब भी वे 387 रन पीछे थे। इससे पहले, साउथ अफ्रीका का पहली पारी का 489 रन का स्कोर बड़ा बना हुआ था और तीसरे दिन ही तेज टर्न दिखने लगा है। दक्षिण अफ्रीका के लिए मार्को यानसन ने 19.5 ओवरों में 48 रन देकर छह विकेट लिए। साइमन हार्मर ने 27 ओवर में 64 रन देकर तीन विकेट झटके। केशव महाराज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### लोमा स्वेन ने कराटे में भारत को पहला मेडल दिलाया

**टोक्यो, वार्ता।** भारतीय कराटेका लोमा स्वेन ने यहां खेले जा रहे 25वें डेफलंपिक्स में महिलाओं की कुमाइट स्पर्धा में सोमवार को 50किग्रा कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीता। ओडिशा की रहने वाली 25 साल की लोमा, जगतसिंहपुर जिले के भूतमुंडई गांव की रहने वाली हैं और अब तक तीन इंटरनेशनल और पांच नेशनल मेडल जीत चुकी हैं। वह भुवनेश्वर के उत्कल कराटे स्कूल में ट्रेनिंग लेती हैं। डेफलंपिक्स में कराटे में यह भारत का पहला मेडल है। डेफलंपिक्स यहां 15-25 नवम्बर, 2025 तक खेले जा रहे हैं, जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व 111 खिलाड़ियों का मजबूत ग्रुप कर रहा है। भारत अभी पांच गोल्ड, पांच सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल के साथ पॉइंट्स टेबल में सातवें स्थान पर है। यूक्रेन 15 गोल्ड, 14 सिल्वर और आठ ब्रॉन्ज मेडल के साथ टेबल में सबसे ऊपर है।

### लियालन मेसी ने मियामी को कॉन्फ्रेंस फाइनल में पहुंचाया

**वॉशिंगटन, वार्ता।** लियोनेल मेसी ने एक गोल किया और तीन असिस्ट दिए, जिससे इंटर मियामी एफसी सिनसिनाटी को 4-0 से हराकर एमएलएस ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस फाइनल में पहुंच गया। मियामी का मुकाबला अगले वीकेंड न्यूयॉर्क सिटी से होगा, जिसमें जीतने वाली टीम एमएलएस कप के डिसाइडर में जगह बनाएगी। मेसी के अब इस सीजन में इंटर मियामी के लिए 46 गेम में सभी कॉम्पिटिशन में 43 गोल और 23 असिस्ट हो गए हैं। इंटर मियामी के मैनेजर जेवियर माशेरानो ने मैच के बाद एक न्यूज कॉन्फ्रेंस में कहा कि सिर्फ लियो को ही नहीं, बल्कि इन खिलाड़ियों के ग्रुप को मैनेज करना भी सम्मान और खुशी की बात है। हम जानते हैं कि लियो क्या कर सकता है। वह हर वीकेंड यह साबित करता है। आज, उसने बॉल के बिना एक और जबरदस्त काम किया, क्योंकि हम पहले से ही जानते हैं कि वह बॉल के साथ क्या कर सकता है। माशेरानो ने

## पीएम मोदी ने ब्लाइंड महिला टी-20 विश्व कप जीतने पर बधाई दी

**● पीएम मोदी ने भारतीय ब्लाइंड महिला टीम को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कामयाबी आने वाली पीढ़ीयों को प्रेरणा देगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहला ब्लाइंड महिला टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कामयाबी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच पर भारतीय टीम की कामयाबी की सराहना करते हुए पोस्ट में लिखा कि कड़ी मेहनत, टीम प्रयास और पक्के इरादे का एक शानदार उदाहरणष बताते हुए कहा कि हर खिलाड़ी एक चैंपियन है!ष और भरोसा जताया कि टीम की यह कामयाबी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगी। प्रधानमंत्री ने लिखा कि यह वाकई एक ऐतिहासिक खेल कामयाबी है। टीम को उनके आगे के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी टीम की इस ऐतिहासिक जीत की तारीफ की और इसे देश के लिए गर्व का पल बताया।

उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि भारतीय खेलों के लिए एक ऐतिहासिक दिन। नेत्रहीनों के लिए महिला टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 में शानदार जीत के लिए टीम इंडिया को बधाई।

उन्होंने कहा कि यह जीत खिलाड़ियों के ष्देश के लिए सम्मान जीतने के इरादे और लगन को दिखाती है। आपकी कामयाबी पर आज हमारा तिरंगा गर्व से और ऊंचा लहरा रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव देवजीत सैकिया ने भी टीम को बधाई दी और कहा कि पहला नेत्रहीन महिला टी-20 वर्ल्ड कप 'काबि. लियत' की सीमाओं को फिर से तय करता है।

## दो दिन में खत्म हुआ टेस्ट दे सकता है क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को भारी नुकसान

**पर्थ, वार्ता।** कुछ ही हफ्ते पहले अच्छी कमाई की उम्मीद कर रहा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया अब दो दिन में खत्म हुए एशेज के पहले टेस्ट की वजह से मुश्किल में है और बड़े घाटे का अनुमान लगाया जा रहा है। ट्रैविस हेड की यादगार एशेज पारी और इंग्लैंड की बेतरतीब बेखौफ बल्लेबाजी का परिणाम यह रहा कि ऐतिहा. सिक एशेज सीरीज का पहला टेस्ट दो ही दिन में खत्म हो गया। अब हाल यह है कि तीसरे और चौथे दिन की टिकट बिक्री से सीए को जो 17 करोड़ रूपए (लगभग) का राजस्व प्राप्त होना था, वह उन्हें नहीं मिलेगा। पर्थ में दो दिन के खेल के दौरान दर्शकों की भीड़ जबरदस्त रही। कुल मिलाकर 1,01,514 लोग स्टेडियम पहुंचे। शुक्रवार को 51,531 दर्शक आए थे और अगले दिन 49,983 लोगों ने मैच

**● तीसरे और चौथे दिन की टिकट बिक्री से सीए को जो 17 करोड़ का राजस्व प्राप्त होना था वह उन्हें नहीं मिलेगा**

देखा। यह आंकड़ा पिछले साल के 96,463 दर्शकों वाले रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ गया। उस बार भारत ने पर्थ में चार दिन में जीत हासिल की थी। तीसरे दिन के टिकट भी लगभग पूरी तरह बिक चुके थे। अपनी पारी के बाद ट्रैविस हेड ने कहा कि उन्हें उन दर्शकों के लिए बुरा लग रहा है जो तीसरे दिन आने वाले थे। उनका मानना था कि रविवार को भी स्टेडियम एक बार फिर भर जाता। शनिवार सुबह खेल शुरू होने से पहले, जब ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी भी खत्म नहीं हुई थी, सीए के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीन ने मज़ाक में कहा कि उन्हें चिता है कि मैच तीसरे दिन तक टिकेगा या नहीं। उन्होंने एसईएन से बात करते हुए माना कि जल्दी खत्म हुआ मुकाबला कई लोगों के लिए मुश्किल पैदा करता है। ब्रॉडकास्टर्स से लेकर बोर्ड तक। टिकट बिक्री, पार्टनर्स और स्पॉन्सर्स सभी पर इसका सीधा असर पड़ता है। इस सीरीज का आर्थिक असर काफी बड़ा है। पिछले महीने वार्षिक आम बैठक में सीए ने लगभग 65 करोड़ रूपए के नुकसान की घोषणा की थी। इस पर क्रिकेट विक्टोरिया के चेयरमैन रॉस हेपबर्न ने वित्तीय प्रदर्शन को लेकर कड़ी आलोचना की थी। यह घाटा उस गर्मियों का हिस्सा था जिसमें भारत जैसी दिग्गज टीम की पांच टेस्ट वाली यात्रा भी शामिल थी। सीए के चेयरमैन ने अक्टूबर की बैठक के बाद कहा कि सामान्य समय में सफ़ेद गेंद की सीरीज भी इसी टेस्ट दौरे का हिस्सा होती।

## विकेट में उछाल और गति का इस्तेमाल किया: यानसन

**गुवाहाटी, वार्ता।** भारत को पहली पारी में छह विकेट लेकर झकझोरने वाले दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को यानसन ने आज कहा कि उन्होंने विकेट की उछाल और गति का इस्तेमाल किया। यानसन (छह विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने भारतीय टीम को 201 रनों के स्कोर पर समेटकर 288 रनों की बढ़त हासिल करते हुए मैच पर अपना शिकंजा कस दिया। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में खेलते हुए बिना कोई विकेट खोए 26 रन बना लिए हैं और अपनी बढ़त 314 रन पहुंचा दी है। यानसन ने तीसरे दिन के खेल के बाद कहा कि 'विकेट में साफ तौर पर अच्छी गति और बाउंस है। ज़्यादा निप या स्विग नहीं, आखिर में थोड़ी सी। जब हमने देखा कि विकेट में थोड़ा बाउंस और बेहतर पेस है, तो हमने

**● विकेट में साफ तौर पर अच्छी गति और बाउंस है ज्यादा निप या स्वीग नहीं है**

उसका इस्तेमाल करने की को. शिश की। उन्होंने कहा कि साफ तौर पर यह लड़कों के लिए और खासकर मेरे लिए एक अच्छा दिन था। लेकिन हां, मुझे लगता है कि जब बॉल ज़्यादा मूव नहीं कर रही थी और कुछ स्टेज पर डेड पीरियड था, तब स्पिनरों ने बहुत अच्छा काम किया। मुझे सच में लगता है कि स्पिनरों ने शानदार काम किया और मैं लकी हूं कि मुझे इसका फ़ायदा मिला। तेज गें. दबाज ने कहा कि किसने कहा कि हमने कड़ी मेहनत नहीं की? जैसा कि मैंने कहा, विकेट में थोड़ी पेस और बाउंस थी, जो अच्छी थी। हमने सोचा था कि हम शायद कम से कम दो दिन फील्डिग करेंगे, या हम फील्डिग की तैयारी कर रहे थे।

## गोवा में शुरू होगी लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग

**नई दिल्ली, वार्ता।** एसजी ग्रुप द्वारा प्रमोट किया गया लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग, सिर्फ एक और लेजेंड्स टूर्नामेंट नहीं है, यह एक शानदार ग्लोबल क्रिकेटिग एक्सपीरियंस है जिसे यह बताने के लिए बनाया गया है कि दुनिया अपने लेजेंड खिलाड़ियों को कैसे सेलिब्रेट करती है।

शिखर धवन, हरभजन सिंह, शेन वॉटसन और डेल स्टेन जैसे मशहूर नामों के साथ, लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग दुनिया के कुछ सबसे कामयाब नामों को एक साथ लाती है और फैंस को नए साल की जबरदस्त शुरुआत देती है। पुरानी यादों को दिखाने से कहीं ज़्यादा, लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग क्रिकेट की बेहतरीन चीज़ों का सेलिब्रेशन है, जो उन लेजेंड खिलाड़ियों को एक साथ लाती है जिन्होंने कई पीढ़ियों को इंस्पायर किया है, अब एक ऐसे फॉर्मेट में मुकाबला कर रहे हैं जो उनके स्किल, करिश्मा

**● पहला एडिशन 26 जनवरी से 4 फरवरी तक गोवा में होगा जिसमे छह फ्रेंचाइजी बेस्ट टीमें और 90 खिलाड़ी शामिल होंगे**

और कॉम्पिटिटिव स्पिरिट को हाईलाइट करता है। कई फ्रेंचाइजी, टॉप-टियर ग्लोबल टैलेंट और ज़्यादा से ज़्यादा बैलेंस और सस्पेंस के लिए बनाए गए टूर्नामेंट स्ट्रक्चर के साथ, यह लीग सालाना क्रिकेट कैलेंडर पर सबसे प्रीमियम और दुनिया भर में जिसका इंतज़ार किया जाने वाला इवेंट बनने की स्थिति में है।

पहला एडिशन 26 जनवरी से 4 फरवरी 2026 तक गोवा में होगा, जिसमें छह फ्रेंचाइजी-बेस्ड टीमें और 90 लेजेंडरी खिलाड़ी शामिल होंगे, जो वर्ल्ड क्रिकेट में एक बड़ा नया चैप्टर शुरू करेगा। खास बात यह है कि पूरा टूर्नामेंट एक ही जगह पर होस्ट किया जाएगा, वर्ना में नए बने 1919 स्पोर्ट्ज क्रिकेट स्टेडियम में, जिससे फैंस किसी भी दूसरी लेजेंडरी लीग के उलट लगातार, फेस्टिवल जैसे क्रिकेटिग कार्निवल का हिस्सा बन सकेंगे। लीडरशिप और प्लेयर-सेंट्रिक फोकस देते हुए, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क को लीग कमिश्नर अपॉइंट किया गया है। अपनी नई भूमिका के बारे में बात करते हुए, क्लार्क ने कहा कि वह एक ऐसी लीग का हिस्सा बनकर बहुत खुश हैं जो इतने सारे टॉप खिलाड़ियों को एक साथ लाती है। क्लार्क ने कहा कि भारत, क्रिकेट के सबसे बड़े देशों में से एक है, और मेरे लिए इसकी एक खास जगह है। फैंस का जुनून, गर्व और इस लीग का हिस्सा बनने का मौका, और कुछ पुराने दोस्तों के साथ-साथ कड़े दुश्मनों से फिर से मिलने का मौका, इसे सच में खास बनाता है। मैं इस नए रोल में लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम चिली के सैंटियागो के लिए रवाना

**बेंगलुरु, वार्ता।** ज्योति सिंह की अगुवाई में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम एक से 13 दिसम्बर तक चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्वकप 2025 में भाग लेने के लिए यहां से रवाना हो गई। बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रविवार रात 20 सदस्ईय भारतीय टीम टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए रवाना हुई। टीम में दो वैकल्पिक खिलाड़ी भी शामिल हैं। टूर्नामेंट में भारतीय टीम को जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है। भारतीय टीम एक दिसम्बर को नामीबिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी, उसके बाद तीन दिसम्बर को जर्मनी और पांच दिसम्बर को आयरलैंड के खिलाफ मैच खेलेगी।

## प्रांजलि धूमल ने डेफलंपिक्स में जीता गोल्ड



**● प्रांजलि ने फाइनल में 34 का स्कोर किया, जो यूक्रेन की हेलिना से दो ज्यादा था**

**टोक्यो, वार्ता।** भारत की प्रांजलि प्रशांत धूमल ने टोक्यो में 25वें समर डेफलंपिक्स में 25मी पिस्टल विमेंस गोल्ड जीता, यह उनका दूसरा गोल्ड और तीसरा मेडल था। प्रांजलि ने फाइनल में 34 का स्कोर किया, जो यूक्रेन की हेलिना मोसिना से दो ज़्यादा था, जिन्होंने सिल्वर मेडल जीता। जिवोन जियोन ने 30 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज़ मेडल जीता, जिन्होंने शूटआउट में भारत की अनुया प्रसाद को हराया, जो आखिर में चौथे स्थान पर रहीं।

प्रांजलि ने इससे पहले 10मी एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम में अभिनव देशवाल के साथ गोल्ड जीता था, जिन्होंने पुरुषों के 25मी पिस्टल इवेंट में भी गोल्ड जीता था। प्रांजलि ने फाइनल की पहली सीरीज में अपने पहले पांच में से चार शॉट मारे और नौवीं सीरीज के आखिर तक बढ़त बनाए रखी, जहां वह मोसिना के साथ 30 शॉट पर बराबरी पर थीं।

दसवीं और आखिरी सीरीज में, प्रांजलि ने चार शॉट मारे जबकि मोसिना सिर्फ़ दो ही स्कोर कर पाईं, जिससे भारतीय शूटर को गोल्ड मेडल मिला।

इससे पहले क्वालिफिकेशन में, भारतीय शूटर ने टॉप दो जगह पक्की करते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, साथ ही प्रांजलि ने वर्ल्ड डेफ क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड और डेफलिपिक्स रिकॉर्ड भी तोड़ा। उन्होंने 573-14ग शॉट मारे, जिससे उनका ही वर्ल्ड रिकॉर्ड टूट गया जो पिछले साल हनोवर में वर्ल्ड डेफ शूटिग चैंपियनशिप में बनाया गया था।

## एसडी प्रज्ज्वल ने आईटीएफ एम 15 भुवनेश्वर में एकल व युगल के खिताब जीते



**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत के एसडी प्रज्ज्वल देव ने आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर एम15 चैपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए एकल और युगल वर्ग के खिताब जीते।

मैसूर के रहने वाले प्रज्ज्वल देव ने 16-23 नवम्बर तक भुवनेश्वर में हुए इस टूर्नामेंट के एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में सातवें सीडेड दिग्विजय प्रताप सिंह को एक कड़े मुकाबले में 7-6(4), 7-6(1) से हराया, दोनों सेट का फैसला कड़े टाईब्रेक से हुआ।

युगल वर्ग में, टॉप सीडेड प्रज्ज्वल देव और सि(ांत बंथिया की जोड़ी ने चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए माधविन कामथ और रोहन मेहरा की जोड़ी को 7-6(5), 6-2 से हराकर सीधे सेटों में जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। इसी के साथ प्रज्ज्वल देव के सफल अभियान में दूसरा खिताब जुड़ गया।

## जयपुर पोलो टीम ने जीता कश्मीर चैलेंज कप



**जयपुर, वार्ता।** कश्मीर चैलेंज कप रविवार को अपने असली अंजाम पर पहुंच गया, जब जयपुर पोलो टीम, जिसकी लीडरशिप जयपुर के महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह कर रहे थे, ने राजस्थान पोलो क्लब में हुए एक रोमांचक मैच में कनोटा पोलो को 9-5 से हरा दिया।

जयपुर के लिए, उनके कैप्टन,महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह, और साउथ अफ्रीकी पोलो के स्टार लांस वॉटसन ने पूरे टूर्नामेंट में अपना शानदार फ़ॉर्म जारी रखा, और एक के बाद एक चार और पांच गोल किए। टूर्नामेंट की शुरुआत में एक ही पूल में रहने के बाद दोनों टीमों के बीच यह तीसरी भिड़ंत थी, जिसमें सभी मैच जयपुर के पक्ष में गए। जयपुर ने जबरदस्त शुरुआत की, लांस वॉटसन ने शुरू में ही दो गोल (1:25 और 6:35) करके अपनी टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी। दूसरी ओर, कनोटा पोलो शुरुआती पीरियड में गोल नहीं कर पाई। दूसरे चक्कर में, जयपुर ने अपनी रफ़्तार जारी रखी, जब लांस वॉटसन ने एक और गोल (3:35) करके स्कोर 3-0 कर दिया। जब कनोटा पोलो लय में नहीं लग रहा था, तो उन्होंने अशोक चांदना (4:00) और डिनो धनखड़ (6:40) के गोलों से जवाबी हमला किया, लेकिन जयपुर अभी भी गेम के आधे समय तक 3-2 से आगे था। तीसरे चक्कर में दोनों तरफ से तेजी से गोल हुए। महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने दो गोल (1:20 और 5:40) किए, और लांस वॉटसन ने 4:10 पर एक और गोल किया। कनोटा ने हुर्र अली (5:46 और 6:35) के दो गोलों से वापसी की। चक्कर के आखिर में, स्कोर जयपुर 7-कनोटा 4 था। आखिरी चक्कर जयपुर का था क्योंकि उन्होंने कंट्रोल बनाए रखा, महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह जयपुर ने 0:54 पर फिर से गोल करके बढ़त को 8-4 कर दिया। हुर्र अली ने 1:40 पर कनोटा का आखिरी गोल किया, लेकिन लांस वॉटसन के आखिरी मिनट के गोल ने मैच को जयपुर के पक्ष में 9-5 से पक्का कर दिया। इस जीत के साथ, जयपुर ने इंडियन पोलो सीजन में अब तक अपनी ट्रॉफी की संख्या चार कर ली है, जबकि अभी आधे से ज्यादा सीजन बाकी है।

## सैयद मोदी इंटरनेशनल में अपनी फॉर्म हासिल करने उतरेंगे प्रणय-श्रीकांत



**● इस टूर्नामेंट में प्रियांशु राजावत, उन्नति हुड्डा और त्रिशा जॉली भी खेलेंगे**

**लखनऊ, वार्ता।** भारत के एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत मंगलवार से उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में शुरू हो रहे सैयद मोदी इंटरनेशनल 2025 बैडमिटन टूर्नामेंट में घरेलू मैदान पर अपनी खोई हुई फॉर्म को फिर से प्राप्त करने उतरेंगे। कल से यहां शुरु होने वाला टूर्नामेंट बाबू बनारसी दास यूपी बैडमिटन अकादमी में खेला जाएगा। 25 से 30 नवम्बर चलने वाले इस टूर्नामेंट में भारत, जापान, चीनी ताइपे, मलेशिया, डेनमार्क, थाईलैंड, तुर्किए, इंडोनेशिया, सिगापुर, यूक्रेन, यूएई समेत 20 देशों के 250 खिलाड़ी चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे हैं।

यह एक बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 प्रतियोगिता है। कॉमनवेल्थ गेम्स 1982 के चैंपियन सैयद मोदी के नाम पर इस टूर्नामेंट का नाम रखा गया है। एचएस प्रणय के लिए 2025 एक मुश्किल अभियान रहा है। वह इस साल अपने 15 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर मैचों में से किसी में भी दूसरे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। इनमें से आठ में पहले राउंड में उन्हें हार का सामना करते हुए बाहर होना पड़ा।

इस टूर्नामेंट में प्रियांशु राजावत, उन्नति हुड्डा और गत विजेता त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद भी खेलेंगे। 2,40,000 अमे. रिकी डॉलर की ईनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट में पुरुष एकल, महिला एकल, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित युगल में 32-32 खिलाड़ियों, जोड़ियों का मुख्य ड्रॉ होगा।

CMYK



# मेयर व विधायक ने किया सड़कों का उद्घाटन व लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार व नगर विधायक राजीव गुबर ने आज महानगर के वार्ड संख्या 6 में 50 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने वाली एक सड़क एवं नाले के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके अलावा वार्ड संख्या 34 में एक सड़क तथा वार्ड संख्या 40 में दो सड़कों का निर्माण पूरा होने पर उनका भी लोकार्पण किया गया। महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नाई व क्षेत्रीय पार्षद राजेंद्र सिंह कोहली भी मौजूद रहे।



महानगर में विकास कार्यो को गति देते हुए आज महापौर डॉ. अजय कुमार व विधायक राजीव गुंबर ने एल्पाइन स्कूल के प्रधानाचार्य शकील अहमद के साथ वार्ड 6 में एल्पाइन पब्लिक स्कूल वाली गली में सड़क निर्माण व नाला निर्माण का सड़क पर गेंती चलाकर शुभारंभ किया। वहीं वार्ड संख्या 40 में गुरुद्वारा रोड पर माधोप्रसाद गली रेलवे रोड स्थित अनंत बिल्डिंग वाली गली में दो सड़कों का निर्माण कार्य पूरा होने पर शिलापट का अनावरण करते हुए महापौर व नगर विधायक ने दोनों सड़कों का लोकार्पण किया। वार्ड 34 में भी एक सड़क का लोकार्पण किया गया। इससे पूर्व क्षेत्र के लोगों ने महापौर व नगर विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि योगी सरकार में महानगर में रिकॉर्ड विकास कार्य हुए है। नगर निगम लोगों के आवागमन के मार्ग को सुगम बनाने के लिए जहां सड़कों का लगातार निर्माण करा रहा है, वहीं शहर को जल भराव की समस्या से मुक्त कराने के लिए नालों का निर्माण भी बड़ी संख्या में हुआ है। उन्होंने कहा कि विकास की यह धारा लगातार यूं ही प्रवाहित होती रहेगी।

नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि निगम निधि के अलावा महानगर में विधायक निधि से भी बड़ी संख्या में सड़क व अन्य निर्माण कार्य कराएं गए है दोनों सड़कों का लोकार्पण इसी कड़ी में शामिल हैं। हमारा उद्देश्य लोगों की सड़क, पानी, लाइट आदि समस्याओं का निदान कर शहर को एक विकसित और आदर्श महानगर बनाना है।

महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद राजेंद्र कोहली, रविकांत चड्ढ़ा, राजीव शर्मा, मुकेश सेठी व आर के गाबा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# पाइन हिल्स एकेडमी में छात्र-छात्राओं को समझाए गए ट्रैफिक नियम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पाइन हिल्स एकेडमी में छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया।

ट्रैफिक पुलिस के निरीक्षक संजय सिंह एवं जितेंदर कुमार ने बताया कि सड़क पार करते समय हमेशा जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करना चाहिए और दाएँ-बाएँ देखकर ही सड़क पार करनी चाहिए। उन्होंने यह भी समझाया कि साइकिल चलाते समय हेलमेट पहनना बहुत आवश्यक है, क्योंकि यह दुर्घटना के समय हमारी सुरक्षा करता है। उन्होंने ट्रैफिक सिग्नल की लाइटों-लाल, पीली और हरी का महत्व भी बताया और कहा कि इनका पालन करना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने बच्चों को समझाया कि नियम सिर्फ दूसरों के लिए नहीं होते, बल्कि हमारी सुरक्षा के लिए होते हैं। अन्त में उन्होंने सभी छात्रों शपथ दिलवाई कि वे खुद भी ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे और अपने परिवार तथा दोस्तों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। उनका यह सत्र बहुत शिक्षाप्रद और प्रेरणादायक रहा। स्कूल के मैनेजिंग डाइरेक्टर डॉ खालिद अंसारी एडवोकेट, प्रेसिडेंट सऊद खान और प्रधानाचार्य सैयद मोहम्मद समीर सभी उपस्थित रहे।

# फिल्म अभिनेता धमेन्द्र का निधन अपूर्णीय क्षति: चौ. नीरपाल सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व राज्यमंत्री चौ नीरपाल सिंह ने फिल्म अभिनेता,पूर्व सांसद, धर्मेन्द्र देओल को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि धर्मेंद्र जैसी महान शख्सियत के चले जाने से पूरी जाट कौम और राष्ट्र को आज बहुत बड़ी क्षति हुई है, जिसको कभी नहीं भरा जा सकता।

सदी के महानायक, दिग्गज फिल्म अभिनेता, ही-मैंन, एशिया महाद्वीप का सबसे सुंदर पुरूष के खिताब को जीतने वाले, गाँव-देहात की रूह को समर्पित महानायक, खुश मिजाज व्यक्तित्व के धनी, पूर्व सांसद बीकानेर (राजस्थान) इतना विशाल व्यक्तित्व होने के बावजूद वहीं सादगी वही मासूमियत कमाल की शक्सियत थे धर्मेंद्र। ऐसी लाजवाब शक्सियत को मैं दिल से नमन करता हू और भगवान से प्रार्थना करता हू कि उनको अपने श्री चरणों में स्थान दें और देओल परिवार को ये दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें।

प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश चौधरी एडवोकेट, जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, आरिफ मलिक, राजदीप सिंह, अंकित चौधरी ने भी श्रद्धांजलि दी।

# बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाने में नहीं रहेगी कसर: विनोद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** एनआरआई विनोद गुप्ता ने कहा कि अपनी जन्मभूमि में अपनी संस्था के बच्चों को सफल होते देखना सपने को साकार होते देखने जैसा है।



सोमवार विनोद गुप्ता चैरिटेबल फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक विनोद गुप्ता अपनी पत्नि लौरेल गुप्ता, संस्था के चेयरमैन आशुतोष दयाल शर्मा व बोर्ड सदस्यों के साथ संस्था में पहुँचे। उन्होंने संस्थान का भ्रमण किया संस्था के स्टाफ के साथ बैठक कर गतिविधियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने संस्था के बच्चों के देश के प्रख्यात हॉस्पिटल्स में सेवायोजन प्राप्त करने पर स्टाफ व बच्चों को बधाई दी।संस्था द्वारा दी जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा उनका उपयोग कर और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

विनोद गुप्ता ने कहा कि संस्था की प्रगति रिपोर्ट उत्साहजनक है। यहाँ शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों को देश के विख्यात हॉस्पिटल्स में चयन होना हमारे लिए उस सपने को साकार होते देखना है जो हमने अपनी जन्मभूमि के बच्चों के भविष्य को लेकर देखा था। उन्होंने कहा कि हम बच्चों के भविष्य को उज्वल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। श्रीमती लौरेल गुप्ता ने कहा कि संस्था में आकर उन्हें आत्मिक शांति का अनुभव होता है।बच्चों का अनुशासन प्रेरक है।आशुतोष दयाल शर्मा ने कहा कि संस्था अपने लक्ष्य का प्राप्त कर रही है। परीक्षा परिणाम हो या हॉस्पिटल्स में सेवायोजन संस्था का कार्य सराहनीय है। बोर्ड सदस्यों प्रदीप अग्रवाल, तनया शर्मा, आरपी अग्रवाल सहित प्रभात अग्रवाल, गीतू गर्ग, नेहा कंसल व प्रतीक कंसल ने भी सराहना की। आरएसी की प्रेजिडेंट श्रीमती राजकमल सक्सेना ने कहा कि संस्था के संस्थापक विनोद गुप्ता, चेयरमैन आशुतोष दयाल शर्मा व बोर्ड सदस्यों के मार्गदर्शन और सहयोग से हमें बेहतर काम करने की प्रेरणा मिलती है।

इस दौरान सनीश वीएम,वीनू शर्मा, सतीश वासुदेवा, शैलेष कुमार, दीपक कुमार सहित स्टाफ एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# जोन 8 में एसडीए ने कराया अवैध निर्माण ध्वस्त



**सहारनपुर।** सहारनपुर विकास प्राधिकरण ने जोन 8 में चल रहे अनाधिकृत निर्माणों पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की।

उपाध्यक्ष व सचिव के निर्देशों के क्रम में एसडीए टीम ने बेहट रोड ग्राम नाजिरपुरा में नवीन मित्तल द्वारा लगभग करीब 10 हजार वर्ग मी. भूमि में सडकों व भूखण्डों के डीमार्केशन का कार्य कराया गया था। जिसे ध्वस्त किया गया। टीम में सहायक अभियन्ता विरेश कुमार, प्रदीप गोयल, मेट रामगोपाल, चरण सिंह शामिल रहे।

# देहात कोतवाली ने पकड़े चार वारंटी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने 4 वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देश पर अपराध नियंत्रण एवं अपराधों में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना देहात कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सूबेसिंह व उपनिरीक्षक रविंद्र धामा के नेतृत्व में दबिश के दौरान चार वारंटी आरोपियों सुलेमान पुत्र इकराम, खुर्शीद पुत्र मेहरबान व मेहरबान पुत्र इकराम निवासीगण ग्राम सरकड़ी शेख थाना कोतवाली देहात तथा मनोज पुत्र कर्मसिंह निवासी आसनवाली थाना कोतवाली देहात को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दबोचे गए आरोपी अलग-अलग मामलों में न्यायालय से वांछित चल रहे थे। पुलिस ने दबोचे गए आरोपियों के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# शिक्षा व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में बना रोष, सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्राथमिक विद्यालय झिंझोली विकासखण्ड मुजफ्फराबाद में शिक्षा व्यवस्था को लेकर ग्रामवासियों में रोष व्याप्त है। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक आज जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे और विद्यालय शिक्षकों पर प्रधानाध्यापक के शोषण के आरोप लगाते हुए जांच कराए जाने की मांग का प्रार्थना पत्र दिया।



आज जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे बच्चों के अभिभावक महिलाओं ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेन्द्र कुमार को एक कर्मठ एवं अनुशासित शिक्षक बताते हुए कहा कि वे प्रतिदिन बच्चों को घर से लेकर विद्यालय लाते हैं और निष्ठा से शिक्षा प्रदान करते हैं। ग्रामवासियों का आरोप है कि विद्यालय में नियुक्त शिक्षक सचिन रोहिला पिछले 10 वर्षों से वेतन ले रहे हैं, लेकिन आज तक विद्यालय में उपस्थित होकर शिक्षण कार्य नहीं किया। इसके बावजूद वह बीआरसी बरौली व खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर सक्रिय रहते हैं। ग्रामवासियों द्वारा कई बार उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। महिलाओं का आरोप है कि सहारा लेकर सचिन रोहिला ने प्रधानाध्यापक जितेन्द्र कुमार के विरुद्ध झूठा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें ग्रामवासियों के फर्जी हस्ताक्षर भी शामिल हैं। इसी प्रकरण की जांच के लिए 22 नवम्बर को खण्ड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र कुमार विद्यालय पहुँचे थे और प्रार्थना पत्र दिया था। ग्रामवासियों के अनुसार, जांच के दौरान अधिकारी ने प्रधानाध्यापक जितेन्द्र कुमार के साथ अभद्र व्यवहार, धमकी एवं जातिगत टिप्पणियाँ कीं, जिससे विद्यालय के बच्चे भयभीत होकर बेहोश तक हो गये। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारी ने कहा कि मेरे रहते सचिन रोहिला को कोई स्कूल नहीं बुला सकता, हमारी ब्राह्मणों की सरकार है, चमार व मुसलमानों के बच्चों को पढ़ाने की औकात नहीं है। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीण विद्यालय पहुँच गये और अधिकारियों के व्यवहार पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रधानाध्यापक जितेन्द्र कुमार के विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई, तो ग्रामीण अपने बच्चों के नाम विद्यालय से कटवा लेंगे। उन्होंने खण्ड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र कुमार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई एवं स्थानांतरण की मांग की है तथा सचिन रोहिला को तत्काल विद्यालय में शिक्षण कार्य हेतु भेजने की माँग उठाई है। इस दौरान शकसार, विश्यासिरी, पूर्व प्रधान प्रीतम सिंह, अफसाना, पूवीन, सिया, रीना, सहनाज, सबनम, सुरेन्द्र कुमार, साजदा, अंजुम, मोसिना सहित आदि द्वारा हस्ताक्षरित है।

# यातायात नियमों की जागरूकता को निकाली रैली

## लिटिल एंजल्स स्कूल में यातायात माह के अन्तर्गत आयोजित की गयी प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लिटिल एंजेल्स स्कूल में छात्र-छात्राओं ने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता को लेकर रैली निकाली।



न्यू माधव नगर स्थित स्कूल परिसर से एसपी ट्रैफिक शैलेंद्र श्रीवास्तव ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं व स्कूल स्टाफ को सडक सुरक्षा से जुडे महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी और हेलमेट व सीट बेल्ट के नियमित उपयोग पर विशेष बल दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष मंगल ने कहा कि बच्चों में प्रारंभिक अवस्था से ही यातायात नियमों का पालन सिखाना आवश्यक है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

कार्यक्रम के तहत छात्रों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें कबीर, काशवी, समीर, बसीरत, तृषा, चोपड़ा, भारत, अद्विका, विक्रांत, तृषा भाव, रचित आदि विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। हिंदी एवं अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता में शिवन्या, विधान, काशवी, अमायरा, बलिया, हार्दिक, मायशा, युवराज, अन्वी, वैष्णवी, सोना, काव्या, आरोही, जवेरिया, आराध्या, पूर्वी, देवांशी, रचित, लवी, आराध्या, देवश्री, हार्दिक आदि को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की सफलता में उप-प्रधानाचार्या श्रीमती राधिका मंगल, कोमल, तूलिका भंडारी, राजबाला, सुनीता, प्रणेश, अनु, उमांशी, प्रगति, सिमरन, इशिका, निष्ठा, रुचि, तक्षिका का विशेष योगदान रहा।

इस दौरान टीआई अमित तोमर, उप निरीक्षक लोकेश कुमार, मुख्य आरक्षी विनीत कुमार, अजय कुमार, राहुल मलिक, महिला उप निरीक्षक अंजू सिंह व समाजसेवी अर्चित अग्रवाल मौजूद रहे।

## गैर हाजिर चल रहा वारंटी दबोचा

**बेहट।** अपराधियों एवं वारंटियों की धपकड़ के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली बेहट पुलिस ने न्यायालय से गैरहाजिर चल रहें एक वारंटी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने विधिवत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश कर दिया हैं।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि सीओ के कुशल नेतृत्व मे न्यायाल गैर हाजिर चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत एक वारंटी मोहनदास पुत्र गरीब दास निवासी गांव धोला कुआं कोतवाली बेहट जनपद सहारनपुर को जो अपराध मुकदमा संख्या 19232/22 धारा 138 एन आई एक्ट मे आरोपी है को उस के घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिवत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया है।

# पहली पारी में छत्तीसगढ़ 180 रन बनाकर ऑल आउट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बीसीसीआई अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी के एलीट ग्रुप डी के मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम ने दूसरे दिन जोरदार बल्लेबाजी कर अपने स्कोर को मजबूत किया।

यूपी की टीम ने 7 विकेट खोकर 308 रन बनाकर 128 रन की बढ़त ले ली है। टीम के लिए सहारनपुर के अनमोल नौसरान ने 73,कप्तान भव्य गोयल ने 87 और भावी शर्मा ने 31 रन बनाए। विकेटकीपर-बल्लेबाज कार्तिके सिंह ने 47 और कार्तिके वर्शनी ने 6 रन जोड़कर टीम का स्कोर 308 रन तक पहुँचाया। अभी भी उत्तर प्रदेश के पास 3 विकेट शेष हैं, जिससे टीम मजबूत स्थिति में है। मुकाबला बिहारीगढ़ के सुंदरपुर स्थित सॉलिटेयर क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जा रहा है। उत्तर प्रदेश ने टॉस जीतकर पहले छत्तीसगढ़ को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया था। छत्तीसगढ़ की टीम पहली पारी में 180 रन बनाकर ऑल आउट हो गई थी। मैच में बीसीसीआई के रेफरी अलिंद नायडू, अंपायर अक्षय जांबलेकर और संदीप वासुदेव चव्हाण तैनात थे। मैनुअल स्कोरिंग प्रशांत चतुर्वेदी और ऑनलाइन स्कोरिंग एसपी सिंह संभाल रहे थे। वीडियो एनालिस्ट के रूप में ऋषि कपूर और सतीश अवस्थी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। मैच के आयोजन में डायरेक्टर सॉलिटेयर क्रिकेट ग्राउंड डॉ. सैयद फैसल, एसडीसीए के चेयरमैन मोहम्मद अकरम, अध्यक्ष राजीव गुप्ता, सचिव लतीफ उर रहमान, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष पाली कालड़ा, संरक्षक अमर गुप्ता, मीडिया प्रभारी सैयद मशकूर,एसडीसीए के पदाधिकारी राज कुमार राजू, यूपीसीए कमेटी सदस्य साजिद उमर, जॉइंट सेक्रेटरी महेश शर्मा, भूपेंद्र कच्छल, विनय कुमार,सत्यम शर्मा, रवि सिंघल, योगेश गुप्ता, राकेश शर्मा, रणधीर कपूर, राजीव गोयल टप्पू, विक्रांत चौधरी, आमिर कुरैशी, अर्जुन चौहान, आदिल खान, भावना तोमर, तनवीर खान, संजय विश्वकर्मा, शोएब अहमद, सचिन सैनी, पीयूष, राणा, रविश राठी, अर्जुन कुमार, अंजर अली, राज शेखर, राव मुजीब, अक्षय चौहान, आयुष चौधरी, प्रिंस पटेल, ललित पंवार और मृदुल गर्ग ने सहयोग प्रदान किया।

# आज बंद रहेंगी सलाटर हाउस व मीट की दुकानें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कल 25 नवंबर मंगलवार को साुध टी एल वासवानी के जन्म दिन पर सहारनपुर महानगर में सभी सलाटर हाउस व मीट की दुकानें बंद रहेंगी। प्रदेश शासन के निर्देश पर निगम के प्शु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने इस सम्बंध में आज निर्देश जारी किये गए हैं।

**■ पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी ने जारी किये दिशा निर्देश**

नगर निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि प्रदेश शासन ने साधु टी एल वासवानी के जन्म दिन को मांस रहित दिवस घोषित करते हुए सभी पशुवधशालाएं व मीट की दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए हैं। शासन के इन्हीं निर्देशों के क्रम में कल मंगलवार 25 नवंबर को नगर निगम सीमांतर्गत समस्त पशु व धशालाएं मांस, मछली व मुर्गा आदि की दुकानें अनिवार्य रुप से बंद रहेंगी।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जायेगा। यदि कोई भी पशु वधशाला, मांस, मुर्गा व मछली की दुकान खुली पायी गयी तो दोषी वधिकों व दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी से शासन के निर्देशों का सख्ती के पालन करने की अपील की।

# यज्ञ के शुभारंभ पर निकाली मंगल कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** मंगलमय वातावरण में मंगल कलश यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई ककराली सरोवर पर पहुंची। इसी के साथ ही एक सप्ताह चलने वाले अति श्रेष्ठ यज्ञ का शुभारंभ कर दिया गया। कई जगहों पर फूलों की वर्षा भी की गई।



बाला जी धाम से सटे ककराली सरोवर परिसर में मंगलवार से अति विष्णु महा यज्ञ का आरंभ होना है। इसके लिए पूजा-अर्चना सोमवार से आरंभ हो गई। सुबह के समय मुख्य यजमान प्रदीप गोयल के अलावा अन्य ने बाला धाम में पूजा-अर्चना कर देवताओं व पितृ जन को याद किया। तीन घंटे तक चली पूजा के बाद श्रीमद् भागवत व विष्णु पुराण का नगर भ्रमण कराया गया। भ्रमण बाला जी धाम से शुरू होकर ककराली मार्ग, शिव चौक, पैंठ बाजार, पुरानी घास मंडी, मेन रोड से होते हुए मोहल्ला टांकान के प्राचीन भूमिया खेड़ा पर पहुंचा। योगेश दीक्षित, सुनील दीक्षित व अन्य विद्वानों ने पूजा-पाठ कराया। उपथित श्रद्धालु जन से अपने पितृ जन को याद कर उनका आर्शीवाद लिया। पूजा के बाद नगर यात्रा बैंड बाजे के साथ होली चौक, सर्राफा बाजार, जवाहर गंज होते हुए वापिस बाला जी धाम पहुंची जहां प्रसाद वितरण किया गया।

मंगलवार से अति विष्णु महा यज्ञ आरंभ होगा। आचार्य सुनील दीक्षित ने बताया कि पूजा सुबह के सत्र में करीब चार घंटे तक चलेगी। दूसरे सत्र में प्रभु का गुणगान किया जाएगा। यज्ञ का समापन एक दिसंबर को पूर्ण आहुति के बाद होगा। सोमवार को नगर यात्रा में योगेश दीक्षित, सुनील दीक्षित व अन्य विद्वानों के अलावा प्रदीप गोयल, अनीता गोयल, महंत सुशील शर्मा, सुनीता शर्मा, अरविंद मखीजा, राकेश गोयल, दिनेश गोयल, अर्पित गोयल, अंकित गोयल, अनुपम, कुशाग्र आदि मौजूद रहे।

# लाखों की अवैध वसूली पर जगा परिवहन विभाग, नोटिस जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** जागरूक नागरिक के संज्ञान से परिवहन की लाखों की अवैध वसूली का पर्दापास हुआ। बिडोली तक 27 किमी यात्रा पर निर्धारित किराए के स्थान पर अवैध वसूली की शिकयत से जगा परिवहन विभाग नोटिस जारी किए। पर परिवहन विभाग की लापरवाही का कौन संज्ञान लेगा?

गंगोह निवासी जागरूक नागरिक सरदार हरपाल कपूर ने आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से संभागीय परिवहन विभाग के मण्डलीय अधिकारी से शिकायत की। शिकायत में कहा गया है कि सरकारी बसों का यात्री किराया 1.50 पैसे प्रति किलोमीटर है। गंगोह बिड़ौली मार्ग पर चलने वाली प्राइवेट

**■ गंगोह बिडौली मार्ग पर प्राइवेट बस संचालकों की मनमानी**

बस संचालक अपनी मनमानी कर यात्रियों से दो रूपये प्रति किलोमीटर के हिसाब से अवैध रूप से किराया वसूल कर रहे हैं यही नही यात्रियों को टिकट तक भी नही दिया जा रहा है। आरोप है कि यदि कोई यात्री टिकट की मांग करता है तो उसके साथ अभद्रता की जाती है। प्राइवेट बस संचालकों द्वारा यात्रियों से करीब तीन लाख रूपये प्रति माह की अवैध वसूली की जा रही है। संभागीय परिवहन विभाग द्वारा मामले का संज्ञान लेते हुए बस संचालको को नोटिस जारी कर दिया गया है।

CMYK

## सम्पादकीय

मंगलवार , 25 नवम्बर 2025


# सीजेआई की चुनौतियां

हिसार के गांव पेटवाड़ के रहने वाले जस्टिस सूर्यकांत के सोमवार को देश के 53वें चीफ जस्टिस आफ इंडिया ( सीजेआई )के रूप में शपथ लेते ही उनके गांव में दिवाली मनाई गई। वह हरियाणा के ऐसे पहले व्यक्ति हैं, जो सीजेआई बने हैं। सोमवार सुबह 10 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मूने उन्हें शपथ दिलाई। उनकी शपथग्रहण को लेकर हिसार में वकीलों ने खुशी मनाई, हिसार में हवन कराया गया। वकीलों ने शपथग्रहण का लाइव टेलीकास्ट देखा। हिसार बार में इस दौरान ढोल बजाकर जश्न मनाया गया, जिसमें एडवोकेट्स के साथ हिसार की जिला एवं सेशन जज नताशा ने भी खुशी में डांस किया। बीआर गवई के सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें सीजेआई बनाया गया है, लेकिन उनके सामने चुनौतियां बहुत है। आजकल देश में न्याय के बीच में राजनीति के आने से न्याय प्रक्रिया में अवरोध पैदा हो रहे हैं। आशा है कि श्री सूर्यकांत इस राजनीति को कानून से हटाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनके सामने देश के मुद्दों को हल करके न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता होगी। क्योंकि इस समय सुप्रीम कोर्ट के एसआईआर और वोट चोरी के मामले प्रमुख रूप से चल रहे हैं। इसके अलावा और भी मुद्दे हैं, जिनका सरोकार सीधा जनता से है, उन पर भी उनकी पैनी निगाह होगी। सितंबर 2025 तक सुप्रीम कोर्ट में 88417 मामले लंबित हैं, जिनमें 69553 सिविल के हैं, जबकि 18864 आपराधिक मामले हैं। इन सबको निपटाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में जस्टिस सूर्यकांत का कार्यकाल आज 24 नवंबर 2025 से लेकर 9 फरवरी 2027 तक रहेगा। नवंबर महीने की शुरुआत में केंद्रीय कानून मंत्रालय में न्याय विभाग ने जस्टिस सूर्यकांत की नियुक्ति की घोषणा करते हुए एक अधिसूचना जारी की थी। इस समय भारत के सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं, जिनमें सबसे प्रमुख है न्याय में देरी और लंबित मामलों का बढ़ता अंबार। अन्य प्रमुख चुनौतियों में न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा करना, न्यायिक नियुक्तियों में पारदर्शिता और पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना और कार्यपालिका से स्वतंत्र होकर कार्य करते हुए न्यायिक अतिक्रमण से बचना शामिल हैं। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित मामले न्याय में देरी का कारण बन रहे हैं। कई मामलों को निपटाने में दशकों लग सकते हैं, जिससे लोगों में निराशा पैदा होती है। न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा करना एक बड़ी चुनौती है, खासकर जब कार्यपालिका और विधायी निकायों से दबाव आता है। कुछ मामलों में अदालतें यह सुनिश्चित करने की कोशिश करती हैं कि संसद उनके फैसलों को आसानी से न बदल सके, जैसा कि ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम के मामले में देखा गया है। न्यायिक नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और प्रतिनिधित्व का अभाव एक चुनौती है। न्यायाधीशों की संख्या में कमी और रिक्त पदों को भरना भी एक समस्या है। न्यायाधीशों और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए योग्य महिला उम्मीदवारों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व न होना भी एक मुद्दा है। बढ़ती संख्या में मामलों के बीच जटिल संवैधानिक मामलों जैसे एसआईआर, रोहिंग्या शरणार्थी का निपटारा करना। अदालती फैसलों की आलोचना को संभालना और यह सुनिश्चित करना कि यह न्यायपालिका पर हमले में न बदले।

## निष्पक्षता पर पैदा हो सकता है शक



एक साल के लिए 1,000 डेटा एंट्री आपरेटर्स और 50 साफ्टवेयर डेवलपर्स को बाहर से रखने की बात दोनों सुझाव जोखिम भरे हैं, इससे चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े होंगे, चुनाव आयोग इन दोनों मुद्दों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराए, ताकि आयोग की साख बनी रहे, नए रखे जाने वाले कर्मचारियों की काम करने की शर्तें पहले से मौजूद स्टाफ से कैसे अलग होंगी और क्या यह पूरा काम किसी राजनीतिक फायदे के लिए किया जा रहा है,,दूसरा मुद्दा प्राइवेट रेजिडेंशियल काम्प्लेक्स के अंदर पोलिंग बूथ बनाने का है, पोलिंग स्टेशन हमेशा सरकारी या अर्ध-सरकारी जगहों पर होने चाहिए, क्योंकि वे ज्यादा निष्पक्ष और नियंत्रण में होते हैं, प्राइवेट सोसाइटी में बूथ बनाने से लोगों के बीच असमानता, पहुंचने की दिक्कतें और निष्पक्षता पर शक पैदा हो सकता है। **-ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल**



# अब नहीं आएगा कोई धर्मेंद्र

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेन्द्र को फिल्म फूल और पत्थर से ही-मैन नाम मिला था। बॉलीवुड में धर्मेन्द्र को ही मैन कहा जाता है। धर्मेंद को ही-मैन नाम वर्ष 1966 में प्रदर्शित फिल्म फूल और पत्थर के जरिये मिला था। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने एक सीन किया जिसमें उन्होंने शर्ट उतारी। उनकी शर्टलेस तस्वीरों ने उन्हें काफी मशहूर बना दिया। इस फिल्म से उन्हें एक्शन हीरो के तौर पर पहचान मिली। उनकी मसक्युलर बॉडी ने उनकी ही-मैन की तस्वीर को गढ़ा। उनकी टोन्ड बॉडी, जबरदस्त आत्मविश्वास और गुस्से से भरे एक्शन सीन्स ने दर्शकों को दीवाना बना दिया। फिल्म की इस जबरदस्त सफलता और उनकी दमदार, मर्दाना छवि के कारण ही इंडस्ट्री और मीडिया ने उन्हें ही-मैन ऑफ बॉलीवुड का नाम दिया।

ही-मैन केवल शारीरिक शक्ति के लिए नहीं, बल्कि जज्बे, बहादुरी और आंतरिक मजबूती को दर्शाता है। धर्मेंद्र ने न केवल अपनी शारीरिक ताकत से, बल्कि अपने किरदारों के माध्यम से भी इस उपाधि को सही साबित किया। जोखिम भरे स्टंट्स: धर्मेंद्र अपने स्टंट्स के लिए भी जाने जाते थे। उन्होंने खुद असली स्टंट्स करने का जोखिम उठाया, जैसे कि असली चीते के साथ भिड़ना, जिससे उनकी ही-मैन की छवि और मजबूत हुई।

धर्मेंद्र के जितने करीब उनके बच्चे रहे हैं, उतने ही करीब धर्मेंद्र भी अपने माता-पिता के थे। धर्मेन्द्र एक बार अपनी मां सतवंत कौर को याद करके भावुक हो गए थे। धर्मेन्द्र ने सोशल मीडिया पर एक बार अपनी मां से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा फैंस को सुनाया था। धर्मेन्द्र अक्सर सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करते रहते थे। एक बार उन्होंने अपनी मां सतवंत कौर को लेकर बात की थी और बताया था कि उनकी मां उनके कपघ्ड़ चुरा लेती थीं- लेकिन, इसका इस्तेमाल वो नेक काम में करती थी। धर्मेंद्र ने एक बार सोशल मीडिया पर मां को लेकर बात करते हुए बताया था कि उनकी मां उनके कपड़े अपने गांव में जरूरतमंद लोगों को दे देती थी। धर्मेन्द्र से उनसे उनकी मां कहा करती थी कि तू इतने कपड़ों का क्या करेगा। धर्मेंद्र ने बताया था कि मैं सनी से पूछता था कि यें पैंट कहां है- सनी कहता था- बीजी ले गई- मैं जब पंजाब में कहीं जाता था तो वो वहां के लोग मुझे बोलते थे कि पाजी आपका कोट है। मेरी मां बहुत महान थी।

धर्मेंद्र ने अपने 60 साल से ज्यादा के करियर में, जबरदस्त एक्शन फिल्मों से लेकर दिल छू जाने वाले और रोमांटिक किरदारों से दर्शकों का दिल जीता है। कभी वो कॉमेडी हीरो बनकर आए तो कभी उन्होंने लोगों को रुला तक दिया। अभिनय ऐसा कि जिसने धर्मेंद्र को देखा वो खुद को उनका मुरीद होने से रोक ना सका। 8 दिसंबर, 1935 को जन्मे धरम सिंह देओल ने 1960 में फिल्म दिल भी तेरा हम भी तेरे से अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की थी। उनके लुक्स, अपनी ऑनस्क्रीन अपीयरेंस और अपने स्वभाव से वह हमेशा देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक में मशहूर रहे। धर्मेंद्र की इमेज एक तरफ जहां रफ-टफ हीरो की रही, तो वहीं धरम पाजी का जलवा रोमांटिक हीरो के तौर पर भी अच्छा खास रहा।

1960 और 70 के दशक में धर्मेंद्र सुपरस्टार बने और मीना कुमारी, आशा पारेख और हेमा मालिनी समेत कई बड़ी अभिनेत्रियों के साथ उन्होंने रोमांस किया और रोमांटिक फिल्मों के जरिए वो दर्शकों के लिए रोमांस के बादशाह भी बने, तो वहीं बंदिनी, फूल और पत्थर और अनुपमा जैसी फिल्मों ने एक अभिनेता के रूप में एक नई पहचान दी। इन फिल्मों के जरिए उन्होंने पर्दे पर अपनी भावनाओं को उकेरा और एक अलग छवि भी पर्दे पर बनाई। साल 1966 में आई फिल्म फूल और पत्थर में उनकी भूमिका ने उन्हें पहली बड़ी सफलता दिलाई और एक मजबूत और संवे. दनशील हीरो बना दिया, जिसे देखने के बाद लोग मान गए कि धर्मेंद्र हर किरदार के लिए परफेक्ट हैं। साल 1975 में धर्मेंद्र को एक ऐसा स्टारडम मिला जिसके लिए उन्होंने लंबे वक्त तक इंतजार किया। दरअसल इस साल वह फिल्म शोले में नजर आए। शोले के साथ धर्मेंद्र की विरासत नई ऊंचाइयों पर पहुंची, जहां वीरू का उनका किरदार बॉलीवुड की जुंबा पर आ गया और यहीं से धर्मेंद्र को एक नया मिल गया, वीरू। इसके बाद उन्होंने चुपके-चुपके, यादों की बारात, ड्रीम गर्ल और धरमवीर जैसी कई हिट फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीता और अपनी धाक बॉक्स ऑफिस पर जमाए रखी।

रोमांटिक हीरो के तौर पर काम करने के बाद उन्होंने 80 और 90 के दशक में, एक्शन और देशभक्ति फिल्मों की ओर रुख किया। धर्मेंद्र ने अपने बेटों सनी और बॉबी देओल को लॉन्च करने में मदद करते हुए अपनी उसी भूमिका को बरक. रार रखा। कभी वह फिल्मों में दादाजी बने तो कभी पिताजी बने। कुल मिलाकर ऐसा हीरो अब इस दुनिया में आना मुश्किल है।

# कोलकाता में जीवन का हर रंग

1876 में बना कोल. काता का चिड़ियाघर 16 हेक्टेयर की भूमि में फैला है। यहां बनी झील साइबेरियन पक्षियों के लिए बेहत. रीन जगह है। कोल. काता की मेट्रो भारत की पहली भूमिगत रेल थी। हालांकि यह अब तक सिर्फ यह एकतरफा रूट पर चलती है। कोलकाता ट्रामवे भारत की एक अकेली ऐसी सेवा है जो सिर्फ कोलकाता में चलती है और एशिया की सबसे पुरानी विद्युत से चलने वाली ट्राम नेटवर्क है।

भारत के दूसरे महानगरों की तरह क्या आपने रात में जगमग कोलकाता को देखा है? अगर नहीं तो किसी भी सीजन में इस ऐतिहासिक शहर को देखने का कार्यक्रम जरूर बनाएं। यह दिल्ली से पहले इस देश की राजधानी रही है। पिछले दिनों विद्या बालन की फिल्म कहानी में दर्शकों ने कोलकाता शहर को देखा है। खासकर उस गीत आमी सोत्ती बोलती में, जिसे ऊषा उत्थुप ने स्वर दिया है। इस गीत में सम्पूर्ण कोलकाता की झांकी है। जिसमें कहा गया है कि यह शहर स्ट्रॉन्ग और पावरफुल है मगर फिर भी बेबस है। इस शहर की इससे बड़ी व्याख्या क्या हो सकती है कि यह चलता रहता है, मगर कहीं जाता नहीं। दरअसल कोलकाता अपने सीने में अंग्रेजों के जुल्म से लेकर बंगाल के विभाजन के दर्द को भी समेटे हुए है। इस शहर की सड़कों पर जीवन की खुशियों से लेकर दरिद्रता की उदासी भी दिखाई देती है। बावजूद इसके यह ऐसा शहर है जहां जीवन के हर रंग हैं।

हुगली नदी के किनारे बसा यह शहर सदियों से कवियों, लेखकों, फिल्म प्रोड्यसरों और नोबेल पुरस्कार विजेता का जनक माना जाता है। एक बार इस शहर को देखने के बाद यहां की खूबसूरत यादें भुलाएं नहीं भूलतीं। कोलकाता में संस्कृति के कई रूप देखने को मिलते हैं। यहां अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, मेट्रो, सर्कुलर रेल और ग्राउंड रेल यानि हर तरह की परिवहन सुविधा है। सियालदह स्टेशन भारत का सबसे बड़ा रेल हब है। कोलकाता का इतिहास ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के समय को भी दर्शाता है। 1690 में कोलकाता में पहली बार ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी आई थी और उसने 1772 में कोलकाता को अपनी राजधानी बनाया। जॉब चारनॉक को कोलकाता का जनक कहा जाता है। 1857 में यहां पहला आधुनिक भारतीय विश्वविद्यालय बना। स्वतंत्र संग्राम के दौरान आजादी के लिए राष्ट्रीय आंदोलन की शुरुआत भी यहीं से की गई थी। कोलकाता में देखने के लिए बहुत कुछ है। यहां का विक्टोरिया मेमोरियल को दूसरा ताजमहल माना जाता है। इसे कोलकाता की शान कहा जाता है। ब्रिटिश शासक लार्ड कर्जन ने रानी विक्टोरिया को समर्पित करते हुए सफेद मकराना पत्थर से यह घर बनवाया था। आज यहां का बगीचा युवाओं के लिए बेहद लो. कप्रिय जगह है। शाम में हिंदी और बंगाली में होने वाले साउंड और लाइट शो भी देखने लायक हैं। इसके अंदर उस समय की खूबसूरत चीजें रखी गई हैं। विश्व का सबसे बड़ा बिड़ला इटालियन शैली की बेहतरीन कारीगरी है, जिसमें अनोखे जीवांश्म, मिस्र की ममी और बहुत सारी चीजें रखी गई हैं। हावड़ा ब्रिज, भारत का सबसे बड़ा पुस्तकालय नेशनल लाइब्रेरी, सांइस सिटी, ईडन गार्डन, रवींद्र सरोवर यह सब कोलकाता में देखे जा सकते हैं। 1876 में बना कोलकाता का चिड़ियाघर 16 हेक्टेयर की भूमि में फैला है। यहां बनी झील साइबेरियन पक्षियों के लिए बेहतरीन जगह है। कोलक. ाता की मेट्रो भारत की पहली भूमिगत रेल थी। हालांकि यह अब तक सिर्फ यह एकतरफा रूट पर चलती है। कोलकाता ट्रामवे भारत की एक अकेली ऐसी सेवा है जो सिर्फ कोलकाता में चलती है और एशिया की सबसे पुरानी विद्युत से चलने वाली ट्राम नेटवर्क है। इस शहर के रिक्शे भी अनोखे हैं। इन रिक्शों को इंसान खींचते हैं। हालांकि 2006 में ऐसे रिक्शों पर पांबदी लग गई थी। मगर रिक्शा यूनियन के 35 हजार सदस्य इसे आज भी चला रहे हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि रिक्शों की दूरी कम कर दी गई है। कोलकाता में दशहरा उत्सव बेहद धूमधाम से मनाया जाता है। खूबसूरत पंडाल और भव्य प्रतिमाएं दुर्गा पूजा को बेहद आकर्षक



बनाती हैं। यहां का कालीघाट मंदिर हिंदुओं का शक्ति-पीठ माना जाता है। किवदंती के अनुसार इस जगह पर देवी पार्वती की उंगली कट कर गिर गई थी और तबसे यह शक्तिपीठ बन गया। 1809 में इस जगह पुननिर्माण किया गया और अब यहां शक्ति की देवी की पूजा की जाती है। 1847 में हुगली नदी के किनारे बना दक्षिणेश्वर काली मंदिर और बेलूर मठ भी दर्शनीय है। इसके अलावा रामकृष्ण मिशन इंस्टीट्यूट ऑफ कल्चर और नैखोडा मस्जिद भी देखी जा सकती हैं। बिडला प्लेनेटेरियम के बगल में है संत पॉल कैथेड्रल चर्च, जो 1839 और 1847 के बीच बना था। इस गिरजाघर की खूबसूरती देखते बनती है। इसके अलावा सेंट जॉन चर्च, अरमे. नियम चर्च, ओल्डमिशन चर्च और ग्रीक औरथोडॉक्स चर्च भी देखने लायक हैं। अरमेनियम चर्च कोलकाता में ईसाइयों का सबसे पुराना गिरजाघर है। कोलकाता भारत के सभी बड़े शहरों से रेल और हवाई यातायात से जुड़ा है। इसलिए यहां आसानी से पहुंचा जा सकता है। किसी भी मौसम में कोलकाता घूमने जाया जा सकता है। रात हो या दिन यह शहर हर समय खूबसूरत लगता है।

# पंचायत चुनाव की सरगर्मी के बीच एसआईआर



**यशोदा श्रीवास्तव**

यूपी में एस आई आर को लेकर उदासीन व लापरवाह विपक्ष के लिए पंचायत चुनाव की सरगर्मी राहत भरी है। चुनाव आयोग के गाइड लाइन के अनुसार राजनीतिक दलों को भी अपनी तरफ से बीएलओ 2 मनोनीत करने का अधिकार है। यूपी में ज्यादातर विपक्षी दल इसमें फिसड्डी दिख रहे हैं लेकिन पंचायत चुनाव में प्रधान पद के दावेदार एस आई आर को लेकर खूब सक्रीय हैं।वे एक तरह से विपक्षी दलों का काम आसान कर रहे हैं।

इसमें दो राय नहीं कि बिना किसी तैयारी के मात्र एक महीने में 25 करोड़ आबादी वाले उत्तर प्रदेश में एस आई आर कंप्लीट कर पाना बड़ी चुनौती है। इसमें विसंगतियों की जो भरमार है वह अलग। खेती किसानी और शादी विवाह के सीजन में सबकुछ भूलकर शहरी लोग हों या ग्रामीण किसान केवल अपना वोट बचाने के जतन में जुट गए हैं। चुनाव आयोग के इस अभियान में गांव के लोग जो अपेक्षाकृत जागरूक नहीं होते, एस आई आर का हिस्सा बन पाते हैं या नहीं, चुनाव आयोग का इससे कुछ लेना देना नहीं। चुनाव आयोग को यदि सचमुच इमानदारी से एस आई आर करानी होती तो वह समय, सीमा और लोगों की दिक्कतें जरूर ध्यान में रखता, लेकिन नहीं उसे तो एस आई आर की जैसे सनक सवार है। चुनाव आयोग के इस अभियान में बीएलओ से लेकर मतदाताओं को कितनी दिक्कतें हो रही है,यह बस्ती जिले के एक एसडीएम के झुंझलाहट से जाना जा सकता है जो बीएलओ की लापरवाही पर गुस्सा हो रहे थे। चुनाव आयोग द्वारा एस आई आर की



तय समय सीमा चंद रोज ही बची है। इस बीच पूरे यूपी में 50 प्रतिशत भी फार्म 6 और 7 लोगों तक नहीं पहुंच पाए हैं। नोएडा जहां मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बिटिया डीएम है, वहां की स्थिति तो और खराब है। खराब प्रगति से नाराज ज्ञानेश कुमार की डीएम बिटिया ने सख्त कदम उठाते हुए तमाम बीएलओ और अन्य संबंधित जनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का फरमान जारी किया है। फार्म 7 जो वोट विच्छेदन का जरूरी फार्म है, अधिकांश बीएलओ इसे जानते तक नहीं और न उन्हें ऐसा कोई प्रशिक्षण ही दिया गया। फार्म 7 के माध्यम से आप यदि दो जगह से वोटर हैं तो इच्छित एक जगह से कटवा सकते हैं। हालत ऐसी हो गई कि हर व्यक्ति अपना वोट बचाने के लिए बीएलओ को ढूंढता फिर रहा है। पहली बार ऐसा हो रहा है कि बिना किसी प्रशिक्षण के बीएलओ नामित कर उसे एस आई आर फार्म थमा दिया गया। चुनाव आयोग इस अभियान की जितनी गंभीरता समझता है, बीएलओ उससे एक दम अनजान हैं। विपक्ष को इस अभियान में सत्ता पक्ष से दो कदम आगे होना चाहिए क्योंकि वोट काटने या वोट चोरी को लेकर वही सबसे ज्यादा मुखर है। यूपी में इस अभियान में विपक्ष गायब है। ऐसे में वे लोग जिन्हें अपना वोट काटे जाने का डर है, खुद ही अपने वोट की रखवाली करें। सवाल उठता है कि एस आई आर अभियान में गैर भाजपा राजनीतिक दलों की उदासीनता क्यों है? फिलहाल यूपी के लिए इसका जवाब है मैं क्यों और मैं ही क्यों? गौरतलब है की सभी राजनीतिक दलों में विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा चुनाव टिकट और प्रत्याशी दोनों उहापोह में रहते हैं।

गैर भाजपा दलों के पास आर एस एस, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल सहित अन्य तमाम हिंदू संगठनों जैसा कोई संगठन नहीं है जो निस्वार्थ भाव से अपना काम कर सके। भाजपा समर्थक इन तमाम हिंदू संगठनों को न तो चुनाव की चिंता रहती है और न ही टिकट की सो उन्हें जिस काम की जिम्मेदारी सौंपी जाती है,उसे वे पूरी इमानदारी और निष्ठा पूर्वक करते हैं। गैर भाजपा दल चाहे कांग्रेस हो सपा, बसपा या अन्य पार्टियां उनके पास कहां है ऐसा निष्ठावान व ईमानदार संगठन? इसके इतर सपा और कांग्रेस खाना पूर्ति में लगे हैं। गठबंधन की राजनीति इसमें सबसे बड़ी बाधा है। चुनाव के दरम्यान किस सीट पर गठबंधन का कौन उम्मीदवार टपक पड़ता है कोई ठिकाना नहीं। ऐसे में बड़ा पेंच हम क्यों और हम ही क्योंष को लेकर ही फंसा हुआ है। गैर भाजपा राजनीतिक दलों के कई नेताओं से बात हुई तो यही मसला सामने आया। खासकर सपा और कांग्रेस खेमे से। यूपी में सपा और कांग्रेस अभी गठबंधन में हैं। विधानसभा चुनाव में भी यह रहेगा, इसकी संभावना ज्यादा है। जिन सीटों पर सपा के विधायक हैं वहां तो ठीक है। वे एस आई आर को लेकर सक्रीय हैं लेकिन जिन सीटों पर सपा नहीं है वहां हालत ठीक नहीं है। ऐसी सीटों पर न तो कांग्रेस सक्रीय हैं और न ही सपा। इसलिए कि मेहनत हम करें और टिकट फलां को मिल जाए! लोकसभा की कई सीटों पर सपा हारी है, वहां दूर दराज से उम्मीदवार थोप दिए गए थे, इस अभियान में वे लापता हैं। 2027 में विधानसभा चुनाव है। जिन तमाम सीटों पर सपा या कांग्रेस नहीं है, वहां का हाल बुरा है।

एस आई आर को लेकर कांग्रेस के जिला अध्यक्षों पर खासा दबाव है। केंद्रीय कार्यालय से रोज कोई न कोई निर्देश प्राप्त हो रहे हैं। प्रतिदिन कोई न कोई कांग्रेस का पदाधिकारी जिला अध्यक्षों से जूम मीटिंग कर रहा है। लेकिन वे बेचारे करें क्या,उनका संगठन ही कमजोर है। सांगठनिक तौर पर यूपी में कांग्रेस की स्थिति यही है। अब जब चार दिसंबर यानी एस आई आर की समय सीमा खत्म होने को है तो नहीं लगता कि भाजपा को छोड़ कोई अन्य दल अपनी सक्रीयता साबित कर पाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



नई दिल्ली। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते अफगानिस्तान के वाणिज्य व उद्योग मंत्री अलहाज नूरुद्दीन अजीजी।

## इजरायल ने हवाई हमले में वरिष्ठ हिजबुल्लाह कमांडर को मार गिराया

**यरूशलम।** इजरायली सेना और लेबनानी समूह ने कहा कि बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में रविवार को हुए एक इजरायली हवाई हमले में वरिष्ठ हिजबुल्लाह कमांडर हेथम अली अल-तब्ताबी की मौत हो गई। यह एक हाई-प्रोफाइल हत्या है जो एक साल पुराने युद्धविराम को और तनावपूर्ण बना रही है। हिजबुल्लाह ने अल-तब्ताबी की मौत की पुष्टि की है, जिसे उसने हारेत हरेक जिले पर 'विश्वासघाती इजरायली हमला' करार दिया है। उसने कहा कि वह 'लेबनान और उसके लोगों के लिए बलिदान' देते हुए शहीद हो गया।


## एफबीआई चीफ काश पटेल ने गर्लफ्रेंड को कमांडो सुरक्षा दिलवाई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीक्रेट एजेंसी एफबीआई के भारतवंशी डायरेक्टर काश पटेल गर्लफ्रेंड को सरकारी सुरक्षा दिलवाने को लेकर विवादों में घिर गए हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड एलेक्सिस विल्किंस को स्वाट कमांडो (स्पेशल वेपन एंड टेक्टिस) सुरक्षा दी और सरकारी रिसोर्स का गलत इस्तेमाल किया। उन पर यह भी आरोप है कि उन्होंने 12 प्राइवेट टूर के लिए सरकारी जेट का इस्तेमाल किया। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि क्या वे टैक्सपेयर्स के पैसों से मिलने वाले रिसोर्स को निजी रिश्ते पर खर्च कर रहे हैं। एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल के शपथ ग्रहण समारोह में एलेक्सिस विल्किंस। दोनों तीन साल से रिश्ते में हैं। विवाद की शुरुआत अटलांटा में नेशनल राइफल एसोसिएशन की सालाना समिट से मानी जा रही है।

# परमाणु हथियारों की तस्करी कर रहे थे अब्दुल कादिर

## अमेरिकी खुफिया एजेंसी के अफसर का अहम खुलासा: मुशर्रफ को पता चला तो बोले: मार डालूंगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी जेम्स लालर ने पाकिस्तानी साइंटिस्ट डा. अब्दुल कादिर खान के न्यूक्लियर स्मगलिंग नेटवर्क को लेकर कई खुलासे किए हैं।



■ सीआईए चीफ जार्ज टेनेट ने पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को तस्करी की जानकारी दी: लालर

लालर ने बताया कि शुरू में अमेरिका को लगा था कि कादिर खान सिर्फ पाकिस्तान के लिए परमाणु ब्लूप्रिंट बना रहा है, लेकिन बाद में पता चला कि वह लीबिया, ईरान जैसे कई देशों को परमाणु तकनीक और हथियार बनाने का सामान अवैध तरीके से बेच रहा था। लालर ने कहा कि हम बहुत देर से जागे। हमें अंदा. जा ही नहीं था कि वह इतना बड़ा तस्कर बन जाएगा। सरकार के मिलीभगत पर लालर ने कहा कि खान कुछ पाकिस्तानी जनरलों और नेताओं को रिश्वत देते थे। लालर ने बताया कि सीआईए चीफ जार्ज टेनेट ने पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को तस्करी की जानकारी दी। मुशर्रफ ये बात सुनते ही गुस्सा हो गए और खान को गाली देते हुए जान से मार डालने की बात कही। सीआईए अधिकारी जेम्स लालर कादिर खान को 'मौत का सौदागर' बुलाते थे। कादिर खान को पाकिस्तान में न्यूक्लियर प्रोग्राम का जनक माना जाता है। वहीं, जेम्स लालर को कादिर खान के परमाणु तस्करी नेटवर्क को खत्म करने का श्रेय दिया जाता है। लालर ने बताया कि उन्होंने कादिर खान को 'मौत का सौदागर' नाम दिया था। कादिर खान का नेटवर्क इतना बड़ा था कि पूरी दुनिया में परमाणु बम बनाने की मशीनें, ब्लू-प्रिंट, सेंट्रीफ्यूज और यूरेनियम समृद्ध करने की तकनीक अवैध तरीके से सप्लाई कर रहा था। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अधिकारी जेम्स लालर ने बताया कि कादिर खान ने अकेले अपने दम पर दुनिया का सबसे खतरनाक परमाणु ब्लैक मार्केट चलाया। शुरू में सीआईए को लगा कि खान सिर्फ पाकिस्तान के लिए सामान चुरा रहा है, लेकिन 1990 के दशक में पता चला कि अब परमाणु हथियार बेच भी रहा है। जेम्स लालर की टीम को खान के नेटवर्क में घुसने का काम सौंपा गया। टीम ने स्विट्जरलैंड, जर्मनी, दुबई और मलेशिया में फर्जी कंपनियां बनाईं जो बाहर से बिल्कुल असली लगती थीं। ये कंपनियां परमाणु डिवाइस बेचने का काम करने लगी। खान के लोग इस कंपनी को असली समझकर आर्डर करने आने लगे। इस तरह सीआईए ने खान के पूरे नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाना शुरू कर दिया। लालर ने कहा कि अगर हमें तस्करों को हराना था, तो हमें खुद तस्कर बनना पड़ा। इन फर्जी कंपनियों से खराब वाले पार्ट्स भेजे जाते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रॉयल नेवी ने ब्रिटिश तट के पास रूसी जहाजों को रोका

**लंदन।** रॉयल नेवी ने इंग्लिश चैनल से गुजरने के बाद एक रूसी जंगी जहाज और टैंकर का पीछा कर उनको रोका है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रीलय ने कहा कि पिछले दो सालों में ब्रिटेन के समुद्री सीमा के आस-पास रूसी नौ सेना सक्रियता 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। मंत्रालय के मुताबिक, पेट्रोल वेसल एमएमएस सेवर्न ने आरएफएन स्टोइकी कॉर्वेट और उसके साथ चल रहे एक टैंकर पर उस समय नजर रखी, जब वे डोवर स्ट्रेट से गुजरे और फिर इंग्लिश चैनल से पश्चिम की ओर जा रहे थे।

### इराकी सुन्नी पार्टियों ने परिषद का गठन किया

**बगदाद।** इराक की प्रमुख सुन्नी मुस्लिम राजनीतिक पार्टियों ने हाल के संसदीय चुनावों के बाद अपनी स्थिति और एकजुटता को मजबूत करने के लिए एक एकीकृत 'राष्ट्रीय राजनीतिक परिषद' के गठन की घोषणा की है। परिषद का उद्देश्य सरकार गठन, स्पीकर के चयन और सुन्नी सहयोगी दलों के अधिकारों की रक्षा करना और उनके रुख को एकजुट करना है। इसकी घोषणा सॉवरेनिटी (अल-सियादा) गठबंधन प्रमुख खामिस अल-खंजर की बुलाई गई बैठक के बाद की गई जिसने 11 नवम्बर के आम चुनाव में काफी सीटें हासिल की थीं।

### रूस ने रातों रात 93 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया

**मॉस्को।** रूस के काला सागर और अजोव सागर सहित चार क्षेत्रों के पर आए यूक्रेन के 93 ड्रोनों को रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को अपने बयान में कहा कि बीती रात ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 93 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानवर. हत हवाई वाहनों को रोककर नष्ट कर दिया। बयान में बताया गया कि इनमें से 45 ड्रोन बेल्गोरोद क्षेत्र के ऊपर, नौ ड्रोन क्रास्नोदार क्षेत्र में और सात ड्रोन निज्नी नोवगोरोड क्षेत्र के ऊपर मार गिराए गए।

## भारतीय रक्षा मंत्री ने सिंध को एक बार फिर ला दिया चर्चा में

# राजनाथ के बयान से पाक में बढ़ी बेचैनी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बार फिर सिंध को चर्चा में ला दिया है। उन्होंने रविवार को दिल्ली में आयोजित हुए सिंधी सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंध इलाके को लेकर जो कहा उसकी गूंज फौरन ही पाकिस्तान में भी सुनाई दी। सिंह ने कहा सिंध, भारत का हिस्सा भले ही न हो लेकिन सभ्यतागत रूप से हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा।

जहां तक जमीन की बात है, बार्डर तो बदल सकते हैं, क्या पता फिर से सिंध, भारत में वापस आ जाए। सिंह के इसी बयान पर पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसे बयान एक विस्तारवादी हिंदुत्व सोच को दिखाते हैं, जो स्थापित हकीकतों को चुनौते देते हैं और अंतर्राष्ट्रीय कानून, मान्यता प्राप्त सीमाओं और देशों की संप्रभुता का उल्लंघन करते है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम राजनाथ सिंह और अन्य भारतीय नेताओं से अपील करते हैं कि वे ऐसे उकसाने वाले बयान न दें जो क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को खतरे में डालते हैं। सिंह ने यह भी कहा कि विभाजन के बाद सिंधी समाज ने भारत में शून्य से शुरुआत की, लेकिन अपने परिश्रम और साहस से सफलता के नए आयाम स्थापित किए। आज भारत ही नहीं, दुनिया भर में सिंधी समुदाय समाज निर्माण के विभिन्न कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इतिहास गवाह है कि भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी इन्होंने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। गौरतलब है कि जब अंग्रेजों का भारत पर कब्जा था तो सिंध का इलाका बॉम्बे प्रांत (महाराष्ट्र-गुजरात) का हिस्सा था। जब 1947 में स्वतंत्रता मिली तो सिंध पाकिस्तान को मिल गया और सिधियों का भारत में पलायन हुआ। पंजाबियों के साथ साथ लाखों सिंधी लोग भारत आ गए। भारत पहुंचकर वे मुंबई, पुणे, अजमेर, भोपाल, दिल्ली, अहमदाबाद जैसे शहरों में बस गए। पाकिस्तान से आए सिंधी लोग आज भी यह कहते हैं, 'हम तो सिंध छोड़ आए, पर सिंध हमारे भीतर अब भी बसता है। यह घटना ठीक वैसे ही हुई जब ईरान मे इस्लाम के बढ़ते नियंत्रण के कारण वहां के मूल निवासी पारसी, अपनी जमीन छोड़ कर महाराष्ट्र-गुजरात आ बसे थे। ऐसा नहीं है कि सिंध इलाके के लोगों ने कभी भी पाकिस्तान से अपनी आजादी का सपना नहीं देखा। पाकिस्तान से बंगलादेश के अलग होने, बलूचिस्तान के अपनी आजादी के ऐलान के शोर के बीच भले ही सिंध की बढ़ती राष्ट्रवादी आकांक्षाएं उतनी न सुनाई देती हों लेकिन दक्षिण एशिया के भू-राजनीतिक परिदृश्य में उनको अनसुना नहीं किया जा सकता। सिंध, जो सदियों से मानवीय सभ्यता और समृद्ध संस्कृति का केंद्र रहा है, आज एक अपने लिए एक मुल्क 'सिंध देश' की मांग के साथ एक नए मोड़ पर खड़ा है। सिंध का इतिहास ही इसकी पहचान का आधार है। यह वह भूमि है जहां भारतीय मानव सभ्यता ने सबसे पहले आंखें खोलीं। सभ्यता का जनक मोहनजोदड़ो शहर माना जाता है, जो सिंध के लरकाना जिले में स्थित है। यह तथ्य सिंध को एक अद्वितीय ऐतिहासिक महत्व प्रदान करता है। यहां के इतिहास की दूसरी महत्वपूर्ण कड़ी तब जुड़ती है जब यूनानी शासक सिकंदर ने यहां कब्जा किया, लेकिन उसका नियंत्रण ज्यादा नहीं चला और शीघ्र ही यह क्षेत्र बिहार के महान मौर्य सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के नियंत्रण में आ गया।



कहा: सिंध, भारत का हिस्सा भले ही न हो, लेकिन सभ्यतागत रूप से हमेशा भारत का ही हिस्सा रहेगा

ऐसे बयान अंतर्राष्ट्रीय कानून मान्यता प्राप्त सीमाओं व देशों की संप्रभुता का उल्लंघन करते हैं: पाक

## भारत ने विकसित देशों को जलवायु फंडिंग बढ़ाने की याद दिलाई

**बेलेम (ब्राजील)।** भारत ने जलवायु फंडिग बढ़ाने की दिशा में अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि विकसित देशों से वित्तीय संसाधनों के बिना विकासशील देश राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान(एनडीसी) के कार्बन उत्सर्जन में कटौती के लक्ष्य को पूरा नहीं कर सकते। उल्लेखनीय है कि एनडीसी पेरिस समझौते के तहत राष्ट्रीय जलवायु योजनाएं हैं, जो उत्सर्जन में कटौती करने और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने के लक्ष्य निर्धारित करती हैं। पेरिस समझौते के तहत सभी देश मिलकर उत्सर्जन कम करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए एक साथ काम करने पर सहमत हुए। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने जलवायु फंडिंग पर अनुच्छेद 9-1 को आगे बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि तीन दशक पहले रियो में किए गए वादों को अब पूरा किया जाना चाहिए। भारत ने न्यायोचित परिवर्तन तंत्र 'जस्ट ट्रांजिशन मैकेनिज्म' की स्थापना को कॉप-30 का महत्वपूर्ण परिणाम बताया।

## पाकिस्तान आर्मी हेडक्वार्टर में आत्मघाती हमला, छह की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पेशावर में सोमवार सुबह फ्रंटियर कान्स्टेबुलरी (एफसी) मुख्यालय पर हुए आत्मघाती हमले में 6 लोग मारे गए, जिनमें 3 कमांडो और 3 हमलावर शामिल हैं। कई लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस की प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक हमलावर खुद को चादर से ढककर पहुंचा था। उसने चौकी पर पहुंचते ही खुद को उड़ा लिया। इसमें 3 पुलिसकर्मी मारे गए।

■ मृतकों में तीन कमांडो और तीन हमलावर भी शामिल हैं, हमले में कई लोग घायल भी हुए
■ रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले के समय परेड चल रही थी

पेशावर कैपिटल सिटी के पुलिस अधिकारी डा. मियां सईद ने बताया कि विस्फोट के बाद मौके का फायदा उठाकर 2 और हमलावर कांस्टेबुलरी हेडक्वार्टर के कैंपस में घुसने में कामयाब हो गए। दोनों राइफलों और हथगोले से लैस थे। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने हमलावरों से मुठभेड़ की और उन्हें मार गिराया। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले के समय परेड चल रही थी। सईद ने बताया कि समय पर हुई कार्रवाई से हमलाव. रों को बड़ी घटना करने से रोकने में मदद मिली। पाकिस्तान फौज ने आरोप लगाया है कि इस हमले के पीछे भारतीय प्राक्सी फितना-उल-खवारिज जिम्मेदार है। यह शब्द पाकिस्तान तालिबान टीटीपी के लड़ाकों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। एफसी पाकिस्तान की एक सिविल मिलिट्री फोर्स है, जिसका मुख्यालय एक भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित है और सैन्य कैंटोनमेंट के करीब है। एक अधिकारी ने मीडिया से कहा कि सेना और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और हालात को संभाल रहे हैं, क्योंकि हमें शक है कि हेडक्वार्टर के अंदर कुछ हमलावर हैं। हमले के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर कई वीडियो सामने आए, जिनमें दावा किया गया कि एफसी चौक मुख्य सदर में विस्फोटों की आवाज सुनी गई। पाकिस्तान में हाल के महीनों में, खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकी घटनाओं में तेज बढ़ोतरी देखी गई है। सितंबर में भी खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में एफसी मुख्यालय पर हमले की कोशिश हुई थी, जिसमें छह सैनिक मारे गए थे और पांच हमलावरों की मौत हुई थी।

## थाइलैंड में बारिश ने 300 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

**बैंकाक।** थाईलैंड में बारिश ने 300 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इसके चलते दस राज्यों में भीषण बाढ़ आ गई है। मौसम विभाग और रायल इरिगेशन डिपार्टमेंट (आरआईडी) के मुताबिक तेज मानसून ट्रफ और लो-प्रेशर सिस्टम के कारण पिछले कई दिनों से भारी बारिश हो रही है। कई जगहों पर 24 घंटे के भीतर 300 से 500 मिमी तक बारिश दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा नुकसान सोंगखला प्रांत के हाट याई शहर में हुआ। यहां 21 नवम्बर को 335 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इससे घरों, दुक. ानों और सड़कों में भारी नुकसान हुआ। कई स्थानों पर लोग घरों में फंसे हुए हैं और रेस्क्यू टीमें उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ले जाने में जुटी हैं। स्थानीय प्रशासन ने कहा है कि स्थिति पर करीब से नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ते ही अतिरिक्त रेस्क्यू बल तैनात किए जाएंगे। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में भी दक्षिणी हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी है।




■ 24 घंटे में 335 मिमी बारिश हुई

## रूस ने पोक्रोव्सक के अधिकतर हिस्से पर किया कब्जा

**मॉस्को।** पोक्रोव्स्क के ज्यादातर हिस्सों पर रूसी सेना ने नियंत्रण कर लिया है और यूक्रेनी सैनिक वहां घिर गए हैं। यूक्रेनी सैनिकों को वहां भारी नुकसान हो रहा है। डोनेट्स्क पीपल्स रिपब्लिक (डीपीएस) प्रमुख डेनिस पुशिलिन ने यह जानकारी उपलब्ध कराई। पुशि. लिन ने रोसिया 24 ब्रॉडकास्टर को बताया कि पोक्रोव्स्क की तरफ दुश्मन को कुचलने की कोशिशें जारी हैं। दुश्मन घिरे हुए हैं और उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। डीपीएस प्रमुख ने कहा कि रूसी सेना पोक्रोव्स्क के साथ-साथ दिमित्रोव (मिरनो. हराद) इलाके को तेजी से आजाद कराने के लिए एक और दिशा से आगे बढ़ रही है।

# कनाडा में भारतवंशियों को मिलेगी बड़ी राहत

## अमेरिका की सख्ती का लाभ उठाने के लिए नागरिकता कानून बदलेगी कनाडा सरकार

**ओटावा।** कनाडा ने अपने नागरिकता कानून में बड़ा और बेहद अहम सुधार करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। सिटिजनशिप एक्ट में बदलाव करने वाला बिल सी-3 अब शाही स्वीकृति पा चुका है। यानी कानून बदलने की राह लगभग साफ हो गई है।

यह बदलाव खासकर उन भारतीय मूल के हजारों परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आने वाला है, जिनके बच्चे विदेश में जन्म लेने या गोद लिए जाने की वजह से नागरिकता से वंचित रह जाते थे। बिल सी-3 लागू होने के बाद, वे लोग भी कनाडाई नागरिकता पा सकेंगे, जो पहले पुराने कानूनों की वजह से बाहर रह गए थे, जबकि वे हकदार थे। किसी कनाडाई माता-पिता का बच्चा, जिसका जन्म या गोद लिए जाने की प्रक्रिया कनाडा के बाहर हुई है, अब नागरिकता पा सकेगा: यदि माता-पिता का कनाडा से ठोस संबंध साबित होता है। यह बदलाव सीधे उस पहली पीढ़ी की सीमा को राहत देता है, जिसे 2009 में लागू किया गया था। इस सीमा के कारण, यदि किसी कनाडाई माता-पिता का जन्म भी विदेश में हुआ था, तो उनके विदेश में जन्मे बच्चे को नागरिकता नहीं मिलती थी। यही नियम भारतीय मूल के कनाडाई परिवारों के लिए बड़ी परेशानी बना हुआ था। दिसम्बर 2023 में, ओंटारियो सुपी. रियर कोर्ट ने इस नियम को असंवैधानिक बताया था और कहा था कि इससे बच्चों के अधिकार गंभीर रूप से प्रभावित होते हैं। सरकार ने कोर्ट के फैसले को चुनौती नहीं दी, बल्कि माना कि यह नियम आधुनिक परिवारों की वास्तविकताओं से मेल नहीं खाता। कनाडा की इमिग्रेशन मंत्री लेना मेतलेगे दियाब ने कहा कि यह बिल हमारे नागरिकता कानून में पुराने घावों को भरेगा। यह उन परिवारों के लिए न्याय लेकर आएगा जिनके बच्चों को पहले की गलतियों की वजह से नागरिकता नहीं मिल पाती थी। 'लॉस्ट कैनेडियन्स' के संस्थापक डॉन चैपमैन ने भी कहा कि सरकार ने आधु. निक, वैश्विक जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए यह सुधार कर सही कदम उठाया है। यह बिल अब पूरी तरह से तैयार है, लेकिन इसे लागू करने की तारीख कनाडाई सरकार ऑर्डर इन काउंसिल के जरिए जल्द घोषित करेगी। तब तक पुराने नियम से प्रभावित लोगों के लिए अंतरिम व्यवस्था लागू रहेगी।



■ दिसम्बर 2023 में ओंटारियो सुपीरियर कोर्ट ने इस नियम को असंवैधानिक बताया था

# इजरायल में 9 टॉप अफसर सेना से बर्खास्त

## दो साल पहले हमास का हमला रोकने में नाकाम रहे थे, 1200 इजरायलियों की जान गई थी

**तेल अवीव।** इजरायल में 9 टॉप सैन्य अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के चीफ आफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एयाल जामिर ने कहा कि ये अधिकारी हमास के हमले को रोकने में नाकाम रहे थे। 7 अक्टूबर 2023 को हुए इस हमले में 1200 से ज्यादा इजरायली लोगों की मौत हुई थी।

इजरायल में हमास हमले को लेकर हुई सुरक्षा चूक और उसकी निष्पक्ष जांच को लेकर रविवार को प्रदर्शन हुए। इसमें कम से कम 5 लाख लोग शामिल हुए। इसके बाद से सरकार पर इन अधिकारियों को बर्खास्त करने का दबाव बढ़ गया था। आईडीएफ चीफ जामिर ने रविवार को इन अफसरों को मीटिंग के लिए बुलाया और उनकी बर्खास्तगी का फैसला सुनाया। इस दौरान कई अफसरों को फटकार भी लगाई गई। जामिर ने कहा कि वे एक्सपर्ट की जांच रिपोर्ट के आधार पर कमांडरों के खिलाफ फैसले भी लेंगे। हालांकि बर्खास्त किए गए ज्यादातर अधिकारियों ने पहले ही सेना छोड़ दी है। जिन अधिकारियों को फटकार लगी है, वे अपनी मौजूदा पोस्ट पर अपना कार्यकाल पूरा होने तक काम करते रहेंगे। अपने फैसले के बाद आईडीएफ चीफ ने बयान जारी कर कहा: ऐसे फैसले लेना आसान नहीं है, क्योंकि ये उन लोगों को प्रभावित करते हैं जिन्हें मैं बहुत मानता हूं और जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी देश की सुरक्षा में लगा दी। उन्होंने आगे कहा कि मैं इनके साथ दशकों तक लड़ाइयां लड़ चुका हूं। इसके बावजूद मेरे सामने जिम्मेदारी तय करने का कर्तव्य है। ये फैसले हम खुद नहीं चुनते बल्कि बतौर कमांडर हमें उठानी पड़ती है। आईडीएफ चीफ ने आगे कहा कि अगर हम जिम्मेदारी तय नहीं करेंगे, तो सिस्टम पर लोगों का भरोसा कम होगा। यह भरोसा ही हमारी लड़ाई, हमारी जीत और देश की रक्षा की नींव है। जामिर ने यह भी कहा कि जिन अफसरों को बर्खास्त या फटकारा गया है, वे हमारे बेहतरीन कमांडरों में से हैं। इन सभी ने अपनी जिंदगी का बड़ा हिस्सा आईडीएफ और इजरायल के लिए दिया है।



■ बर्खास्त किए गए ज्यादातर अधिकारियों ने पहले ही सेना छोड़ दी है

## चीन ने अरुणाचल में जन्मी महिला का पासपोर्ट इनवैलिड बताया

**बीजिंग।** ब्रिटेन में रहने वाली भारतीय मूल की महिला पेम वांगजाम ने आरोप लगाया है कि चीन के शंघाई एयरपोर्ट पर चीनी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें घंटों तक रोके रखा और परेशान किया। प्रेमा ने कहा कि चीनी अधिकारियों ने उनका भारतीय पासपोर्ट मानने से इन्कार कर दिया, क्योंकि उसमें जन्मस्थान के तौर पर अरूणाचल प्रदेश लिखा हुआ था। वह 21 नवम्बर को लंदन से जापान जा रही थी।

शंघाई पुडोंग एयरपोर्ट पर उनका 3 घंटे का ट्रांजिट था। पेम ने आरोप लगाया कि इमिग्रेशन काउंटर पर अधिकारियों ने उनका पासपोर्ट 'इनवैलिड' बता दिया और कहा कि अरुणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है। उनसे 18 घंटे पूछताछ की गई और उनका मजाक उड़ाया गया। पेम ने पीएम मोदी और दूसरे सीनियर अधिकारियों को इससे जुड़ी शिकायती चिट्ठी लिखी है और इस बर्ताव को भारत की संप्रभुता और अरूणाचल प्रदेश के नागरिकों का अपमान बताया है। पेम ने आरोप लगाया कि उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया और लीगल वीजा होने के बावजूद उन्हें जापान जाने वाली अगली फ्लाइट में चढ़ने नहीं दिया गया। पेम ने यह भी आरोप लगाया कि वहां मौजूद कई इमिग्रेशन अधिकारी और चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस के कर्मचारी उनके साथ मजाक करते रहे, हंसते रहे और उससे चीनी पासपोर्ट के लिए अप्लाई करने का तंज कसा।

■ चीनी इमिग्रेशन अधिकारियों ने कहा: ये राज्य चीन का हिस्सा महिला ने पीएम मोदी को शिकायती चिट्ठी लिखी


यौन समस्याएं



यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108